श्री यतिवृषभाचार्यविरचित

तिलोय-पण्णत्ती

(त्रिलोक-प्रज्ञप्ति)

भाग १



जीवराज जैन ग्रन्थमाला

१

प्रकाशक

जैन संस्कृति संरक्षक संघ,

शोलापुर

वि. सं. २०००

Jivaraja Jaina Granthamala No. 1.

General Editors :

Prof. **A. N. Upadhye** & Prof. **H. L. Jain.**

JADIVASAHA'S

TILOYA-PAṆṆATTĪ

(An Ancient Prakrit Text Dealing with Jaina Cosmography, Dogmatics etc.)

Authentically edited for the first time with Various Readings etc.

By

Prof. **A. N. Upadhye,** M. A., D. Litt.,
Rajaram College, Kolhapur.

Prof. **Hiralal Jain,** M. A., LL. B.,
King Edward College, Amraoti.

With the Hindi paraphrase of

Pt. Balchandra, Siddhantaśāstri.

PART I

Published by

Jaina Samskrti Samraksaka Samgha,

Sholapur.

1943

Price Rupees Twelve only.

Published by—

Jaina Saṁskṛti Saṁrakṣaka Saṁgha,

Sholapur.

Printed by—

T. M. Patil, *Manager*,

Saraswati Printing Press,

AMRAOTI (Berar)

श्री

जीवराज-जैन-ग्रन्थमालायाः प्रथमो ग्रन्थः

ग्रन्थमाला-संपादकौ

प्रो. आदिनाथ उपाध्यायः ★ प्रो. हीरालालो जैनः

श्री-यतिवृषभाचार्य-विरचिता

तिलोय-पण्णत्ती

(त्रिलोक-प्रज्ञप्तिः)

(जैन-लोकज्ञान-सिद्धान्तविषयकः प्राचीनः प्राकृतग्रंथः)

प्रामाणिकरीत्या प्रथमवारं पाठान्तरादिभिः

प्रो. आदिनाथ उपाध्याय,
एम्. ए., डी. लिट्,
राजाराम कालेज, कोल्हापुर.

प्रो. हीरालाल जैन,
एम्. ए., एलूएल्. बी.,
किंग एडवर्ड कालेज, अमरावती.

इत्येताभ्याम्

पंडित-बालचन्द्र-सिद्धान्तशास्त्रि-

कृतहिन्दीभाषानुवादेन सह

संपादिता.

प्रथमो भागः

प्रकाशकः

शोलापुरीयो जैन-संस्कृति-संरक्षक-संघः

वि. सं. १९९९] वीर-निर्वाण-संवत् २४६९ [ई. स. १९४३

मूल्यं रूप्यकद्वादशकम्

प्रकाशक—

जैन संस्कृति संरक्षक संघ,

शोलापुर.

संघका उद्देश—

प्राचीन दिगंबर जैन ग्रंथ प्रकाशन, इतिहास संशोधन, ग्रंथ सूची निर्माण, पत्र प्रकाशन आदि।

प्रबंध समिति—

श्री १०५ क्षुल्लक समन्तभद्रजी,
(अध्यक्ष).

ब्र. जीवराज गौतमचंदजी, शोलापुर.

श्रीमान् गुलाबचंद हीराचंदजी दोशी,
शोलापुर.

प्रो. हीरालालजी जैन,
एम्. ए., एल्एल्. बी.,
अमरावती.

पं. सुमेरचन्द्रजी दिवाकर,
बी. ए., एल्एल्. बी., शिवनी.

पं. महेन्द्रकुमार न्यायाचार्य, काशी.

डॉ. आदिनाथ ने. उपाध्ये,
एम्. ए., डी. लिट्.,
कोल्हापुर (मंत्री).

मुद्रक—

टी. एम्. पाटील,

मैनेजर,

सरस्वती प्रिंटिंग प्रेस, अमरावती.

तिलोय-पण्णत्ती—



ब्रह्मचारी जीवराज गौतमचन्दजी दोशी, शोलापुर,
संस्थापक, जैन संस्कृति संरक्षक संघ, और जीवराज जैन ग्रन्थमाला.

हृद्गत

जिस संस्थाकी ओरसे इस ग्रंथका प्रकाशन हो रहा है उस जैन संस्कृति संरक्षक संघकी स्थापना एक पवित्र और महान् उद्देशको लेकर हुई है। इस ग्रंथरत्नका प्रकाशन उस महान् कार्यका अंशमात्र है जिसमें निमित्तरूपसे कारण होनेका सुयोग मुझे प्राप्त हुआ है। इसे मैं अपना सौभाग्य समझता हूं। ग्रंथका सुचारु रूपसे सम्पादन अनुवादादिकी जिम्मेदारी बड़ी भारी है। यह मालाका सौभाग्य है कि मालाके सम्पादन कार्यके लिये विद्वद्वर्य श्री. डा. आदिनाथ नेमिनाथ उपाध्याय तथा प्रो. हीरालालजी जैन जैसे सिद्धहस्त, अधिकार सम्पन्न, अनुभवी सम्पादक प्राप्त हुए। आज विद्वत्संसारके सम्मुख प्रस्तुत ग्रंथरत्न उत्तमत्तासे आ रहा है, इसका सारा श्रेय इन महाशयोंके अनुपम त्याग और वर्षोंके परिश्रमका है जिसके लिये सारा समाज उनका ऋणी और कृतज्ञ रहेगा। परमात्मासे मेरी प्रार्थना है कि डाक्टरसाहब तथा प्रोफेसरसाहब दोनोंको दीर्घायु, आरोग्य और सुखशान्तिका लाभ होते हुए उनके द्वारा जिनवाणीकी सच्ची सेवा व्यापक और अविच्छिन्न रूपसे होती रहे।

ब्र. जीवराज गौतमचन्द

विषय सूची

PREFACE

The Tiloyapaṇṇatti (Sk. Trilokaprajñapti) of Jadivasaha (Sk. Yativṛṣabha) is an ancient Jaina text, in Prākrit, mainly dealing with cosmography. Incidentally it contains a good deal of varied information about Jaina dogmatics, mythology and chronology. Indian cosmography, to which Jaina cosmography can not be an exception, is apparently a dry subject full of technical details, some of them not quite congenial with the outlook of modern knowledge, which have no urgent attraction for an Indologist. The number of scholars interested in this subject is very small; and as far as we know, Kirfel's monograph (Die Kosmographie der Inder, Bonn. U. Leipzig 1920, pp. 208-340) is the only authoritative treatise which presents Jaina cosmography in a systematic form. For a full understanding of the history of Jainism and Jaina literature, texts dealing with cosmography are as much important as any others. The Tilayopaṇṇatti (Tp), however, is a valuable work for various reasons. It is an ancient work belonging to the first stratum of the pro-canon of the Digambaras; the contents alternative views and the repeated remarks about the loss of tradition certainly indicate the antiquity of this text; its author Jadivasaha, who is more a compiler of hereditary knowledge and ancient tradition than a composer, is a revered author of antiquity; this work is quoted extensively in the Dhavalā etc, and many other later Jaina texts appear to be indebted to it; being an old work it deserves to be critically studied in comparison with other works of the Ardhamāgadhī canon; and lastly, its varied contents and Prākrit dialect are not without some interest for the student of Indian antiquity, relgion and language. A critical study of the various problems connected with this text and its author will be presented in the Introduction to the second part.

It is really unfortunate that an important text like the TP should have still remained in Mss. The various studies about a subject necessarily suffer a sort of deficiency, when the scholars have not got, to start with, at least authentic, if not critical, editions of the basic texts which are the *sine qua non* of all critical research. As a preliminary experiment only a small portion of this text was edited by me in the volumes of the Jaina Siddhānta Bhāskara, Arrah (and also separately issued); and now, thanks to the munificence of Br. Jivarajabhai, the editors are able to present the first part of TP, comprising 4 Mahādhikāras, with Hindī paraphrase, as the first volume of the Jīvarāja Jaina Granthamālā.

The Mss. on which our text is based and those which were casually consulted for verifying the readings are fully described in the Hindī Prastāvanā.

The path of the editors of TP has not been strewn with flowers but is covered with unblunted thorns; and their difficulties have been almost insurmountable

for various reasons: First, the subject-matter of TP is often obscure; it has no special attraction excepting for a specialist of dogged perseverence; and consequently the studies in this branch are just in their infancy. Secondly, TP belongs to a branch of literature which is poorly represented in the galaxy of Jaina works. Though Kirfel has given a consolidated and systematic exposition of Jaina cosmography, the individual texts like the Sūrapaṇṇatti Jambuddivapaṇṇatti and Candapaṇṇatti of the Ardhamāgadhi canon, Tiloyasāra of Nemicandra, Lokavibhāga of Siṁhasūri, Jambūdvīpaprajñapti of Padmanandi, Trailokyadipikā of Indravāmadeva, Trailokyaprajñapti of Subhacandra, etc, are not studied exhaustively for themselves and in comparison with others of the same contents. Thirdly, TP is being edited with Hindī rendering for the first time; the Ms. material is not quite satisfactory; and no help was available to the editors in the form of a Sanskrit commentary, a chāyā or marginal glosses etc. in the absence of which the humble editors had to struggle hard with this imperfect material even to restore a readable and reliable text. Lastly, the Prākrit language presents, in the absence of good Ms. material, manifold difficulties to a conscientious editor.

Quite aware as they are of the standards of Text-criticism, the editors do not claim that the text of TP, presented here, is critical in the strict sense of the term; but they are justified in saying that it is quite authentic within the limits of the material used by them. A critical text can be constituted only after all the available Mss. are collated, classified and evaluated. The two Mss., Da and Ba, being sufficiently independent, many of the scribal errors could be easily eliminated In orthography and such other details, a standardised appearance has been given to the text. The editors have been quite vigilant about the dialectal differences in Prākrit or Middle Indo-Āryan; and as a rule they have followed the readings of the Mss. without forcing them to agree with some or the other later grammatical standard. More than once uncertain words and forms have been verified in the light of the material presented in the Grammatik der Prākrit Sprachen by Pischel (Strassburg 1900, and also its Index published in the volumes of Indian Antiquary) and the Pāiasaddamahaṇṇavo of H. T. Seth (Calcutta Sam 1985). Dialectal traits are meticulously preserved when both the Mss. agreed, not minding whether later Pārkrit grammars approved of them or not. In short, the editors have shown maximum possible fidelity to the Mss., and faithful and intelligent record of the text tradition, as presented by the Mss., has been their guiding principle throughout. Almost as a preliminary experiment, a portion of the text was edited by one of the editors, (Tiloya-paṇṇatti by Yativṛsabha, part 1, ed. Dr. A. N. Upadhye, Jaina Siddhānta Bhavan, Arrah, 1941); and important editorial results were achieved by Prof. Hiralal who is working as the chief editor of the Dhavalā of which five volumes have been already issued. Both of them felt that the text is corrupt in many places in both the Mss., that such works could be published but once in their life time, and that they have to attend not only to the needs of linguists and text-critics but also to the wants of pious readers, who would handle this work mainly for its contents and whose

number is likely to be sufficiently large. These considerations led them to offer certain emendations which are not claimed to be any improvement on the text of the author, but they are essentially sincere attempts of the editors to reach the probable focus-centre, from which these corruptions might have arisen, after taking into account the possible orthographical confusions, metrical needs, exigencies of the context etc. The editors were wavering how and where to give these emendations There were two alternatives before them: The corrupt reading agreed upon by both the Mss. should be kept as it is in the body of the text as a sacred relic which had suffered a sacrilege at the hands of generations of copyists, and the editorial emendation should be given in the foot-notes in square brackets; or the emendation itself should be put in the text, and the so-called corrupt readings of Da and Ba should be given in the foot-notes. Strict method would have welcomed the first alternative, while the second one seemed to possess some practical advantages that majority of the readers, who are after the contents, would like to have a meaningful text which has been followed in preparing the Hindī paraphrase as well. The text-critic may be requested to keep his eye more on the foot-notes to get the actual reading. In a few cases some emendations of remote probability are put in the foot-notes. These emendations are modest proposals; there is full scope for better suggestions; but let us remember that they are all tentative till they are confirmed by the readings of some genuine Mss. The text-critic who has any experience of editing such texts would, we hope, certainly approach our performance with sympathy for the arduous task of the editors of an *editio princeps* and offer his constructive criticism which the editors would gladly welcome and feel thankful for the same.

In giving the Hindi rendering the editors have a twofold aim in view. First, most of the readers, especially from the Jaina community, who look upon the contents of this work with some religious sanctity, would welcome a translation in Hindī more than in any other provincial languages like Bengali, Gujarati, Kannada, Marathi or Tamil. Secondly, of all the modern Indo-Āryan languages Hindī has decidedly superior claims to play the role of the National language of India, and more we enrich it with such translations better would be its prosperity in future. The Hindi translation is a literal paraphrase of the original text; and space prohibited the editors from entering into explanatory digressions.

It is a matter of pleasure to remember with gratitude various friends who have been associated with this work in one way or the other. It was very kind of Pt. K P. Jania, Aliganj, Pt. K. Bhujabali Shastri, Arrah, and Sri Pannalalji, Delhi, who helped mewith Ms. material It pains me to note that Sheth Raoji Sakharam Doshi, who lent us the Sholapur Ms, did not live to see this edition published. For their ungrudging co-operation, thanks are due to Pts. Balacandra and Jambukumara whose share in the preparation of this edition has been duly indicated in the Hindi Prākkathana.

I wonder how I would have been able to finish this work without the valuable co-operation of Prof Hiralalaji. Despite heavy work on hand, he kindly

accepted my request to edit this text jointly with me: and his close acquaintance with the contents of Dhavalā came to our rescue in understanding many a difficult passage. Brother Hiralalaji has such a genial temperament that it is a pleasure to work in collaboration with him. Pt. Premiji has been a source of inspiration to both of us; and his kind advice, now and then, has been of great advantage to us.

It is Br. Jivarajaji's silent devotion for Jinavāni and his consequent munificence in the cause of Jaina Literature that enabled the editors to publish their work in the present form. They record their sense of gratitude to Brahmachariji and heartily thank the members of the Prabandha Samiti of the Sangha. It is due to the scarcity of paper that the second part may be delayed for some time. The editors, however, assure the readers that the major portion of the remaining part is ready for the press, and they are eager to finish the work at an early date.

Rajaram College, Kolhapur.
5th March 1943.

A. N. Upadhye.

प्राक्कथन

आजसे छह सात वर्ष पूर्व सन् १९३६ में जब आरा जैन सिद्धान्तभवनसे ' जैन सिद्धान्त-भास्कर ' नामक त्रैमासिकके पुनः प्रकाशनका निश्चय किया गया, तब पं. भुजबलिजी शास्त्रीने मुझे तथा मेरे प्रिय मित्र आदिनाथ उपाध्यायको भी उसके सम्पादकोंमें सम्मिलित करना आवश्यक समझा । उपाध्यायजीने उसी समय यह प्रस्ताव किया कि ' तिलोयपण्णत्ती ' ग्रंथका मूल पाठ उक्त त्रैमासिकमें क्रमशः निकाला जाय । इसे हम सबने स्वीकार कर लिया और तभीसे उपाध्यायजी द्वारा सम्पादित ' तिलोयपण्णत्ती ' का मूल पाठ एक फार्मके प्रमाणसे ' भास्कर ' के प्रत्येक अंकमें निकलने लगा ।

सन् १९३८ में हमने षट्खंडागमका सम्पादन-प्रकाशन प्रारम्भ किया । उस समय ज्ञात हुआ कि षट्खंडागमकी धवला टीकामें उसके लेखक वीरसेनाचार्यने ' तिलोयपण्णत्ती ' के पाठ व विषयका अनेक स्थानोंपर उपयोग किया है । उन स्थलोंपर तुलनात्मक टिप्पण आदिके लिये जब भास्करमें प्रकाशित पाठको सूक्ष्मतासे देखा तब अनुभव हुआ कि इस महत्त्वपूर्ण प्राचीन ग्रंथका एक अच्छा संस्करण शीघ्र प्रकाशित किये जानेकी आवश्यकता है । इस विषयपर कुछ विचार-विनिमय उस समय हुआ जब उपाध्यायजी धवलाके प्रथम भागकी तैयारीके समय उस ग्रंथके संशोधनसम्बंधी नियम निश्चित करनेमें हमारी सहायताके लिये अमरावती आये और कोई १०-१२ दिन हमारे साथ रहे । इसके पश्चात् मेरी इच्छा ' तिलोयपण्णत्ती ' को सुसम्पादित होकर ग्रंथरूपमें पानेके लिये उत्तरोत्तर बढ़ती गई और मैंने उपाध्यायजीसे अपनी इच्छाकी पूर्तिके लिये प्रेरणा की । हमने प्रथम तो यह उचित समझा कि यदि जैन सिद्धान्तभवन आरासे ही ग्रंथ पुस्तकाकार शीघ्र निकाला जा सके तो अच्छा होगा । किन्तु उसकी शक्यता न जानकर उनकी ही अनुमतिसे दूसरा प्रबंध सोचा । मेरे पास कारंजा सीरीजकी पुस्तकोंकी बिक्रीसे एकत्र हुआ कुछ द्रव्य था । अतएव पं. नाथूरामजी प्रेमीके परामर्शसे हमने उसी सीरीजमें इस ग्रंथको निकालनेका विचार कर लिया और उपाध्यायजीको तदनुसार सूचना दे दी । उपाध्यायजी भी तत्परतासे कार्यमें जुट गये । उन्होंने ग्रंथकी और भी हस्तलिखित प्रतियोंका संग्रह किया और सम्पादित पाठ पाठान्तरसम्बन्धी टिप्पणियों सहित हमारे पास भेजने लगे । उस समय धवलाके संशोधन कार्यमें सहायक मेरे पास पं. हीरालालजी और पं. फूलचन्दजी ये दो शास्त्री थे । किन्तु तिलोयपण्णत्तिके प्रकाशनकार्यको भी व्यवस्थित रूपसे गतिशील बनानेके लिये एक अलग सहायक की आवश्यकता प्रतीत हुई । अतएव सन् १९४० के अक्टूबर मासमें पंडित

बालचन्द्रजी सि. शास्त्रीकी इस हेतु नियुक्ति करली। इसी बीच यह भी निश्चय किया गया कि ग्रंथके सुसंशोधन तथा व्यापक उपयोगकी दृष्टिसे एक मूलानुगामी हिन्दी अनुवाद जोड़ना भी वाञ्छनीय है। यह कार्य पं. बालचन्द्रजीके सुपुर्द किया गया।

इस समय जब ग्रंथकी प्रेसकापी व शोलापुरकी हस्तलिखित पूरी प्रति हमारे सन्मुख आई, तथा अनुवाद जोड़नेका भी निश्चय हुआ, तब कार्यकी विशालताको देखकर मुझे प्रतीत हुआ कि जिस थोड़ेसे फंडके भरोसे मैंने यह कार्य प्रारंभ किया है वह इसके लिये सर्वथा अपर्याप्त है। अत एव मैंने यह विचार किया कि चूंकि यह ग्रंथ धवला टीकासे बहुत संबंध रखता है और उसके संशोधनमें सहायक है, अत एव उसी फंडमेंसे इसका प्रकाशन करा दिया जाय। तदनुसार मैंने यह प्रस्ताव 'जैन साहित्योद्धारक फंड' के ट्रस्टबोर्ड के सन्मुख रक्खा। बोर्डने मेरा प्रस्ताव स्वीकार तो कर लिया, पर कुछ सदस्योंने इस बातकी चिन्ता भी प्रकट की कि इससे फंडकी शक्ति विभाजित होकर आगे धवलसिद्धान्तके प्रकाशनमें ही कठिनाई न उपस्थित होने लगे? मेरी इस द्विविधाके समयपर ही गजपंथाकी बैठकके लिये ब्रह्मचारी जीवराजजीका निमंत्रण प्राप्त हुआ। और उस बैठकमें इस ग्रंथको 'जीवराज जैन ग्रंथमाला' में प्रकाशित करानेका निश्चय हो गया। इस प्रकार मेरी वह चिन्ता शान्त हो गई। यहींपर डा. उपाध्यायजीने इस बातपर जोर दिया कि ग्रंथके मुद्रणका प्रबंध अमरावतीमें ही किया जाय, और उस संबंधकी तथा हिन्दी अनुवाद रखनेकी आवश्यकताओंका विचार कर उन्होंने मुझसे प्रेरणा की कि तिलोयपण्णत्तीके सम्पादनमें मैं भी उनका साथी बनूं। मैंने इस बातसे बहुत जी चुराया, पर उनकी प्रेरणासे अन्तमें मुझे उनकी बात स्वीकार करना पड़ी।

डा. उपाध्यायजी कृत पाठरचना, सच्चे सावधान संशोधकके अनुकूल, पूर्णतः प्रतियोंके पाठोंके ही आधारसे हुई थी। जहां उन्हें पाठमें अशुद्धि प्रतीत हुई वहां एक मात्रा या वर्णके परिवर्तनसे कल्पित पाठ भी उन्होंने टिप्पणीमें देना उचित समझा था। पर जब पं. बालचन्द्रजी और मैं पाठ व अनुवादके मिलान एवं संशोधनके लिये बैठे तब ज्ञात हुआ कि अनेक दृष्टियोंसे (जिनका खुलासा प्रस्तावनामें किया गया है) यह क्रम ठीक न होगा, किन्तु वही पाठ मूलमें रखना ठीक होगा जो हमें संभव लिपि-दोषका विचार करके शुद्ध और अनुवादके अनुकूल जंचता है। हां, ऐसे स्थलोंपर प्रतियोंके पाठ टिप्पणमें अवश्य सावधानीसे रख दिये जाँय। इसके गुण-दोषोंपर विचार कर अन्ततः डा. उपाध्यायजी भी इससे सहमत हो गये। इसप्रकार हस्तलिखित प्रतियोंके आधारको छोड़कर जो कल्पित पाठ स्वीकार किये गये हैं वे रखे तो हम तीनोंकी सम्मतिसे गये हैं, तथापि उनका विशेष उत्तरदायित्व पं. बालचन्द्रजी शास्त्री और मुझपर ही है, क्योंकि वे कल्पनाएँ प्रायः अनुवादके समय या उसका मूलसे मिलान करते समय हम दोनोंके बीच उत्पन्न हुई हैं।

मूल पाठकी पूरी प्रेसकापी हमारे पास डा. उपाध्यायजीने ही तैयार करके भेजी थी। उन्होंने कापी करने और प्रतियोंके मिलानमें सहायताके लिये कुछ माह तक परिमित समयानुसार पंडित जम्बूकुमारजी को भी अपने पास नियुक्त किया था। उस प्रेसकापीका पंडित बालचन्द्रजी द्वारा किया हुआ अनुवाद डा. उपाध्यायके पास भेजा जाता था। प्रेसमें देनेसे पूर्व मूल और अनुवादको पंडित बालचन्द्रजीके साथ शोलापुरवाली हस्तलिखित प्रति तथा त्रिलोकसार, हरिवंशपुराण आदि सहायक ग्रंथोंको सन्मुख रखकर मैं सूक्ष्मतासे देखता था और उसी समय वे सब परिवर्तित पाठान्तर रखे जाते थे जिनका ऊपर जिक्र कर आये हैं। इसके प्राथमिक प्रूफ पं. बालचन्द्रजी देखते थे और फिर मेरे तथा डा. उपाध्यायके संशोधनके पश्चात् मुद्रित किये जाते थे। प्रारंभमें पं. बालचन्द्रजीको इसके अनुवादमें पं. फूलचन्द्रजी शास्त्रीसे विशेष सहायता मिली थी। पं. हीरालालजी शास्त्रीसे भी प्रूफ संशोधन तथा अनेक स्थलोंपर पाठसम्बंधी कल्पनाओंमें सहायता मिली है। इस सब साहाय्यके लिये सम्पादक उनके ऋणी हैं। प्रस्तावनामें बतलाई गईं कठिनाइयोंके कारण यह सम्पादनकार्य बड़ा क्लेशदायी हुआ है, तथापि ग्रंथमालाके संस्थापक, अनुवादक और सम्पादकोंके बीच जो निरन्तर सौजन्य एवं सौहार्दका व्यवहार बना रहा है और प्रेसके मैनेजर मि. टी. एम. पाटीलकी जो साहाय्यपूर्ण प्रवृत्ति रही है उससे यह भार कभी असहनीय नहीं प्रतीत हुआ, प्रत्युत चित्तमें सदैव एक उल्लास बना रहा है। वर्तमानमें कागजकी दुर्लभताके कारण सम्भव है कि ग्रंथके द्वितीय भागकी छपाई तत्काल प्रारम्भ न की जा सके, पर यदि शेष सब बातें पूर्ववत् अनुकूल बनी रहीं तो आशा है पाठकोंको ग्रंथके उत्तरार्धके लिये बहुत दीर्घकाल तक नहीं तरसना पड़ेगा।

किंग एडवर्ड, कालेज,
अमरावती,
१-१-४३.


हीरालाल जैन

जीवराज जैन ग्रन्थमालाका परिचय

शोलापुरनिवासी ब्रह्मचारी जीवराज गौतमचन्दजी दोशी कई वर्षोंसे संसारसे उदासीन होकर धर्मकार्यमें अपनी वृत्ति लगा रहे हैं। सन् १९४० में उनकी यह प्रबल इच्छा हो उठी कि अपनी न्यायोपार्जित सम्पत्तिका उपयोग विशेष रूपसे धर्म और समाजकी उन्नतिके कार्यमें करें। तदनुसार उन्होंने समस्त देशका परिभ्रमण कर जैन विद्वानोंसे साक्षात् व लिखित सम्मतियां इस बातकी संग्रह कीं कि कौनसे कार्यमें सम्पत्तिका उपयोग किया जाय। स्फुट मत संचय कर लेनेके पश्चात् सन् १९४१ की गर्मियोंमें ब्रह्मचारीजीने तीर्थक्षेत्र गजपंथा (नासिक) के शीतल वातावरणमें विद्वानोंकी समाज एकत्रित की और ऊहापोहपूर्वक निर्णयके लिये उक्त विषय प्रस्तुत किया। विद्वत्सम्मेलनके फलस्वरूप ब्रह्मचारीजीने जैन संस्कृति और साहित्यके समस्त अंगोंके संरक्षण, उद्धार और प्रचारके हेतु 'जैन संस्कृति संरक्षण संघ' की स्थापना की और उसके लिये ३०,०००), तीस हजारके दानकी घोषणा कर दी। इसी संघके अन्तर्गत '**जीवराज जैन ग्रन्थमाला**' के संचालनका निश्चय किया गया और इस ग्रंथमालाका कार्य तत्क्षण प्रारम्भ भी हो गया। प्रस्तुत ग्रंथ इसी मालाका प्रथम पुष्प है।

ब्रह्मचारी जीवराज गौतमचन्दजी दोशी की जीवनी

जीवराज भाई का शुभ जन्म शोलापुरके दोशी कुटुम्बमें हुआ है। यह कुटुम्ब वही है जिसकी गत दो पीढ़ियोंमें उत्पन्न हुए अनेक सुप्रसिद्ध परोपकारी, समाजहितैषी और धर्मिष्ठ पुरुषोंकी सेवासे जैन समाज अच्छी तरह परिचित है। सिद्धान्त ग्रंथोंके संरक्षण व उद्धार के कार्यमें श्रीयुक्त हीराचन्द नेमीचंदजी दोशीने बड़ी अपूर्व सेवा की थी। ये जीवराज भाईके सगे काका थे। हाल ही में स्वर्गवासी हुए श्रीयुक्त रावजी सखारामजी दोशीके नामसे कौन जैनी परिचित न होगा। वे जीवराज भाईके सगे चचेरे भाई थे। यह कौटुम्बिक संबंध निम्न वंशवृक्षसे सुस्पष्ट हो जाता है—



इस कुटुम्ब का प्राचीन निवासस्थान फलटण, जिला सतारा, था। नेमीचन्द निहालचंदजी व्यापारनिमित्त फलटण छोड़कर शोलापुरमें आकर रहे। उनके ज्येष्ठपुत्र ज्योतिचन्द्रजी बड़े व्यापारकुशल, शान्तस्वभाव और गम्भीरप्रकृति थे तथा सार्वजनिक और धार्मिक कार्योंमें उत्साहसे भाग लेते रहे। इनके कोई सन्तान नहीं हुई। अपने भतीजे जीवराज भाई पर ही इनका पुत्रवत् प्रेम रहा। संवत् १९६१ में मैंदरगी ग्राममें इनका देहान्त हो गया।

नेमीचन्दजीके द्वितीय सुपुत्र गौतमचंदजी हमारे कथानायक जीवराज भाईके पिता थे। इनकी बुद्धि बड़ी प्रखर और स्वभाव कुछ तेज था। संस्कृत साहित्यमें आपकी विशेष रुचि थी और कविता भी किया करते थे। किन्तु संग्रहणी रोगसे ग्रस्त हो जानेके कारण उनकी प्रकृति अच्छी नहीं रहती थी। अन्ततः उनका मस्तिष्क भी विचलित हो गया और संवत् १९४६ के मार्गशीर्ष मासमें अपनी ५० वर्षकी अवस्थामें वे स्वर्गवासी हो गये।

गौतमचन्दजीके सन्तानें तो ९–१० हुईं किन्तु उनके जीवनकालमें केवल जीवराजभाई और उनकी ज्येष्ठ बहिन चतुरबाई ही जीवित रहे। शेष सब पुत्र-पुत्रियां अत्यल्प आयुमें ही कालके गालमें समा गये। जीवराजभाईका जन्म फाल्गुन शुक्ल ११, संवत् १९३६ (शक १८०१, व ई. स. १८८०) को हुआ था। केवल दश वर्षके बाल्यकालमें ही उनका पितृ-

वियोग हो गया। इसके लगभग दो ही वर्ष पश्चात् उनकी बड़ी बहिन चतुरबाईका देहान्त हुआ, और उसके दो तीन वर्ष पश्चात् संवत् १९५१ में उनकी मातृश्री भी स्वर्गवासिनी हुईं। इस प्रकार केवल पन्द्रह वर्षकी कोमल अवस्थामें ही पिताके स्नेह, माताके दुलार और ज्येष्ठ भगिनीके लाड़प्यारसे वंचित होकर जीवराजभाई संसारमें अकेले रह गये। पर इनके पिताजीके अस्थिर स्वास्थ्यको देखते हुए अन्य कुटुम्बियोंने उनके जीवनकालमें ही जीवराजभाईका विवाहसंबंध पक्का कर दिया था। यह विवाह संवत् १९४९ में माघ शुक्ल ५ को मातृश्रीके समक्ष जीवराजभाईकी तेरह वर्षकी अवस्थामें ही सम्पन्न हो गया। इस बंधनसे उस वियोग कालमें एक नया सहारा मिल गया। तीन वर्षके वैवाहिक जीवनके पश्चात् संवत् १९५२ में जीवराजजी को कन्यारत्नकी प्राप्ति हुई और इस प्रकार सोलह वर्षकी अवस्थामें वे पिता कहलाने लगे।

संवत् १९५३–५४ में प्रथम प्लेग पड़ा जिसके कारण जीवराज भाई सकुटुम्ब अपने मामाके यहां परंडा और फिर वहांसे मामाके साथ कुंथलगिरि क्षेत्रको गये। इस प्लेगकालमें अनेक कष्ट सहना पड़े किन्तु कुंथलगिरिमें चार पांच मास रहनेसे उन्हें उस क्षेत्रकी सुव्यवस्थाका अवसर मिला और वर्षपट्टी आदि लगाकर उस क्षेत्रके वार्षिक खर्चका सुप्रबंध कर दिया गया। प्लेग शान्त होनेपर शोलापुर लौट आये, पर दो तीन माह पश्चात् ही पुनः प्लेगका प्रकोप बढ़ा। पर इस बार कहीं अन्य ग्राम न जाकर नगरके बाहर पुराने मिलके समीप रहे। पर यहां प्लेगके आक्रमणसे पूरी रक्षा न हो सकी। आपके चचेरे भाई माणिकचंद हीराचंदजीकी धर्मपत्नी तथा दूसरे चचेरे भाई जीवराज हीराचंदजीका यहां स्वर्गवास हो गया। ऐसा भय होने लगा कि क्या कुटुम्बका कोई व्यक्ति नहीं बचेगा? इसी भयके कारण जीवराज हीराचंदजीको उनकी बीमारीमें पृथक् रखनेकी व्यवस्था की गई। पर काकाजी व कुटुम्बके अन्य सब व्यक्तियोंके मना करने-पर भी जीवराज भाईने अपने चचेरे भाईकी उनके अन्त समय तक शुश्रूषा करना नहीं छोड़ी। संकटकालमें आत्मीय जनको परायेकी भांति पृथक् कर देना उन्हें किसी प्रकार भी उचित और न्यायसंगत नहीं जान पड़ा। इन दो वियोगोंके पश्चात् वे स्थानपरिवर्तनके लिये कुर्डुवाड़ी गये। पर वहां भी प्लेगने पीछा नहीं छोड़ा। वहां माणिकचंद हीराचंद और सखारामजीकी धर्मपत्नी उमाबाईका देहान्त हुआ।

पिताजीकी मृत्युके पश्चात् बाल्यावस्थाके कारण जीवराज भाईको अपनी आर्थिक परिस्थितिका यथार्थ ज्ञान नहीं था। आपके पिता गौतमचंदजी पन्नालाल लाहोटी नामक एक मारवाड़ीके साझेमें 'गौतमचंद नेमीचंद' के नामसे सूतका व्यापार करते थे। पिताजी व पन्नालालकी मृत्युके पश्चात् भी कुछ समय तक यह दूकान चलती रही, परन्तु घाटा अधिक रहा। अन्तमें पन्नालालके भतीजे रामप्रतापके साथ आपसमें निपटारा कर लगभग सवा बारह हजार रुपये लेकर उस दूकानसे संबंध हटा लिया। पश्चात् बांडसाड़ियोंका स्वतंत्र धन्धा किया।

कुछ काल पश्चात् अपने मामा माणिकचंद रामचंदके भतीजे हीराचन्द परमचन्दके साथ कपड़े की दूकान खोली। साझेमें दूकान खोलते समय व्यक्तिगत धन्धा न करनेका दोनोंने निश्चित वायदा किया। इस दुकानमें लगभग सात वर्षमें पचास हजारका मुनाफा हुआ। धन्धेकी इस सफलताके पश्चात् ही जीवराज भाईको विश्वास हो सका कि वे अपने पूर्वजोंकी कीर्तिके अनुसार सम्मानपूर्वक रह सकते हैं। संवत् १९५४-५५ में पड़े हुए धार्मिक संस्कारोंके कारण आपको अन्याय व अनीतिसे जीवन व्यतीत करना बहुत ही घृणित प्रतीत होता था। आपने अपना अन्तिम ध्येय शान्ति और सन्तोष निश्चय कर लिया था। एक बार आपने कोइमतूरसे जरीके रुमालोंकी एक पेटी मंगाई। पेटीमें आर्डरसे एक रूमाल अधिक निकला जिसकी कीमत कोई ५) ७) रुपये होगी। इसकी सूचना कोइमतूरवालोंको देना चाहिये थी, पर नहीं दी गई। अपने व्यावसायिक जीवन भरमें केवल यही एक अनिष्ट घटना जीवराज भाई को अब भी याद आती है जिसका उन्हें भारी पश्चात्ताप और दुःख है। इसी पश्चात्तापसे पता चलता है कि वे धन्धेमें कहां तक निष्कपट और निष्पाप रहनेका प्रयत्न करते रहे। निष्पाप और सुरक्षित धन्धा समझकर आपने संवत् १९६४ में सोने-चांदीकी दुकान भी की। उसी समय यूरोपीय युद्धके कारण खूब तेजी हुई और लाभ भी खूब हुआ। पर पश्चात् भाव बहुत गिर जानेसे बहुत हानि उठाकर वह दूकान बंद की। संवत् १९६७ में ही आपने दृढ़ निश्चय कर लिया था कि व्यवसायमें लेशमात्र भी अन्याय वे भविष्यमें अपने हाथों कभी न होने देंगे और निम्न श्लोक मोटे अक्षरोंमें लिखकर आपने अपनी बैठकमें लगा लिया—

अकृत्वा परसंतापं अगत्वा खलनम्रताम्।
अनुत्सृज्य सतां वर्त्म यत्स्वल्पमपि तद् बहु ॥

सं. १९७३ में आपको अनुभव हुआ कि अपनी सांसारिक आवश्यकताओंकी पूर्त्तिके योग्य पर्याप्त न्यायोपार्जित धन संग्रह हो गया है। अत एव धीरे धीरे आपने साझेके धन्धसे हाथ खींचना प्रारंभ कर दिया और संतोषका अपूर्व आनन्द अनुभव करने लगे। दश ग्यारह हजार रुपयाकी लागतसे आपने एक इमारत बनवा ली और उसका नाम 'संतोष भुवन' रक्खा। कुंथलगिरि क्षेत्रकी इक्कीस हजारकी रकम थी उसकी और अपने मातृपक्षीय परंडकर कुलकी 'दानशूर' कीर्तिकी आपने बड़ी कठिनाई और सावधनीसे रक्षा की। इधर कई वर्षसे तो आपने धंधा-पाता सब बन्द कर दिया है और ब्रह्मचर्य व्रत लेकर शान्तिसे धार्मिककार्योंमें आप काल-यापन करते हैं। यद्यपि अल्प अवस्थामें ही मातृ-पितृविहीन होकर गृहस्थभारसे आहत हो जानेके कारण आपका शिक्षण विशेष नहीं हो पाया—केवल मराठीकी पांच कक्षा और अंग्रेजीकी तीन

कक्षाओं तकका ही अध्ययन हो पाया— तथापि आपने अपनी लगनसे धीरे धीरे अंग्रेजी और संस्कृतमें अच्छी योग्यता प्राप्त कर ली। कितने ही समय तक आपने ' जैनबोधक ' का सम्पादन भी किया। अब आप तन मन और धनसे जैन धर्म, समाज और साहित्यसेवामें पूर्णतः तल्लीन हुए हैं जिसके फलस्वरूप आपने ' जैन संस्कृति संरक्षक संघ ' स्थापित किया है और उसके अन्तर्गत ' जीवराज जैन ग्रंथमाला ' का सुसंघटन किया है इसके फलस्वरूप यह प्रथम पुष्प आज विद्वत्संसारके संमुख आ रहा है।

प्रस्तावना

१ ग्रन्थपरिचय व सम्पादनका उपक्रम

जदिवसह (सं. यतिवृषभ) कृत तिलोयपण्णत्ति (सं. त्रिलोकप्रज्ञप्ति) प्राकृतमें करणानुयोगका एक प्राचीन ग्रन्थ है। इस ग्रन्थमें प्रसंगवश जैनसिद्धान्त, पुराण व इतिहाससम्बन्धी भी बहुतसी वार्ता पायी जाती है। भारतवर्षका प्राचीन जगद्विवरण तथा जैनियोंका लोकसम्बन्धी निरूपण बड़ा शुष्कप्राय विषय है। वह ऐसी पारिभाषिक बारीकियोंसे भरा है जो आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोणके अनुकूल भी नहीं हैं, तथा जिनके लिये भारतीय विद्याविशारदोंको कोई विशेष आकर्षण नहीं है। इस विषयमें रुचि रखनेवाले विद्वानोंकी संख्या अत्यन्त अल्प है, और जहां तक हमें ज्ञात है केवल किरफेलरचित कॉस्मोग्रैफी डेअर इन्डेअर (बान, लीपजिग, १९२०, पृ. २०८-३४०) ही एक ऐसा प्रामाणिक ग्रन्थ है जिसमें जैनलोकविवरणका व्यवस्थितरूपसे प्रतिपादन किया गया है। जैन धर्म और जैन साहित्यके इतिहासका पूरा ज्ञान प्राप्त करनेके लिये लोकविवरणसम्बन्धी ग्रन्थ उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने कोई भी अन्य ग्रन्थ हो सकते हैं। त्रिलोकप्रज्ञप्ति अनेक कारणोंसे महत्वपूर्ण ग्रन्थ है। वह दिगम्बर साहित्यके प्राचीनतम श्रुतांगसे सम्बन्ध रखता है। इसमें जो विषयविवरण हैं, मतान्तर दिये गये हैं, तथा उपदेशके व्युच्छिन्न हो जानेका बार बार उल्लेख किया गया है, उनसे यह ग्रन्थ निश्चयतः प्राचीन प्रतीत होता है। इसके कर्ता यतिवृषभने इस ग्रन्थमें परम्परागत प्राचीन ज्ञानका संग्रह किया है, न कि किसी नवीन विषयका। वे प्राचीन सम्माननीय ग्रन्थकार हैं। धवलामें इस ग्रन्थके विस्तृत उद्धरण पाये जाते हैं और पीछेके अनेक जैन ग्रन्थ इसके आधारसे बने प्रतीत होते हैं। इसकी प्राचीनताके कारण यह अर्धमागधी श्रुतांग ग्रन्थोंके साथ तुलनात्मक दृष्टिसे अध्ययन करने योग्य है, और अन्ततः भारतीय पुरातत्व, धर्म एवं भाषाके अध्येताओंके लिये इस ग्रन्थके विविध विषय और उसकी प्राकृत भाषा रोचकतासे रहित नहीं है।

यह सचमुच दुर्भाग्यकी बात है कि ऐसा महत्वपूर्ण ग्रन्थ अभी तक अप्रकाशित पड़ा रहा। जब तक विद्वानोंको किसी विषयकी खोज प्रारम्भ करते समय तत्सम्बन्धी मौलिक ग्रन्थोंके, यदि पूर्णतया समालोचनात्मक दृष्टिसे संपादित नहीं तो कमसे कम प्रामाणिकतासे सम्पादित, संस्करण लब्ध न हों तब तक उस विषयसम्बन्धी नाना प्रकारके अध्ययनोंमें एक त्रुटि बनी रहती है। प्रारंभिक प्रयोगकी दृष्टिसे प्रस्तुत ग्रन्थका कुछ थोड़ासा भाग वर्तमान सम्पादकोंमेंसे एकने आरासे प्रकाशित होनेवाले जैनसिद्धान्तभास्कर नामक त्रैमासिक पत्रमें सम्पादित किया था जो अलगसे भी प्रकाशित किया जा चुका है। ब्रह्मचारी जीवराज भाईकी दानशीलताको धन्य है कि जिसके द्वारा सम्पादक त्रिलोकप्रज्ञप्तिके प्रथम चार महाधिकारोंको मूलानुगामी हिन्दी अनुवादके साथ जीवराज जैन ग्रन्थमालाके प्रथम ग्रन्थके रूपमें प्रस्तुत करनेमें सफल हुए।

२ हस्तलिखित प्रतियोंका परिचय

तिलोयपण्णत्तिका प्रस्तुत संस्करण निम्न उल्लिखित प्रतियोंके आधारसे तयार किया गया है-

द-यह प्रति देहलीसे श्रीमान् पन्नालालजी अग्रवालने भेजनेकी कृपा की। इस प्रतिके मुख पृष्ठपर " दि. जै. सरस्वती भंडार धर्मपुरा दिल्ली लाला हरसुखराय शुगनचंदजी नंबर ८ (क) श्री नया मंदिरजी" ऐसा अंकित है। इसकी चौड़ाई लगभग ५½ इंच और लंबाई लगभग १२ इंच है। यह पुराने कागजपर देवनागरी लिपिमें लिखी गई है। इस प्रतिकी पृष्ठसंख्याके क्रममें ११,१३, और १४, ये पृष्ठांक छूट गये हैं। किन्तु यह केवल लिपिकारके प्रमादका फल है, क्योंकि यहां गाथाओंकी संख्या बराबर लगातार मिलती है। इसमें २०४ पत्र हैं। प्रत्येक पृष्ठपर १४ पंक्तियां और प्रत्येक पंक्तिमें लगभग ६० अक्षर हैं। प्रत्येक पत्रके एक पृष्ठपर मध्यमें और हांसियामें लाल स्याहीसे बड़ा गोलाकार खिचा हुआ है, और दूसरे पृष्ठपर केवल मध्यमें ही गोलाकार है। देखनेमें यह प्रति आगे वर्णित बंबईकी प्रतिसे प्राचीन माळूम होती है, और कई स्थानोंपर इसकी स्वतन्त्रता भी स्पष्ट है। सम्पूर्ण प्रति बहुत सावधानीसे लिखी हुई माळूम होती है। तो भी अनेक लिपिदोष तो मिलते ही हैं, जो कहीं कहीं दूसरे किसीके हाथोंसे सुधारे गये हैं। कहीं कहीं पडीमात्रा पद्धतिका उपयोग किया गया है। आरंभमें मंगल चिह्नके बाद प्रति निम्नप्रकार प्रारम्भ होती है-ॐ **नमः सिद्धेभ्यः**। कहीं कहीं सुधारे हुए कुछ अक्षर सम्भवतः पीछेसे कटिंग होनेसे कट गए हैं। कई पत्रोंपर नकशोंके लिये खुली जगह छोड़ी गई है, पर किसी कारणसे नकशे लिखे नहीं जा सके। एक स्थानपर मध्यमें १६ गाथायें छूट गई हैं, जो अन्तमें एक स्वतन्त्र पत्रपर लिखी गई हैं, और साथमें यह टिप्पण है— '**इति गाहा १६ (इस संस्करणमें अधिकार ४, २६२८ आदि) त्रैलोक्यप्रज्ञप्तिमौ पश्चात् प्रक्षिप्ताः**'। जहां जहां पाठ संक्षिप्त किये गये हैं, वहां उनका संकेत (०) दिखलाया गया है।

ब-यह प्रति (नं. १५ क.) श्री ऐलक पन्नालाल जैन सरस्वती भवन सुखानन्द धर्मशाला बंबई ४ के संग्रहकी है। यह प्रति देवनागरी लिपिमें देशी पुष्ट कागजपर काली स्याहीसे लिखी गई है तथा प्रारम्भिक व समाप्तिसूचक शब्दों, दण्डों, संख्याओं, हांसियाकी रेखाओं तथा यत्र तत्र अधिकारशीर्षकोंके लिये लाल स्याहीका उपयोग किया गया है। प्रति सुरक्षित रखी गई है और हस्तलिपि सर्वत्र एकसी है। प्रति लगभग ६ इंच चौड़ी, १२½ इंच लंबी तथा लगभग २½ इंच मोटी है। इसके पत्रोंकी संख्या ३३९ है। प्रथम और अन्तिम पृष्ठ कोरे हैं। प्रत्येक पृष्ठपर १० पंक्तियां और प्रत्येक पंक्तिमें लगभग ४०-४५ अक्षर हैं। हांसियेपर शीर्षक है '**त्रैलोक्यप्रज्ञप्ति**'। मंगल चिह्नके पश्चात् प्रतिके प्रारम्भिक शब्द हैं '**ॐ नमः सिद्धेभ्यः**' तथा अन्तिम पुष्पिका ३३३ वें पत्रपर है '**तिलोयपण्णत्ती सम्मत्ता**'। इसके पश्चात् संस्कृतमें एक लंबी प्रशस्ति है, जिसकी पुष्पिका निम्नप्रकार है—**इति श्रीजिनचन्द्रोन्तवासिना पण्डितमेधावना विर-**

चिता प्रशस्ता प्रशस्तिः समाप्ता ॥ संवत् १८०३ का मिती आसोज वदि १ लिषत मया सागर श्री सवाई जयपुरनगरे । श्रीरस्तु ॥ कल्पं । इसके पश्चात् किसी दूसरे या हलके हाथसे लिखा हुआ वाक्य निम्नप्रकार है—**पोथी त्रैलोक्यप्रज्ञप्तीकी भट्टारजी नै साधन करवी नै दीनी दुसरी प्रति मीती श्रावण सुदी १३ संवत १९५९** । इस प्रतिके प्रथम ८ पत्रोंके हांसिये-पर कुछ शब्दों व पंक्तिखण्डोंकी संस्कृत छाया है । ५वें पत्रपर टिप्पणमें त्रैलोक्यदीपकसे एक पद्य उद्धृत है । आदिके कुछ पत्र शेप पत्रोंकी अपेक्षा अधिक मलिन हो गये हैं ।

लिपिकी त्रुटियां उक्त दोनों प्रतियोंमें पाई जाती हैं । अन्य देवनागरी प्रतियोंके समान इन प्रतियोंमें भी **ज्ञ** और **ज्झ** तथा **च्छ** और **त्थ** में भ्रान्ति पाई जाती है, तथा **च** और **व** एवं **प, म,** और **व** में सरलतासे भेद नहीं मालूम होता । **द्** में **ओ** का रूप **उ** के ऊपर एक खड़ी रेखा देकर अथवा विना रेखाके पाया जाता है । अनुस्वारचिह्नकी उपस्थिति या अनुपस्थितिके सम्बन्धमें प्रतियोंमें कोई एकरूपता नहीं पायी जाती । कहीं कहीं आवश्यकता न होनेपर भी अनुस्वार-चिह्न पाया जाता है । जैसे-देवंम्मि, वंदंइ, आदि । दोनों ही प्रतियोंमें गद्यभाग अत्यन्त भ्रष्ट है, और गाथायें भी यत्र तत्र भ्रष्ट पाठोंसे पूर्ण हैं । उनके पत्रोंपर संदृष्टियोंके स्थान तथा संख्याओंके सम्बन्धमें बड़ी विभिन्नता पायी जाती है । द्वित्वरूप वर्ण तथा अनुस्वारके पश्चात् आये हुए वर्णमें बहुधा विपरिवर्तन पाया जाता है तथा **इ** और **ई** एवं **अं** और **आ** में भी विभ्रान्ति पायी जाती है । दीर्घ और ह्रस्व स्वरोंकी भी दोनों प्रतियोंमें यत्र तत्र भ्रान्ति पायी जाती है । पादान्त स्वर दीर्घ लिखा गया है, क्योंकि उसका उच्चारण दीर्घ होता है । कहीं कहीं किसी प्रतिमें **औ** भी सुरक्षित पाया जाता है । कहीं कहीं **द** और **ध, त** और **थ, प** और **फ, च** और **छ** एवं **य** और **ए** में विपरिवर्तन हुआ है । कुछ गद्यभागोंमें **गणनांक** पाये जाते हैं मानों वे गाथायें हों । ये विशेषतायें दोनों प्रतियोंमें पायी जाती हैं ।

तिलोयपण्णत्तिका प्रस्तुत संस्करण इन्हीं दो हस्तलिखित प्रतियोंके आधारसे तयार किया गया है । इनमें जो पाठभेद पाये गये हैं वे पृष्ठके नीचे टिप्पणमें दे दिये गये हैं । इन दो प्रतियोंके अतिरिक्त तीन और प्रतियां ऐसी हैं, जिनका आंशिक व यथावसर उपयोग मुख्यतः **द** और **ब** प्रतियोंके संदेहात्मक व अनिश्चित पाठोंका निर्णय करनेके लिये किया गया है—

(१) यह जैन सिद्धान्त भवन आराकी आधुनिक कागजपर लिखी गई प्रतिकी नकल है । इसमें केवल प्रथम दो महाधिकार हैं । यह प्रति हमें अलीगंजके पं. कामताप्रसादजी जैन द्वारा प्राप्त हुई थी, जो सधन्यवाद वापिस कर दी गई ।

(२) जब प्रतिमिलानका कार्य चालू था तब दिल्लीके श्रीमान् पन्नालालजी अग्रवालने हमारे पास तिलोयपण्णत्तिकी एक प्रतिके प्रथम १०० पत्र भेजनेकी कृपा की । यह प्रति श्री दि. जैन सरस्वती भवन पंचायती मंदिर, मसजिद खजूर, दिल्ली, के नं. ३१ की है । इस कागजकी

प्रतिकी लंबाई लगभग १४½ और चौड़ाई ८ इंच है। यह अपेक्षाकृत नयीसी दिखायी देती है। यह देवनागरी अक्षरोंमें देशी मोटे कागजपर लिखी गई है। प्रत्येक पृष्ठपर लगभग १४ पंक्तियां और प्रत्येक पंक्तिमें कोई ४६ अक्षर हैं। हांसियेकी रेखायें और दण्ड लाल स्याहीके हैं और शेष सब लिखाई काली स्याहीकी है। हमने इस प्रतिकी कुछ गाथाओंकी **द** प्रतिके पाठोंसे तुलना की, जिससे हमें ऐसा प्रतीत हुआ कि सम्भवतः यह प्रति **द** प्रति परसे लिखी गई है। **द** प्रतिकी विशेष त्रुटियां भी इसमें विद्यमान हैं और उसकी पडीमात्राओंकी यहां गलत नकल की है। इस प्रतिके प्रारम्भिक शब्द मंगल चिह्नके पश्चात् निम्नप्रकार हैं—ॐ **नमः सिद्धेभ्यः। अथ त्रिलोकप्रज्ञप्ति प्राकृत लिख्यते।**

(३) स्वर्गीय सेठ रावजी सखाराम दोशी शोलापुरने हमारे पास तिलोयपण्णत्तिकी एक बड़ी मोटी प्रति भेजनेकी कृपा की। यह प्रति संभवतः शोलापुरकी जैन पाठशालाकी है। इसके मुखपृष्ठपर ॥ **श्रीमान् ऐलक पन्नालाल दिगंबर जैन पाठशाला सोलापूर मीति वैशाख शु० १ संवत १९७१** ॥ यह वाक्य लिखा है। इसकी लंबाई १३ इंच और चौड़ाई ८ इंच है। यह नागरी लिपिमें देशी मोटे कागजपर पं. छुट्टीलाल चौबे द्वारा संवत् १९७२ में वैशाख शुक्ला ८ को लिखकर समाप्त की गई है। इसमें २६० पत्र हैं। प्रत्येक पृष्ठपर १४ पंक्तियां और प्रत्येक पंक्तिमें करीब ३७ अक्षर हैं। इसका प्रारम्भ ॥ ॐ **नमः सिद्धं** ॥ वाक्यसे है। ग्रन्थके अन्तमें श्री सूरि जिनचन्द्रान्तेवासी पं. मेधावीरचित १२४ पद्योंका प्रशस्तिपाठ है, जो उपर्युक्त **ब** प्रतिके प्रशस्तिपाठसे अक्षरशः मिलता है। इसके पाठ भी अधिकतर **ब** प्रतिसे मिलते हैं। तो भी पाठ सर्वत्र **ब** प्रतिके समान नहीं हैं। इसमें **त्थ** के स्थानपर **च्छ, ब्भ** के स्थानपर **झ**, विभक्त्यन्त **ओ** के स्थानपर **उ** और **क्ख** के स्थानपर **रक** प्रायः पाया जाता है। इसमें लिपिदोष अत्यधिक है। कहींपर कुछ पाठ छूटा है, तो कहींपर उसकी पुनरावृत्ति की गई है। वर्णव्यत्यय भी बहुत है। इसमें हांसियेकी रेखायें, दण्ड तथा प्रायः अन्तराधिकार-समाप्तिसूचक पुष्पिकायें लाल स्याहीसे और शेष सब भाग काली स्याहीसे लिखा गया है।

जहां तक हमने मिलान किया है इन उपर्युक्त तीन प्रतियोंमें प्रायः कोई ऐसी बात नहीं पायी गई जो **द** और **ब** प्रतियोंसे स्वतन्त्र हो। इसीलिये उनका निर्देश पाठभेदसम्बन्धी टिप्पणोंमें नहीं किया गया है। केवल शोलापुरकी प्रति (३) में एक गाथा (४, २६९७) ऐसी पाई गई है जो **द** और **ब** प्रतियोंमें नहीं है।

हमारे मित्र बंबईनिवासी प्रोफेसर एच. डी. वेलनकरने जैन हस्तलिखित प्रतियोंकी एक उत्तम बृहत् सूची तयार की है, जिसका नाम '**जिनरत्नकोष**' है। यह अभी मुद्रणाधीन है, और पूनाकी 'भण्डारकर ओरियंटल रिसर्च इंस्टिट्यूट' नामक संस्थासे प्रकाशित होनेवाली है। इस सूचीके लेखक द्वारा जो उल्लेख संग्रह किये गये हैं और जो उनकी कृपासे हमें प्राप्त हुए हैं

उनके अनुसार तिलोयपण्णत्तिकी प्रतियां आरा, कारंजा, मूड़बिद्री, पूना और जयपुर जैसे स्थानोंमें विद्यमान हैं । प्रस्तुत संस्करण इन स्थानोंके इस विषयमें रुचि रखनेवाले जिन विद्वानोंके हाथोंमें पहुंचे उनसे हमारी प्रार्थना है कि वे मुद्रित पाठका अपने यहांकी प्रतियोंसे मिलान करें और कमसे कम किसी एक अंशके मुख्य मुख्य पाठभेदोंकी हमें सूचना देने की कृपा करें ।

३ सम्पादन शैली

तिलोयपण्णत्तिके सम्पादकोंका मार्ग पुष्पाच्छादित नहीं, किन्तु बहुत कण्टकाकीर्ण रहा है, तथा अनेक कारणोंसे उनकी कठिनाइयां प्रायः अनुल्लंघनीय रही हैं । प्रथम तो तिलोयपण्णत्तिका विषय ही बहुत गूढ़ है, जो बड़े व्यवसायी विशेषज्ञको छोड़कर अन्य किसीके लिये विशेष आकर्षक नहीं है । इसी कारण प्राचीन साहित्यकी इस शाखाका अध्ययन अभी तक अपने बाल्यकालमें ही है । दूसरे, तिलोयपण्णत्तिका सम्बन्ध साहित्यकी एक ऐसी शाखासे है, जिसके ग्रन्थोंकी संख्या जैन साहित्य भंडारमें अपेक्षाकृत अल्प ही है । यद्यपि किरफेल सा. ने जैन लोकज्ञानका संग्रहात्मक व्यवस्थित विवरण दिया है, तथापि अर्धमागधी साहित्यके ' सूरियपण्णत्ति,' ' जंबुद्दीवपण्णत्ति ' और ' चंदपण्णत्ति ' तथा नेमिचन्द्रकृत ' तिलोयसार', सिंहसूरिकृत ' लोकविभाग', पद्मनन्दिकृत ' जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति', इन्द्रवामदेवकृत 'त्रैलोक्यदीपिका', शुभचन्द्रकृत ' त्रैलोक्यप्रज्ञप्ति ' आदि ग्रन्थोंका स्वतंत्रतासे अथवा तद्विषयक अन्य साहित्यकी तुलनात्मक दृष्टिसे पूरा पूरा अध्ययन नहीं किया गया है । तीसरे, तिलोयपण्णत्ति हिन्दी अनुवादसहित प्रथम वार ही सम्पादित की जारही है । हस्तलिखित प्रतियोंकी सामग्री संतोषजनक नहीं है तथा ग्रन्थकी किसी संस्कृतटीका, छाया अथवा टिप्पण आदिकी सहायता भी सम्पादकोंको उपलब्ध नहीं हुई । इस अभावके कारण पठनीय व प्रामाणिक पाठ तैयार करनेमें भी अपनी अधूरी सामग्रीके साथ वेचारे सम्पादकोंको कठिन युद्ध करना पड़ा है । अन्ततः, अच्छी प्रतियोंके अभावमें प्राकृत भाषा निश्छलबुद्धि सम्पादकके लिये नाना प्रकारकी कठिनाइयां उपस्थित करती है ।

पाठसंशोधनके आदर्शोंका पूर्ण ध्यान रखते हुए सम्पादक यह दावा नहीं करते कि तिलोयपण्णत्तिका जो पाठ इस संस्करणमें प्रस्तुत किया जा रहा है वह उक्त आदर्शोंपर पूर्ण उतरता है । किन्तु वे यह कह सकते हैं कि प्राप्य सामग्रीकी सीमाओंके भीतर यह पूर्णतः प्रामाणिक है । पूर्णतः विवेचनात्मक पाठ तो तभी तयार किया जासकता है जब समस्त उपलब्ध हस्तलिखित प्रतियोंकी तुलना की जाय, उनके पाठभेद व्यवस्थित किये जाँय, और उनका महत्त्व निश्चित किया जाय । द और ब प्रतियां एक दूसरेसे यथेष्ट स्वतन्त्र हैं, अत एव उनके द्वारा लिपिकारकृत त्रुटियोंका निराकरण सरलतासे किया जा सका । वर्णविवेक आदि बातोंमें संस्करणमें एकनियमता रखनेका प्रयत्न किया गया है । संपादक प्राकृत अर्थात् मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषाके अन्तर्गत प्रभेदोंकी ओर पूर्णतया सतर्क रहे हैं, और नियमतः पीछेके व्याकरणसम्बन्धी

आदर्शोंके साथ उनका जबरदस्ती मेल न कराकर उन्होंने हस्तप्रतियोंके पाठोंका ही अनुकरण किया है। अनेक स्थानोंपर संदिग्ध शब्दों व रूपोंका समर्थन पिशलकृत 'ग्रेमैटिक डेर प्राकृत स्प्राख' (स्ट्रासबर्ग १९०० तथा इण्डिअन एण्टीक्वेरीकी जिल्दोंमें छपी हुई उसकी शब्द-सूची) और हरगोविन्द शास्त्री कृत 'पाइअसद्दमहण्णवो' (कलकत्ता सं. १९८५) में प्रस्तुत की हुई सामग्रीके प्रकाशमें किया गया है। जहां दोनों प्रतियोंका पाठ समान पाया गया है वहां पीछेके प्राकृत वैयाकरणोंकी स्वीकृति या अस्वीकृतिकी चिन्ता न करके भाषाप्रभेदसूचक चिह्नोंको सावधानीसे सुरक्षित रक्खा गया है। संक्षेपमें, सम्पादकोंने प्रतियोंके साथ यथासम्भव पूर्ण सम्पर्क रक्खा है तथा उन हस्तप्रतियों द्वारा प्रस्तुत पाठपरंपराका सच्चा और विवेकपूर्ण संरक्षण करना उनका सर्वत्र मार्गदर्शी नियम रहा है। जैसा कि ऊपर कह आये हैं, इसीके प्रारम्भिक प्रयोगस्वरूप ग्रन्थका एक भाग सम्पादकोंमेंसे एकके द्वारा पहिले भी सम्पादित किया गया था (यतिवृषभकृत तिलोयपण्णत्ति भाग १, डा. ए. एन. उपाध्याय द्वारा सम्पादित व जैन सिद्धान्त भवन आरासे १९४१ में प्रकाशित)। तथा उसीके सम्बन्धमें धवलाके प्रधान सम्पादक प्रोफेसर हीरालाल द्वारा महत्त्वपूर्ण ज्ञातव्य बातें प्रकाशमें लाई गईं। इसपरसे दोनोंको यह अनुभव हुआ कि उक्त दोनों प्रतियोंके पाठ अनेक जगह भ्रष्ट हैं, ऐसे ग्रन्थ उनके जीवनमें केवल एक बार ही प्रकाशित हो सकते हैं तथा उन्हें केवल भाषाशास्त्रियों और पाठविवेचकोंकी आवश्यकताओंका ही ध्यान नहीं रखना है, किन्तु उन्हें उन धार्मिक पाठकोंका भी विचार करना है जो इस ग्रन्थका उपयोग प्रधानतः उसके विषयके लिये करेंगे और जिनकी संख्या भी अपेक्षाकृत अधिक होगी। इन विचारोंपरसे उन्हें पाठोंमें कुछ संशोधन करनेकी आवश्यकता पड़ी। ये संशोधन ग्रन्थकारकी रचनाके सुधाररूप नहीं हैं, किन्तु वर्णविभ्रान्ति, छन्द व प्रसंगको ध्यानमें रखते हुए सम्पादकोंने केवल उस आधार-भूत पाठपर पहुंचनेका प्रयत्न किया है जहांसे उपलब्ध पाठविकार सम्भवतः प्रारम्भ हुए होंगे। सम्पादक कुछ काल तक इस दुविधामें पड़े रहे कि ऐसे पाठ दिये कहां जांय ? उनके सामने दो मार्ग थे। एक तो यह कि दोनों प्रतियोंमें समानरूपसे पाये जाने वाले विकृत पाठ ही लिपिकारोंकी पीढ़ियोंद्वारा भ्रष्ट किये गये रूपोंके भग्नावशेषस्वरूपसे मूल पाठमें ही रक्खे जांय। दूसरा मार्ग यह था कि संशोधित पाठ ही मूल पाठमें ग्रहण करलिया जाय और **द** व **ब** के भ्रष्ट दिखनेवाले पाठ नीचे टिप्पणमें दे दिये जांय। कड़े नियमके अनुसार प्रथम मार्ग ही वांछनीय था, किन्तु दूसरे मार्गमें कुछ व्यावहारिक सुविधायें दिखायी दीं। एक तो विषयमें रुचि रखनेवाले अधिकांश पाठक सार्थक पाठ ही पसंद करेंगे, और दूसरे जब हम हिन्दी अनुवाद मूल पाठके साथ दे रहे हैं तब उसकी संगति तो उसी संशोधित पाठसे ही बैठती है, न कि प्रतियोंके भ्रष्ट पाठोंसे। पाठविवेचक विद्वानोंसे हमारी प्रार्थना है कि वे अपनी दृष्टि प्रतियोंके पाठ देखनेके लिये टिप्पणोंकी ओर रक्खें। कहीं कहीं कुछ दूरंदेशी संशोधन टिप्पणोंमें भी कोष्ठकके भीतर रक्खे गये हैं। ये सब संशोधन केवल सम्भवनीय ही हैं और उनके स्थानपर अधिक

अच्छे सुझावके लिये पूर्ण क्षेत्र है। हमें यह ध्यान रखना चाहिये कि ये संशोधन तब तक सम्भवनीय कोटिमें ही रहेंगे जब तक कि उनका समर्थन किन्हीं प्राचीन प्रतियोंके पाठोंसे न हो जाय।

प्रतियोंके कुछ पत्रोंपर संदृष्टियां इसप्रकार रखी गई हैं कि बहुधा इस बातका निर्णय करना कठिन है कि उनका सम्बन्ध किन गाथाओंसे हैं। कहीं कहीं उनमेंकी संख्यायें सर्वथा शुद्ध नहीं हैं, और कहीं कहीं वे समझमें भी नहीं आतीं, जैसे–पृ. ११ गा. ९१, पृ. १७ गा. १३८, पृ. २५ गा. १८०, पृ. ३३ गा. २२०, पृ. ५० पंक्ति ४, पृ. ६६ गा. ९५, पृ. ८३ गा. १९५ व पृ. ९९ गा. २८८ इत्यादि। प्रथम दो प्रकारके स्थलोंपर गाथाओंके सावधानतापूर्वक अर्थनिर्णयसे संदृष्टियोंके स्थानका निर्णय करनेमें सहायता मिली है। किन्तु अन्तिम प्रकारके स्थलोंपर संदृष्टियोंको मूलके अनुसार रखकर ही छोड़ देना पड़ा है। हमारा यह निश्चित मत है कि दोनों ही प्रतियोंमें कहीं कहींपर कुछ गाथायें छूट गई हैं। उदाहरणार्थ द्वितीय महाधिकारमें गाथा १९३-१९४ के बीच, चतुर्थ महाधिकार गाथा ६८०-६८१, १०५१-१०५२, २४१५-२४२६ व २४४९-२४५० के बीच। कुछ गाथाओंकी रचना एक ही ढांचेकी है और इसीके सहारे हम कहीं कहीं त्रुटित गाथाओंकी पूर्ति कर सके। ऐसे कल्पित पाठोंको कोष्टकमें रक्खा गया है (देखो पृ. १७९, १८०, १८१, १८२, २२८, २२९, ४८९)। कोष्टकका उपयोग प्रायः सम्पादकीय कल्पनाओंके लिये किया गया है। गद्य भाग इतने भ्रष्ट हैं कि उनमें सम्पादक बहुत चकराये। किन्तु सौभाग्यसे कुछ स्थलोंपर धवला टीकासे सहायता मिली, जिसके कर्ताने तिलोयपण्णत्तिका उपयोग किया है। (देखो ति. प. पृ. ४३-४६, ध. पु. ४ पृ. ५१-५५; ति. प. पृ. ४८, ४९, ध. पु. ४ पृ. ८८-९१)।

जिन पाठविवेचकोंको ऐसे ग्रन्थोंके सम्पादन करनेका अनुभव है वे वर्तमान सम्पादकोंके इस पाठव्यवस्थासम्बन्धी प्राथमिक प्रयासको सहानुभूतिपूर्वक देखेंगे ऐसी आशा है। वे जो कुछ विधानात्मक समालोचना करेंगे उसका सम्पादक धन्यवादपूर्वक स्वागत करेंगे। अनुभवने हमें एक ओर, विशेषत: जैन समाजमेंसे, ऐसे समालोचकगणका ध्यान रखना सिखाया है, जिन्हें विवेचनात्मक पाठसंशोधनप्रणालीका परिचय नहीं है और जो उपदेशक भावके साथ यह कह कर इस प्रयासकी उपेक्षा करेंगे कि पाठको और भी अच्छे रूपमें प्रस्तुत करना चाहिये था। किन्तु उचित यही है कि उनकी कटु समालोचनाकी विशेष परवाह न की जाय। हमारा उनसे केवल यही निवेदन है कि बहतर प्रयास करनेसे उन्हें किसीने नहीं रोका तथा स्वयं उनका बहतर प्रयास भी आदर्शसे कोसों दूर रहेगा—'न हि वन्ध्या विजानाति परप्रसववेदनाम्'। यह तो एक प्राथमिक पाठव्यवस्थाका प्रयास है। आशा यही की जाती है कि और अधिक प्राचीन प्रतियोंके पाठ मिलाये य और तिलोयपण्णत्तिके पूर्ण समालोचनात्मक पाठपर पहुंचनेके लिये और और प्रयास किये

जाँय। सम्पादकोंका यह तो दावा ही नहीं है कि उनके द्वारा व्यवस्थित पाठ तथा उसका प्रस्तुत अनुवाद ही इस ग्रन्थका शुद्ध अन्तिम रूप है। यह तो केवल प्रथम प्रयास है और सम्पादकोंने उपलब्ध सामग्रीकी सीमाके भीतर भरसक प्रयत्न किया है।

हिन्दी अनुवाद देनेमें सम्पादकोंका लक्ष्य दो बातोंपर रहा है। एक तो अधिकांश पाठक, विशेषतः जैन समाजके, जो इस ग्रन्थके विषयको धार्मिक श्रद्धाकी दृष्टिसे देखेंगे, वे गुजराती, मराठी, कन्नड या बंगाली जैसी प्रान्तीय भाषाओंकी अपेक्षा हिन्दी भाषामें अनुवादका अधिक आदर करेंगे। दूसरे, भारतवर्षकी समस्त प्रचलित भाषाओंमेंसे हिन्दी भाषाको राष्ट्रीय भाषा बननेका निश्चयतः सर्वोच्च अधिकार है और जितना ही हम उसे ऐसे अनुवादोंसे पुष्ट बनावेंगे उतनी ही अधिक भविष्यमें उसकी समृद्धि होगी। प्रस्तुत हिन्दी अनुवाद मूल पाठका यथासंभव शब्दानुगामी है। स्थानाभावसे सम्पादक विषयसम्बन्धी विशेष विवरणमें नहीं जासके। जहांपर विषय प्रसंगको स्पष्ट करनेके लिये मूल पाठके अतिरिक्त कुछ विषय जोड़ना या सुधारना आवश्यक प्रतीत हुआ वहां त्रिलोकसार, हरिवंशपुराण, जंबूदीवपण्णत्तिसंगह, महापुराण, लोकप्रकाश, प्रवचन-सारोद्धार, क्षेत्रसमास (लघु व बृहत्) व बृहत्संग्रहणी आदि ग्रन्थोंके आधारसे विशेषार्थ, उदाहरणके रूपमें, अथवा कोष्टकमें या ' अर्थात् ' पद देकर जोड़ या सुधार किया गया है।

४ विरोध परिहार

कितने ही उत्तरदायी स्थानोंसे हमें यह सूचना प्राप्त हुई कि तिलोयपण्णत्तीके पाठके साथ हिन्दी अनुवादके अतिरिक्त संस्कृत छाया भी दी जानी चाहिये। सम्पादक इस सूचनाके सद्भावका आदर करते हैं, किन्तु उन्हें खेदके साथ कहना पड़ता है कि जो इस सूचनाको सिद्धान्तरूपसे प्रस्तुत करते हैं उन्होंने कभी उसकी आवश्यकताके विवेचन करनेका प्रयत्न नहीं किया। अतएव यह प्रश्न खड़ा हो सकता है कि क्या संस्कृत छाया न देनेमें सम्पादक अपने कर्तव्यसे च्युत या उसमें शिथिलप्रयत्न हो रहे हैं ? इस प्रश्नका शान्त हृदयसे उत्तर दिया जा सकता है। सिद्धान्ततः तिलोयपण्णत्तिका अध्ययन भिन्न भिन्न पाठक भिन्न भिन्न दृष्टिकोणोंसे कर सकते हैं। धार्मिक पाठक उसे उसके विषयके लिये श्रद्धासे पढ़ेंगे, क्योंकि वह यतिवृषभ जैसे प्राचीन और प्रामाणिक आचार्यकी रचना है। उनके शब्दोंका हमें अवश्य श्रद्धापूर्वक आदर करना चाहिये। उन्होंने यह ग्रन्थ प्राकृतमें रचा है और जहां तक प्राचीन प्रतियोंसे पता चलता है, उन्होंने कहीं कोई छाया इसमें नहीं दी है। वैयक्तिक शिकायतको व्यापक बनाकर नहीं चलना चाहिये। जो केवल पाली भाषा जानता है उसे यह आशा नहीं करना चाहिये कि किसी संस्कृत ग्रन्थका सम्पादक उसके साथ पालीभाषान्तर जोड़े और न संस्कृतके ज्ञाताको प्राकृत ग्रन्थके साथ संस्कृत छाया दी जाने की आशा करना चाहिये, जब कि स्वयं ग्रन्थकारने कोई छाया नहीं जोड़ी। व्यावहारिक दृष्टिसे भी जब हम विचार करते हैं तो ज्ञात होता है कि

दुर्भाग्यसे आजकल प्राकृत समझनेवालोंकी संख्या बहुत नहीं है और विशेषतः ऐसे ही पाठकोंके हितार्थ हिन्दी अनुवाद जोड़ा गया है। जो प्राकृत व हिन्दी दोनों नहीं जानते और केवल संस्कृत जानते हैं उनकी संख्या इतनी अल्प है कि उंगलियोंपर गिनी जा सकती है। उन इन गिने सज्जनोंकी वैयक्तिक शिकायत हमें छाया जोड़ने तथा ग्रन्थका कलेवर व मूल्य बढ़ानेकी ओर प्रोत्साहित करनेके लिये पर्याप्त नहीं है। यह सत्य है कि विद्वानोंमें भी प्राकृत ग्रन्थोंको केवल छायाके आधारसे पढ़ने-पढ़ानेकी पद्धति हो गई है। पर इसके फलस्वरूप बड़े अनर्थ उत्पन्न हुए हैं, जिनके विरुद्ध सम्पादकोंने कई बार आवाज उठाई है। ऐतिहासिक व भाषात्मक दृष्टिसे भी छाया देना न्यायसंगत नहीं ठहरता। छायाका ऐसा अनर्थकारी प्रभाव पड़ता है कि बहुतसे पाठक केवल छायाको ही पढ़ते हैं और ग्रंथकारकृत मूल पाठको चुपचाप छोड़ बैठते हैं। प्राकृत ग्रन्थोंकी दृष्टिसे लापरवाहीके कारण बहुत क्षति हुई है, क्योंकि भाषाकी दृष्टिसे अनेक ग्रन्थोंकी लिपि-परम्परा सावधानीसे सुरक्षित नहीं रक्खी गई। हमें कुछ ऐसे ग्रन्थोंका भी परिचय है, जिनकी हस्तलिखित प्रतियोंमें केवल संस्कृत छाया ही सुरक्षित रही है। उदाहरणार्थ, मद्रासमे प्राप्त 'चन्द्रलेखा' नामक प्राकृत सट्टक (दृश्यकाव्य-विशेष) की प्रतिमें केवल संस्कृत छाया उपलब्ध है, मूल प्राकृत पाठ नहीं है। यह छाया देनेकी प्रणालीका ही फल है कि दिगम्बर पण्डितोंमें प्रायः प्राकृत अध्ययनका अभाव ही हो गया है। ऐसी परिस्थितिमें हम जितने जल्दी ठीक मार्गपर आजांय उतना ही भविष्यकी शिक्षाप्रणालीके लिये हितकारी होगा। अत एव सम्पादकोंको यह कहनेमें कोई संकोच नहीं कि वे छाया न देनेमें सैद्धान्तिक व व्यावहारिक दोनों दृष्टियोंसे अभीष्ट प्रणालीका ही अनुकरण कर रहे हैं। उनका आन्तरिक ध्येय यही है कि विद्वान् ऐसे ग्रन्थोंका परकृत छायापरसे अध्ययन न करके स्वयं ग्रन्थकारद्वारा लिखित मौलिक भाषामें ही अध्ययन करें।

विषयानुक्रमणिका

महाधिकार ४ १–२९६१

जदिवसहाइरिय-विरइदा

तिलोयपण्णत्ती

[पढमो महाधियारो]

[1]अट्ठविहकम्मवियला णिट्ठियकज्जा पणट्ठसंसारा । दिट्ठसयलत्थसारा सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु ॥ १

घणघाइकम्ममहणा तिहुवणवरभव्वकमलमत्तंडा । अरिहा [2]अणंतणाणे अणुवमसोक्खा जयंतु जए ॥ २

पंचमहव्वयतुंगा तक्कालियसपरसमयसुदधारा । णाणागुणगणभरिया आइरिया मम पसीदंतु[3] ॥ ३

अण्णाणघोरतिमिरे[4] दुरंततीरम्हि हिंडमाणाणं । भवियाणुज्जोययरा[5] उवज्झया वरमदिं देंतु[6] ॥ ४

थिरधरियसीलमाला[7] ववगयराया जसोहपडहत्था । बहुविणयभूसियंगा सुहाइं साहू पयच्छंतु ॥ ५

एवं वरपंचगुरू तियरणसुद्धेण णमंसिऊणाहं । भव्वजणाण पदीवं वोच्छामि तिलोयपण्णत्तिं ॥ ६

जो आठ प्रकार के कर्मोंसे विकल अर्थात् रहित हैं, करने योग्य कार्योंको कर चुके हैं अर्थात् कृतकृत्य हैं, जिनका जन्म-मरण रूप संसार नष्ट हो चुका है, और जिन्होंने सम्पूर्ण पदार्थोंके सारको देख लिया है अर्थात् जो सर्वज्ञ हैं, ऐसे सिद्ध परमेष्ठी मेरे लिये सिद्धि प्रदान करें ॥ १ ॥

जो प्रबल घातिया कर्मोंका मथन करनेवाले हैं, तीन लोकके उत्कृष्ट भव्य जीवरूपी कमलों के विकसित करनेमें मार्तण्ड अर्थात् सूर्य के समान हैं, अनंतज्ञानी हैं, और अनुपम सुखका अनुभव करनेवाले हैं, ऐसे अरिहन्त भगवान् जगमें जयवन्त होवें ॥ २ ॥

चौथी पृथिवीके अधस्तन भागमें वातरुद्ध क्षेत्रके घनफलको कहते हैं—चतुर्थ पृथिवीका वातावरुद्ध क्षेत्र तीन बटे सात भाग ($\frac{३}{७}$) कम चार राजु विस्तारवाला, सात राजु लंबा, और साठ

सट्ठिजोयणसहस्सबाहल्ला पण्णरसलक्खजोयणाणं एगूणवंचासभागबाहल्लं जगपदरं होदि। = $\frac{१५०००००}{४९}$ ।

पंचमपुढवीए हेट्ठिमभागावरुद्धवादखेत्तघणफलं चत्तारिसत्तमभागूणपंचरज्जुविक्खंभा सत्तरज्जुआयदा सट्ठिजोयणसहस्सबाहल्ला सट्ठिसहस्साहियअट्ठारसलक्खाणं एगूणवंचासभागबाहल्लं जगपदरं होदि। = $\frac{१८६००००}{४९}$ ।

छट्ठपुढवीए हेट्ठिमभागावरुद्धवादखेत्तघणफलं पंचसत्तमभागूणछरज्जुविक्खंभा सत्तरज्जुआयदा सट्ठिजोयणसहस्सबाहल्ला वीससहस्साहियबावीसलक्खाणमेगूणवंचासभागबाहल्लं जगपदरं होदि। = $\frac{२२२००००}{४९}$ ।

सत्तमपुढवीए हेट्ठिमभागावरुद्धवादखेत्तघणफलं छसत्तमभागूणसत्तरज्जुविक्खंभा सत्तरज्जुआयदा सट्ठिजोयणसहस्सबाहल्ला सीदिसहस्साधियपंचवीसलक्खाण एगूणवंचासभागबाहल्लं जगपदरं होदि। = $\frac{२५८००००}{४९}$ । अट्ठमपुढवीए हेट्ठिमभागवादावरुद्धखेत्तघणफलं सत्तरज्जुआयदा एगरज्जुविक्खंभा

हजार योजन मोटा है। इसका घनफल पन्द्रह लाख योजनके उनंचासवें भाग बाहल्यप्रमाण जगप्रतर होता है।

$$\frac{२५}{७} × ७ × ६०००० = \frac{७ × १५००००० × ७}{७ × ७} = \frac{१५०००००}{४९} × ४९$$

पांचवीं पृथिवीके अधस्तन भागमें अवरुद्ध वातक्षेत्रके घनफलको कहते हैं— पांचवीं पृथिवीके अधोभागमें वातावरुद्ध क्षेत्र चार बटे सात भाग ($\frac{४}{७}$) कम पांच राजु विस्ताररूप, सात राजु लम्बा और साठ हजार योजन मोटा है। इसका घनफल अठारह लाख साठ हजार योजनके उनंचासवें भाग बाहल्यप्रमाण जगप्रतर होता है।

$$\frac{३१}{७} × ७ × ६०००० = \frac{७ × १८६०००० × ७}{७ × ७} = \frac{१८६००००}{४९} × ४९$$

छठी पृथिवीके अधस्तन भागमें वातावरुद्ध क्षेत्रके घनफलको कहते हैं— पांच बटे सात भाग ($\frac{५}{७}$) कम छह राजु विस्तारवाला, सात राजु लंबा और साठ हजार योजन बाहल्यवाला छठी पृथिवीके नीचे वातरुद्ध क्षेत्र है; इसका घनफल बाईस लाख बीस हजार योजनके उनंचासवें भाग बाहल्यप्रमाण जगप्रतर होता है।

$$\frac{३७}{७} × ७ × ६०००० = \frac{७ × २२२०००० × ७}{७ × ७} = \frac{२२२००००}{४९} × ४९$$

सातवीं पृथिवीके अधोभागमें वातरुद्ध क्षेत्रके घनफलको कहते हैं— सातवीं पृथिवीके नीचे वातावरुद्ध क्षेत्र छह बटे सात भाग ($\frac{६}{७}$) कम सात राजु विस्तारवाला, सात राजु लंबा और साठ हजार योजन मोटा है। इसका घनफल पच्चीस लाख अस्सी हजार योजनके उनंचासवें भाग बाहल्यप्रमाण जगप्रतर होता है।

$$\frac{४३}{७} × ७ × ६०००० = \frac{७ × २५८०००० × ७}{७ × ७} = \frac{२५८००००}{४९} × ४९$$

अष्टम पृथिवीके अधस्तन भागमें वातावरुद्ध क्षेत्रके घनफलको कहते हैं— अष्टम पृथिवीके अधस्तन भागमें वातावरुद्ध क्षेत्र सात राजु लंबा, एक राजु विस्तारयुक्त और साठ हजार योजन

---

१ द भागूणछरज्जु°. २ द हेट्ठिभागा°.

सट्ठिजोयणसहस्सबाहल्ला एसा अप्पणो बाहल्लस्स[1] सत्तभागबाहल्लं जगपदरं होदि । $= \frac{६००००}{७}$ ।
एवं सव्वमेगट्ठ मेलाविदे[2] येत्तियं होदि— $= \frac{१०९२००००}{४९}$ ।

॥ एवं वादावरुद्धखेत्तघणफलं समत्तं ॥

संपहि अट्ठण्हं पुढवीमं पत्तेक्कं विंदफलं थोरुवएण वत्तइस्सामो—

तत्थ पढमपुढवीए एगरज्जुविक्खंभा सत्तरज्जुदीहा वीससहस्सूणबेजोयणलक्खबाहल्ला एसा अप्पणो बाहल्लस्स सत्तमभागबाहल्लं जगपदरं होदि । $= \frac{१८००००}{७}$ । बिदियपुढवीए सत्तमभागूणबेरज्जुविक्खंभा सत्तरज्जुआयदा बत्तीसजोयणसहस्सबाहल्ला सोलससहस्साहियचदुण्हं[3] लक्खाणमेगूणवंचासभागबाहल्लं जगपदरं होदि । $= \frac{४१६०००}{४९}$ । तदियपुढवीए बेसत्तमभागहीणतिण्णिरज्जुविक्खंभा सत्तरज्जुआयदा अट्ठावीसजोयणसहस्सबाहल्ला बत्तीससहस्साहियपंचलक्खजोयणाणं एगूणवंचासभागबाहल्लं जगपदरं होदि । $= \frac{५३२०००}{४९}$ । चउत्थपुढवीए तिण्णिसत्तमभागूणचत्तारिरज्जुविक्खंभा सत्तरज्जुआयदा चउवीस-

....

बाहल्यवाला है । इसका घनफल अपने बाहल्यके सातवें भाग बाहल्यप्रमाण जगप्रतर होता है ।

$$१ \times ७ \times \frac{६०००० \times ७०}{७} = \frac{६०००० \times ४९}{७}$$

इस सबको इकट्ठा मिलानेपर निम्नप्रकार कुल घनफल होता है—

$$\frac{४२००००}{४९} + \frac{७८००००}{४९} + \frac{११४००००}{४९} + \frac{१५०००००}{४९} + \frac{१८६००००}{४९}$$
$$+ \frac{२२२००००}{४९} + \frac{२५८००००}{४९} + \frac{४२००००}{४९} = \frac{१०९२०००० \times ४९}{४९}$$

इसप्रकार वातावरुद्ध क्षेत्रके घनफलका वर्णन समाप्त हुआ ।

अब आठ पृथिवियोंमेंसे प्रत्येक पृथिवीके घनफलको संक्षेपमें कहते हैं—इनमेंसे प्रथम पृथिवी एक राजु विस्तृत, सात राजु लंबी, और बीस हजार कम दो लाख, अर्थात् एक लाख अस्सी हजार योजन मोटी है । इसका घनफल अपने बाहल्य (१८०००० यो.) के सातवें भाग बाहल्यप्रमाण जगप्रतर होता है ।

$$१ \times ७ \times १८०००० = \frac{७ \times १८०००० \times ७}{७} = \frac{१८०००० \times ४९}{७}$$

दूसरी पृथिवी सातवें भाग कम दो राजु विस्तारवाली, सात राजु आयत और बत्तीस हजार योजन मोटी है । इसका घनफल चार लाख सोलह हजार योजनके उनंचासवें भाग बाहल्यप्रमाण जगप्रतर होता है ।

$$\frac{१३}{७} \times \frac{७}{१} \times \frac{३२०००}{१} = \frac{७ \times ४१६००० \times ७}{७ \times ७} = \frac{४१६००० \times ४९}{४९}$$

तीसरी पृथिवी दो बटे सात भाग ($\frac{२}{७}$) कम तीन राजु विस्तारवाली, सात राजु आयत, और अट्ठाईस हजार योजन मोटी है । इसका घनफल पांच लाख बत्तीस हजार योजनके उनंचासवें भाग बाहल्यप्रमाण जगप्रतर होता है ।

$$\frac{१९}{७} \times \frac{७}{१} \times \frac{२८०००}{१} = \frac{७ \times ५३२००० \times ७}{७ \times ७} = \frac{५३२००० \times ४९}{४९}$$

चतुर्थ पृथिवी तीन बटे सातभाग ($\frac{३}{७}$) कम चार राजु विस्तारवाली, सात राजु लंबी,

....

१ द ब बाहल्लं से. २ द ब सव्वमेगं पमेलाविदे. ३ ब चउण्हं. ४ द लक्खाण एगूण°.

जोयणसहस्सबाहल्ला छजोयणलक्खाणं एगूणवंचासभागबाहल्लं जगपदरं होदि । = $\frac{६०००००}{४९}$ । पंचमपुढवीए चत्तारिसत्तभागूणपंचरज्जुविक्खंभा सत्तरज्जुआयदा वीसजोयणसहस्सबाहल्ला वीससहस्साहिय छण्णं लक्खाणमेगूणवंचासभागबाहल्लं जगपदरं होदि । = $\frac{६२००००}{४९}$ । छट्ठमपुढवीए पंचसत्तभागूणछरज्जुविक्खंभा सत्तरज्जुआयदा सोलसजोयणसहस्सबाहल्ला बाणउदिसहस्साहियपंचण्हं लक्खाणमेगूणवंचासभागबाहल्लं जगपदरं होदि । = $\frac{५९२०००}{४९}$ । सत्तमपुढवीए छस[1]त्तमभागूणसत्तरज्जुविक्खंभा ५ सत्तरज्जुआयदा अट्ठजोयणसहस्सबाहल्ला चउदालसहस्साहियतिण्णं लक्खाणमेगूणवंचासभागबाहल्लं जगपदरं होदि । = $\frac{३४४०००}{४९}$ । अट्ठमपुढवीए सत्तरज्जुआयदा एक्के[2]रज्जुरुंदा अट्ठजोयण[3]बाहल्ला सत्तमभागाहियेय[4]जोयणबाहल्लं जगपदरं होदि । = $\frac{८}{७}$ ।

....

और चौबीस हजार योजन मोटी है । इसका घनफल छह लाख योजनके उनंचासवें भाग बाहल्यप्रमाण जगप्रतर होता है ।

$$\frac{२५}{७} \times \frac{७}{१} \times \frac{२४०००}{१} = \frac{७ \times ६०००००}{७ \times ७} \times ७ = \frac{६००००० \times ४९}{४९}$$

पांचवीं पृथिवी चार बटे सात भाग ($\frac{४}{७}$) कम पांच राजु विस्तारयुक्त, सात राजु लंबी, और बीस हजार योजन मोटी है । इसका घनफल छह लाख बीस हजार योजनके उनंचासवें भाग बाहल्यप्रमाण जगप्रतर होता है ।

$$\frac{३१}{७} \times \frac{१}{७} \times \frac{२००००}{१} = \frac{७ \times ६२०००० \times ७}{७ \times ७} = \frac{६२०००० \times ४९}{४९}$$

छठी पृथिवी पांच बटे सात भाग ($\frac{५}{७}$) कम छह राजु विस्तारवाली, सात राजु आयत, और सोलह हजार योजन बाहल्यवाली है । इसका घनफल पांच लाख बानबै हजार योजनके उनंचासवें भाग बाहल्यप्रमाण जगप्रतर होता है ।

$$\frac{३७}{७} \times \frac{७}{१} \times \frac{१६०००}{१} = \frac{७ \times ५९२०००}{७ \times ७} \times ७ = \frac{५९२००० \times ४९}{४९}$$

सातवीं पृथिवी छह बटे सात भाग ($\frac{६}{७}$) कम सात राजु विस्तारवाली, सात राजु आयत, और आठ हजार योजन बाहल्यवाली है । इसका घनफल तीन लाख चवालीस हजार योजनके उनंचासवें भाग बाहल्यप्रमाण जगप्रतर होता है ।

$$\frac{४३}{७} \times \frac{७}{१} \times \frac{८०००}{१} = \frac{७ \times ३४४०००}{७ \times ७} \times ७ = \frac{३४४००० \times ४९}{४९}$$

आठवीं पृथिवी सात राजु आयत, एक राजु विस्तारवाली और आठ योजन मोटी है । इसका घनफल सातवें भागसहित एक योजन बाहल्यप्रमाण जगप्रतर होता है ।


$$७ \times १ \times ८ = \frac{७ \times ८ \times ७}{७} = \frac{८}{७} \times ४९$$

....

१ द ससत्तभागूण°. २ द एगरज्जु°. ३ द अट्ठसहस्सजोयण°. ४ द भागाहियेयजो°.

एदाणि सव्वमेलिदे एत्तियं होदि— $= \frac{४३६४०५६}{४९}$ ।

एदेहिं दोहिं खेत्ताणं विंदफलं संमेलिय सयललोयम्मि अवणीदे अवसेसं सुद्धायासपमाणं होदि । तस्स ठवणा—



केवलणाणतिणेत्तं चोत्तीसादिसयभूदिसंपण्णं । णाभेयजिणं तिहुवणणमंसणिज्जं णमंसामि ॥ २८३

एवमाइरियपरंपरागयतिलोयपण्णत्तीए सामण्णजगसरूवणिरूवणपण्णत्ती णाम

पढमो महाधियारो सम्मत्तो ॥ १ ॥

इस सबको मिलानेपर निम्नप्रकार प्रमाण होता है—

$$\frac{१२६००००}{४९} + \frac{४१६०००}{४९} + \frac{५३२०००}{४९} + \frac{६०००००}{४९} + \frac{६२००००}{४९} + \frac{५५२०००}{४९} + \frac{३४४०००}{४९} + \frac{८}{७} = \frac{४३६४०५६ \times ४९}{४९}$$

उपर्युक्त इन दोनों क्षेत्रोंके (वातावरुद्धक्षेत्र और आठ भूमियोंके) घनफलको मिलाकर उसे सम्पूर्ण लोकमेंसे घटा देनेपर अवशिष्ट शुद्ध आकाशका प्रमाण होता है । उसकी स्थापना यह है—(देखो मूल पाठ ?)

केवलज्ञानरूपी तीसरे नेत्रके धारक, चौंतीस अतिशयरूपी विभूतिसे सम्पन्न, और तीनों लोकोंकेद्वारा नमस्करणीय, ऐसे नाभेय जिन अर्थात् ऋषभ जिनेन्द्रको मैं नमस्कार करता हूं ॥ २८३ ॥

इसप्रकार आचार्यपरंपरागत त्रिलोक-प्रज्ञप्तिमें सामान्यजगस्वरूपनिरूपणप्रज्ञप्तिनामक

प्रथम महाधिकार समाप्त हुआ.

[बिदुओ महाधियारो]

अजियजिणं जियमयणं दुरितहरं आजवंजवातीदं । पणमिय णिरुवमाणं णारयलोयं णिरूवेमो ॥ १
णिद्वयणिवासखिदिपरमाणं आउदयओहिपरिमाणं । गुणठाणादीणं च य संखा उप्पज्जमाणजीवाणं ॥ २
जम्मणमरणाणंतरकालपमाणादि एक्कसमयम्मि । उप्पज्जणमरणाण य परिमाणं तह य आगमणं ॥ ३
णिरयगदिआउबंधणपरिणामा तह य जम्मभूमीओ । णाणादुक्खसरूवं दंसणगहणस्स हेदु जोणीओ ॥ ४
एवं पण्णरसविहा अहियारा वण्णिदा समासेण । तित्थयरवयणणिग्गयणारयपण्णत्तिणामाए ॥ ५
लोयबहुमज्झदेसे तरुम्मि सारं व रज्जुपदरजुदा । तेरसरज्जुच्छेहा किंचूणा होदि तसणाली ॥ ६
ऊणपमाणं दंडा कोडितियं एक्कवीसलक्खाणं । बासट्ठिं च सहस्सा दुसया इगिदाल दुतिभाया ॥ ७

३ २ १ ६ २ २ ४ १ । २ ।
३

अथवा—
उववादमारणंतियपरिणदतसलोयपूरणेण गदो । केवलिणो अवलंबिय सव्वजगो होदि तसणाली ॥ ८

....

जिन्होंने मदन अर्थात् कामदेवको जीत लिया है, पापको नष्ट कर दिया है, तथा जो संसारसे अतीत हैं अर्थात् मोक्षको प्राप्त कर चुके हैं और अनुपम हैं, ऐसे अजित भगवान्को नमस्कार करके नारकलोकका निरूपण करते हैं ॥ १ ॥

एक[1] ही घरमें रहनेवालों अर्थात् नारकियोंकी निवास-भूमियोंका वर्णन, परिमाण[2] अर्थात् नारकियोंकी संख्या, आयु[3]का प्रमाण, शरीर[4]की उंचाईका प्रमाण, अवधि[5]ज्ञानका प्रमाण, गुणस्थ[6]ानादिकोंका निर्णय, नरकों[7]में उत्पद्यमान जीवोंकी व्यवस्था, जन्म[8] और मरणके अन्तरकालका प्रमाणादिक, एक[9] समयमें उत्पन्न होनेवाले और मरनेवाले जीवोंका प्रमाण, नरकं[10]से निकलनेवाले जीवोंका वर्णन, नरकगति[11]सम्बन्धी आयुके बंधक परिणामोंका विचार, जन्म[12]स्थानोंका कथन, नाना[13] दुःखोंका स्वरूप, सम्यग्[14]दर्शनग्रहणके कारण, और नरक[15]में उत्पन्न होनेके कारणोंका कथन, इसप्रकार ये पन्द्रह अधिकार तीर्थंकरके वचनसे निकले इस नारकप्रज्ञप्तिनामक महाधिकारमें संक्षेपसे कहे गये हैं ॥ २–५ ॥

जिसप्रकार वृक्षके ठीक मध्यभागमें सार हुआ करता है, उसीप्रकार लोकके बहुमध्यभाग अर्थात् बीचमें एक राजु लंबी-चौड़ी और कुछ कम तेरह राजु ऊंची त्रसनाली (त्रसजीवोंका निवासक्षेत्र) है ॥ ६ ॥

त्रसनालीको जो तेरह राजुसे कुछ कम ऊंचा बतलाया गया है, उस कमीका प्रमाण यहां तीन करोड़, इक्कीस लाख, बासठ हजार, दोसौ इकतालीस धनुष और एक धनुषके तीन भागोंमेंसे दो भाग अर्थात् $\frac{2}{3}$ है ॥ ७ ॥ त्रसनालीकी उंचाई— ३२१६२२४१$\frac{2}{3}$ धनुष कम १३ राजु.

अथवा— उपपाद और मारणांतिक समुद्घातमें परिणत त्रस तथा लोकपूरणसमुद्घातको प्राप्त केवलीका आश्रय करके सारा लोक ही त्रसनाली है ॥ ८ ॥

विशेषार्थ— विवक्षित भवके प्रथम समयमें होनेवाली पर्यायकी प्राप्तिको उपपाद कहते

....

१ द ब णिद्धइ°.

खरपंकप्पब्बहुला भागा रयणप्पहाए पुढवीए[1] । बहलत्तणं सहस्सा सोलसं[2] चउसीदि सीदी य ॥ ९

१६००० । ८४००० । ८०००० ।

खरभागो णादव्वो सोलसभेदेहिं संजुदो णियमा । चित्तादीओ खिदिओ तेसिं चित्ता बहुवियप्पा ॥ १०

णाणाविहवण्णाओ महिओ तह सिलातला उववादा[3] । वालुवसक्करसीसयरुप्पसुवण्णाण वइरं च ॥ ११

अयतंबतउरसासयमणिसिलाहिंगुलाणि हरिदालं[4] । अंजणपवालगोमज्जगाणि रुजगं कलंभपदराणि ॥ १२

तह अंबवालुकाओ फलिहं जलकंतसूरकंताणि । चंदप्पहवेरुलियं गेरुवचंदस्सलोहिदंकाणि ॥ १३

बंबयबगमोअसारग्गपहुदीणि विविहवण्णाणि । जा होंति त्ति एत्तेण चित्तेत्ति य वण्णिदा एसा[5] ॥ १४

एदाए[6] बहलत्तं एक्कसहस्सं हवंति[7] जोयणया । तीए हेट्ठा कमसो चोद्दस अण्णा य ट्ठिदमही[8] ॥ १५

हैं। वर्तमान पर्यायसम्बन्धी आयुके अन्तिम अन्तर्मुहूर्तमें जीवके प्रदेशोंके आगामी पर्यायके उत्पत्तिस्थान तक फैलजानेको मारणान्तिक समुद्घात कहते है। जब आयुकर्मकी स्थिति सिर्फ अन्तर्मुहूर्त ही बाकी हो, परन्तु नाम, गोत्र और वेदनीय कर्मकी स्थिति अधिक हो, तब सयोगकेवली दण्ड, कपाट, प्रतर और लोकपूरण समुद्घातको करते हैं। ऐसा करनेसे उक्त तीनों कर्मोंकी स्थिति भी आयुकर्मके बराबर होजाती है। इन तीनों अवस्थाओंमें त्रस जीव त्रसनालीके बाहर भी पाये जाते हैं।

अधोलोकमें सबसे पहिली रत्नप्रभा पृथिवी है। उसके तीन भाग हैं — खरभाग, पंकभाग और अब्बहुलभाग। इन तीनों भागोंका बाहल्य क्रमशः सोलह हजार, चौरासी हजार, और अस्सी हजार योजनप्रमाण हैं ॥ ९ ॥

खरभाग १६०००, पंकभाग ८४०००, अब्बहुलभाग ८०००० यो.।

इनमेंसे खरभाग नियमसे सोलह भेदोंसे सहित है। ये सोलह भेद चित्रादिक सोलह पृथिवीरूप हैं। इनमेंसे चित्रा पृथिवी अनेकप्रकार है ॥ १० ॥

यहांपर अनेकप्रकारके वर्णोंसे युक्त महीतल, शिलातल, उपपाद, वालु, शक्कर, शीशा, चांदी, सुवर्ण, इनके उत्पत्तिस्थान, वज्र तथा अयस् (लोहा) तांबा, त्रपु (रांगा), सस्यक (मणिविशेष) मणिशिला, हिंगुल (सिंगरफ), हरिताल, अंजन, प्रवाल (मूंगा), गोमेदक (मणिविशेष), रुचक, कदंब (धातुविशेष), प्रतर (धातुविशेष), ताम्रवालुका (लाल रेत), स्फटिक मणि, जलकान्त मणि, सूर्यकान्त मणि, चन्द्रप्रभ (चन्द्रकान्त मणि), वैडूर्य मणि, गेरु, चन्द्राश्म, लोहितांक (लोहिताक्ष ?), बंबय (पद्मक ?), बगमोच (?), और सारंग, इत्यादिक विविध वर्णवाली धातुएं हैं; इसीलिये इस पृथिवीका ‘ चित्रा ’ इस नामसे वर्णन किया गया है ॥ ११–१४ ॥

इस चित्रा पृथिवीकी मुटाई एक हजार योजन है। इसके नीचे क्रमसे चौदह अन्य पृथिवियां स्थित हैं ॥ १५ ॥

१ द रयणप्पहायि पुढवीए, ब रयणप्पहा य पुढवीणं. २ द ब सोल. ३ ब सिलातला ओववादा. ४ द अरिदालं. ५ द ब वण्णिदो एसो. ६ ब एदाव. ७ द हुवंति. ८ ब द रण्णा य खिदमही.

तण्णामा वेरुलियं लोहिययंकं[1] असारगल्लं च । गोमज्जयं पवालं जोदिरसं अंजणं णाम ॥ १६
अंजणमूलं अंकं फलिहचंदणं च वच्चगयं । बहुला सेला एदा[2] पत्तेक्कं इगिसहस्सबहलाइं ॥ १७
ताण खिदीणं हेट्ठा पासाणं णाम रयणसेलसमा[3] । जोयणसहस्सबहलं वेत्तासणसण्णिहाउ[4] संठाओ ॥ १८
पंकाजिरो य दीसदि एवं[5] पंकबहुलभागो वि । अप्पबहुलो वि भागं सलिलसरूवस्सओ होदि ॥ १९
एवं बहुविहरयणप्पयारभरिदो विराजदे जम्हा । रयणप्पहो त्ति[6] तम्हा भणिदा णिउणेहिं गुणणामा ॥ २०
सक्करवालुवपंका धूमतमा तमतमं च समचरियं । जेणं[7] अवसेसाओ छप्पुढवीओ वि गुणणामा ॥ २१
बत्तीसट्ठावीसं चउवीसं वीस सोलसट्ठं च । हेट्ठिमछप्पुढवीणं बहलत्तं जोयणसहस्सा ॥ २२

३२००० । २८००० । २४००० । २०००० । १६००० । ८००० ।

विगुणियछब्बउसट्ठीसट्ठीउणसट्ठिअट्ठचउवण्णा । बहलत्तणं सहस्सा हेट्ठिमपुढवीयछण्णं पि ॥ २३

वैडूर्य, लोहितांक (लोहिताक्ष), असारगल्ल (मसारकल्पा), गोमेदक, प्रवाल, ज्योतिरस, अंजन, अंजनमूल, अंक, स्फटिक, चन्दन, वर्चगत (सर्वार्थका), बहुल (बकुल) और शैल, ये उन उपर्युक्त चौदह पृथिवियोंके नाम हैं। इनमेंसे प्रत्येककी मुटाई एक हजार योजन है ॥ १६-१७ ॥

इन पृथिवियोंके नीचे एक पाषाण नामकी (सोलहवीं) पृथिवी है, जो रत्नशैलके समान है। इसकी मुटाई भी एक हजार योजनप्रमाण है। ये सब पृथिवियां वेत्रासनके सदृश स्थित हैं ॥ १८ ॥

इसीप्रकार पंकबहुलभाग भी है जो पंकसे परिपूर्ण देखा जाता है। तथैव अब्बहुलभाग जलस्वरूपके आश्रयसे है ॥ १९ ॥

इसप्रकार क्योंकि यह पृथिवी बहुतप्रकारके रत्नोंसे भरी हुई शोभायमान होती है, इसीलिये निपुण पुरुषोंने इसका ' रत्नप्रभा ' यह सार्थक नाम कहा है ॥ २० ॥

रत्नप्रभा पृथिवीके नीचे शर्कराप्रभा, वालुकाप्रभा, पंकप्रभा, धूमप्रभा, तमःप्रभा और तमस्तमःप्रभा (महातमःप्रभा), ये शेष छह पृथिवियां क्रमशः शक्कर, वालु, कीचड़, धूम, अंधकार और महान्धकारकी प्रभासे सहचरित हैं, इसीलिये इनके भी उपर्युक्त नाम सार्थक हैं ॥ २१ ॥

इन छह अधस्तन पृथिवियोंकी मुटाई क्रमसे बत्तीस हजार, अट्ठाईस हजार, चौबीस हजार, बीस हजार, सोलह हजार और आठ हजार योजनप्रमाण है ॥ २२ ॥

श. प्र. ३२०००, बा. प्र. २८०००, पं. प्र. २४०००, धू. प्र. २००००, त. प्र. १६०००, म. प्र. ८००० योजन.

छयासठ, चौंसठ, साठ, उनसठ, अट्ठावन, और चौवन, इनके दुगुणे हजार अर्थात् एक लाख बत्तीस हजार, एक लाख अट्ठाईस हजार, एक लाख बीस हजार, एक लाख अठारह हज़ार, एक लाख सोलह हजार, और एक लाख आठ हजार, योजनप्रमाण उन अधस्तन छह पृथिवियोंकी मुटाई है ॥ २३ ॥

१ [लोहिययक्खं मसार°]. २ द ब सेलं इय एदाइं. ३ ब रयणसोलसम. ४ द ब सण्णिहो. ५ द दिसदि एदा पुव्वं, ब दिसदि एवं. ६ [रयणप्पह त्ति]. ७ द ब जेतं. ८ द ब दुविसट्ठि.

१३२००० । १२८००० । १२०००० । ११८००० । ११६००० । १०८००० ।

पाठान्तरम् ।

सत्त च्चिय भूमीओ णवदिसभाएण घणोवहिविलग्गा । अट्ठमभूमी दसदिसभागेसु घणोवहिं छिवदि ॥ २४

पुव्वावरदिब्भाए वेत्तासणसंणिहाओ संठाओ । उत्तरदक्खिणदीहा अणादिणिहणा य पुढवीओ ॥ २५

चुलसीदी लक्खाणं णिरयबिला होंति सव्वपुढवीसुं । पुढविं पडि पत्तेक्कं ताण पमाणं परूवेमो ॥ २६

८४००००० ।

तीसं पणवीसं[1] च य पण्णरसं दस तिण्णि होंति लक्खाणि । पणरहिदेक्कं लक्खं पंच य रयणाइपुढवीणं[2] ॥ २७

३०००००० । २५००००० । १५००००० । १०००००० । ३००००० । ९९९९५ । ५ ।

सत्तमखिदिबहुमज्झे बिलाणि[3] सेसेसु अप्पबहुलंतं । उवरिं हेट्ठे जोयणसहस्समुज्झिय हवंति पडलकमे[4] ॥ २८

पढमादिबितिचउक्के पंचमपुढवीए[5] तिचउक्कभागंतं । अदिउण्हा णिरयबिला तट्ठियजीवाण तिव्वदाघकरा ॥ २९

श. प्र. १३२०००, वा. प्र. १२८०००, पं प्र. १२००००, धू. प्र. ११८०००, त. प्र. ११६०००, म. प्र. १०८००० । यह पाठान्तर अर्थात् मतभेद है ।

सातों पृथिवियां ऊर्ध्वदिशाको छोड़ शेष नौ दिशाओंमें घनोदधि वातवलयसे लगी हुई हैं । परन्तु आठवीं पृथिवी दशों दिशाओंमें ही घनोदधि वातवलयको छूती है ॥ २४ ॥

उपर्युक्त पृथिवियां पूर्व और पश्चिम दिशाके अन्तरालमें वेत्रासनके सदृश आकारवाली हैं । तथा उत्तर और दक्षिणमें समानरूपसे दीर्घ एवं अनादिनिधन हैं ॥ २५ ॥

सर्व पृथिवियोंमें नारकियोंके बिल कुल चौरासी लाख हैं । अब इनमेंसे प्रत्येक पृथिवीका आश्रय करके उन बिलोंके प्रमाणका निरूपण करते हैं ॥ २६ ॥ समस्त पृथिवियोंके बिल ८४००००० ।

रत्नप्रभा आदिक पृथिवियोंमें क्रमसे तीस लाख, पच्चीस लाख, पन्द्रह लाख, दश लाख, तीन लाख, पांच कम एक लाख और केवल पांच ही नारकियोंके बिल हैं ॥ २७ ॥

बिलसंख्या—र. प्र. ३०००००० । श. प्र. २५००००० । वा. प्र. १५००००० । पं. प्र. १०००००० । धू. प्र. ३००००० । त. प्र. ९९९९५ । म. प्र. ५ । = ८४००००० ।

सातवीं पृथिवीके तो ठीक मध्यभागमें ही नारकियोंके बिल हैं, परन्तु अब्बहुलभाग-पर्यन्त शेष छह पृथिवियोंमें नीचे व ऊपर एक एक हजार योजन छोड़कर पटलोंके क्रमसे नारकियोंके बिल हैं ॥ २८ ॥

पहिली पृथिवीसे लेकर दूसरी, तीसरी, चौथी और पांचवीं पृथिवीके चार भागोंमेंसे तीन भागों ($\frac{3}{4}$) में स्थित नारकियोंके बिल अत्यन्त उष्ण होनेसे वहां रहनेवाले जीवोंको तीव्र गर्मीकी पीड़ा पहुंचानेवाले हैं ॥ २९ ॥

१ द पणवीसं. २ द ब रयणेइ. ३ द ब बिलाण. ४ ब पडालकमे. ५ द पुढवीय.

पंचमिखिदिए तुरिमे भागे छट्ठीय सत्तमे महिए[1] । अदिसीदा णिरयबिला तट्ठिदजीवाण घोरसीदयरा ॥ ३०
बासीदिं लक्खाणं उण्हबिला पंचवीसदिसहस्सा । पणहत्तरिं सहस्सा अदिसीदबिलाणि[2] इगिलक्खं ॥ ३१

८२२५००० । १७५००० ।

मेरुसमलोहपिंडं सीदं उण्हे बिलम्मि पक्खित्तं । ण लहदि तलप्पदेसं विलीयदे मयणखंडं व ॥ ३२
मेरुसमलोहपिंडं उण्हं सीदे बिलम्मि पक्खित्तं । ण लहदि तलप्पदेसं विलीयदे लवणखंडं व ॥ ३३
अजगजमहिसतुरंगमखरोट्ठमज्जारअहिणरादीणं । कुधिदाणं गंधेहिं णिरयबिला ते अणंतगुणा ॥ ३४
कक्खककवच्छुरीदो[3] खइरिंगालातितिक्खसूईए[4] । कुंजरचिक्कारादो णिरयबिला दारुणा तमसहावा ॥ ३५
इंदयसेढीबद्धा पइण्णया य हवंति तिवियप्पा[5] । ते सव्वे णिरयबिला दारुणदुक्खाण संजणणा ॥ ३६

....

पांचवीं पृथिवीके अवशिष्ट चतुर्थ भागमें, तथा छट्ठी और सातवीं पृथिवीमें स्थित नारकियोंके बिल अत्यन्त शीत होनेसे वहां रहनेवाले जीवोंको भयानक शीतकी वेदना करनेवाले हैं ॥ ३० ॥

नारकियोंके उपर्युक्त चौरासी लाख बिलोंमेंसे ब्यासी लाख पच्चीस हजार बिल उष्ण, और एक लाख पचहत्तर हजार बिल अत्यन्त शीत हैं ॥ ३१ ॥

उष्ण बिल ८२२५०००, शीत बिल १७५००० ।

यदि उष्ण बिलमें मेरुके बराबर लोहेका शीतल पिण्ड डाल दिया जाय, तो वह तलप्रदेशतक न पहुंचकर बीचमें ही मैनके टुकड़ेके समान पिघलकर नष्ट होजायगा । तात्पर्य यह है कि इन बिलोंमें उष्णताकी वेदना अत्यधिक है ॥ ३२ ॥

इसीप्रकार, यदि मेरुपर्वतके बराबर लोहेका उष्ण पिण्ड शीत बिलमें डाल दिया जाय तो वह भी तलप्रदेशतक नहीं पहुंच कर बीचमें ही नमकके टुकड़ेके समान विलीन होजावेगा ॥३३॥

बकरी, हाथी, भैंस, घोड़ा, गधा, ऊंट, बिल्ली, सर्प और मनुष्यादिकके सड़े हुए शरीरोंके गन्धकी अपेक्षा वे नारकियोंके बिल अनन्तगुणी दुर्गंधसे युक्त हैं ॥ ३४ ॥

स्वभावतः अंधकारसे परिपूर्ण ये नारकियोंके बिल कक्षक (कौक्षेयक या क्रकच), कृपाण, छुरिका, खदिर (खैर) की आग, अति तीक्ष्ण सुई और हाथियोंकी चिक्कारसे अत्यन्त भयानक हैं ॥ ३५ ॥

वे नारकियोंके बिल इन्द्रक, श्रेणीबद्ध और प्रकीर्णकके भेदसे तीन प्रकारके हैं। ये सब ही नरकबिल नारकियोंको भयानक दुख दिया करते हैं ॥ ३६ ॥

विशेषार्थ— जो अपने पटलके सब बिलोंके बीचमें हो वह इन्द्रक बिल कहलाता है । चार दिशा और चार विदिशाओंमें जो बिल पंक्तिसे स्थित होते हैं, उन्हें श्रेणीबद्ध कहते हैं । श्रेणीबद्ध बिलोंके बीचमें इधर उधर रहनेवाले बिलोंको प्रकीर्णक समझना चाहिये ।


....

१ ब महीए. २ द ब अदिसीदि°. ३ द करवकछुरीदो [कक्खककवाणछुरिदो]. ४ द ब खइरिंगाला तिक्खसूईए. ५ द ब हवंति वियप्पा.

तेरसएक्कारसणवसगपंचतिएक्क इंदया होंति । रयणप्पहपहुदीसुं पुढवीसुं आणुपुव्वीए ॥ ३७

१३ । ११ । ९ । ७ । ५ । ३ । १ ।

पढमम्हिं इंदयम्हि य दिसासु उणवण्णसेढिबद्धा य । अडदालं विदिसासुं विदियादिसु एक्कपरिहीणा ॥ ३८



एक्कंततेरसादी सत्तसु ठाणेसु मिलिदपरिसंखा । उणवण्णा पढमादो इंदयपडिणामयं होंति ॥ ३९
सीमंतगो य पढमं णिरयो रोरुग य भंतउब्भंता । संभंतयसंभंतं विब्भंता तत्त[1] तसिदा य ॥ ४०
वक्कंतयवक्कंता विक्कंतो होंति पढमपुढवीए । थणगो[2] तणगो मणगो वणगो घादो[3] य संघादो ॥ ४१
जिब्भाजिब्भगलोला लोलयथणलोलुगाभिधाणा[4] य । एदे बिदियखिदीए एक्कारस इंदया होंति ॥ ४२

११ ।

रत्नप्रभा आदिक पृथिवियोंमें क्रमसे तेरह, ग्यारह, नौ, सात, पांच, तीन और एक, इसप्रकार कुल उनंचास इन्द्रक बिल हैं ॥ ३७ ॥

इन्द्रक बिल— र. प्र. १३, श. प्र. ११, बा. प्र. ९, पं. प्र. ७, धू. प्र. ५, त. प्र. ३, म. प्र. १ ।

पहिले इन्द्रक बिलके आश्रित दिशाओंमें उनंचास और विदिशाओंमें अड़तालीस श्रेणीबद्ध बिल हैं । इसके आगे द्वितीयादिक इन्द्रक बिलोंके आश्रित रहनेवाले श्रेणीबद्ध बिलोंमेंसे एक एक बिल कम होता गया है ॥ ३८ ॥ (देखो मूलकी संदृष्टि)

उक्त सात भूमियोंमें तेरहको आदि लेकर एकपर्यन्त कुल मिलकर उनंचास इन्द्रक बिल हैं ॥ ३९ ॥

पहिला सीमन्तक तथा द्वितीयादि निरय, रौरुक, भ्रान्त, उद्भ्रान्त, संभ्रान्त, असंभ्रान्त, विभ्रान्त, तप्त, त्रसित, वक्रान्त, अवक्रान्त, और विक्रान्त, इसप्रकार, ये तेरह इन्द्रक बिल प्रथम पृथिवीमें हैं । स्तनक, तनक, मनक, वनक, घात, संघात, जिह्वा, जिह्वक, लोल, लोलक और स्तनलोलुक, ये ग्यारह इन्द्रक बिल द्वितीय पृथिवीमें हैं ॥ ४०–४२ ॥

---

१ ब तथ. २ द थलगो. ३ ब दाघो. ४ द लोलयघण.

तत्तो[1] सीदो तवणो तावणणामा णिदाघपज्जलिदो । उज्जलिदो संजलिदो संपज्जलिदो य तदियपुढवीए ॥ ४३

९ ।

आरो[2] मारो तारो तच्चो[3] तमगो तहेव वादे य । खडखडणामा तुरिमक्खोणीए इंदया सत्त ॥ ४४

७ ।

तमभमझसयं वाविलतिमिसो धुम्मपहाए[4] छट्ठीए । हिमवद्दलल्लंका सत्तमअवणीए अवधिठाणो त्ति ॥ ४५

५ । ३ । १ ।

घम्मादीपुढवीणं पढमिंदयपढमसेढिबद्धाणं । णामाणि णिरूवेमो पुव्वादिपदाहिणक्कमेणं[5] ॥ ४६

कंखापिवासणामा महकंखा अदिपिपासणामा य । आदिमसेढीबद्धा चत्तारो होंति सीमंते ॥ ४७

पढमो अणिच्चणामो बिदिओ विज्जो तहा महाणिच्चो[6] । महविज्जो य चउत्थो पुव्वादिसु होंति थणगम्मि[7] ॥ ४८

दुक्खा य वेदणामा महदुक्खा तुरिमया अ महवेदा । तत्तिंदयस्स[8] एदे पुव्वादिसु होंति चत्तारो ॥ ४९

आरिंदए णिसट्ठो पढमो बिदिओ वि अंजणणिरोधो । तदिओ य[9] अदिणिसत्तो महणिरोधो चउत्थो त्ति ॥ ५०

....

तप्त, शीत, तपन, तापन, निदाघ, प्रज्वलित, उज्वलित, संज्वलित और संप्रज्वलित, ये नौ इन्द्रक बिल तृतीय पृथिवीमें हैं ॥ ४३ ॥

आर, मार, तार, तत्व (चर्चा), तमक, वाद और खडखड, ये सात इन्द्रक बिल चतुर्थ पृथिवीमें हैं ॥ ४४ ॥

तमक, भ्रमक, झषक, वाविल (अन्ध) और तिमिश्र, ये पांच इन्द्रक बिल धूमप्रभा पृथिवीमें हैं। छठी पृथिवीमें हिम, वर्दल और लल्लंक, इसप्रकार तीन तथा सातवींमें केवल एक अवधिस्थाननामका इन्द्रक बिल है ॥ ४५ ॥

घर्मादिक सातों पृथिवियोंसम्बन्धी प्रथम इन्द्रक बिलोंके समीपवर्ती प्रथम श्रेणीबद्ध बिलोंके नामोंका पूर्वादिक दिशाओंमें प्रदक्षिणक्रमसे निरूपण करते हैं ॥ ४६ ॥

घर्मा पृथिवीमें सीमन्त इन्द्रक बिलके समीप पूर्वादिक चारों दिशाओंमें क्रमसे कांक्षा, पिपासा, महाकांक्षा और अतिपिपासा, ये चार प्रथम श्रेणीबद्ध बिल हैं ॥ ४७ ॥

वंशा पृथिवीमें प्रथम अनित्य, दूसरा अविद्य तथा महानित्य और चतुर्थ महाविद्य, ये चार श्रेणीबद्ध बिल पूर्वादिक दिशाओंमें स्तनक इन्द्रक बिलके समीप हैं ॥ ४८ ॥

मेघा पृथिवीमें दुःखा, वेदा, महादुःखा और चौथा महावेदा, ये चार श्रेणीबद्ध बिल पूर्वादिक दिशाओंमें तप्त इन्द्रक बिलके समीपमें हैं ॥ ४९ ॥

अंजना पृथिवीमें आर इन्द्रक बिलके समीप प्रथम निसृष्ट, द्वितीय निरोध, तृतीय अतिनिसृष्ट और चतुर्थ महानिरोध, ये चार श्रेणीबद्ध बिल हैं ॥ ५० ॥

....

१ द ब तेत्तो. २ द आरे मारे तारे. ३ द ब तस्स. ४ द दुव्वुपहा, ब दुम्बुपहा. ५ द पहादिक्को क्कमेण, ब पदाहिक्को क्कमेण. ६ द ब महाणिज्जो. ७ द घलम्मिह, ब घणगम्हि. ८ ब तत्तिंदियस्स. ९ ब तदिउ य.

तमकिंदए णिरुद्धो विमद्दणो यदिणिरुद्धणामो[2] य । तुरिमो महाविमद्दणणामो पुव्वादिसु दिसासु ॥ ५१
हिमइंदयम्हि होंति हु णीला पंका य तह य महणीला । महपंका पुव्वादिसु सेढीबद्धा इमे चउरो ॥ ५२
कालो रोरवणामो महकालो पुव्वपहुदिदिब्भाए । महरोरओ चउत्थो अवधीठाणस्स चिंतेदि ॥ ५३
अवसेसइंदयाणं पुव्वादिदिसासु सेढिबद्धाणं । णट्ठाइं[3] णामाइं पढमाणं बिदियपहुदिसेढीणं ॥ ५४
दिसविदिसाणं मिलिदा अट्ठासीदीजुदा य तिण्णि सया । सीमंतएण जुत्ता उणणवदी समधिया होंति ॥ ५५

३८८ । ३८९ ।

उणणवदी तिण्णि सया पढमाए पढमपत्थले होंति । बिदियादिसु हीअंते माघवियाए पुढं पंच ॥ ५६

३८९ ।

अट्ठाणं पि दिसाणं एक्केक्कं हीयदे जहाकमसो । एक्केक्कहीयमाणे पंच च्चिय[4] होंति परिहाणे ॥ ५७
इट्ठिंदयप्पमाणं रूऊणं अट्ठताडियं[5] णियमा । उणणवदीतिसएसुं अवणिय सेसो हवंति[6] य प्पडला ॥ ५८

तमक इन्द्रकबिलके समीप निरोध, विमर्दन, अतिनिरोध और चौथा महाविमर्दन, ऐसे चार श्रेणीबद्ध बिल पूर्वादिक चारों दिशाओंमें विद्यमान है ॥ ५१ ॥

हिम इन्द्रक बिलके समीप नीला, पंका, महानीला और महापंका, ये चार श्रेणीबद्ध बिल क्रमसे पूर्वादिक दिशाओंमें स्थित हैं ॥ ५२ ॥

अवधिस्थान इन्द्रक बिलके समीप पूर्वादिक चारों दिशाओंमें काल, रौरव, महाकाल और चतुर्थ महारौरव ये चार श्रेणीबद्ध बिल हैं ॥ ५३ ॥

शेष द्वितीयादिक इन्द्रकबिलोंके समीप पूर्वादिक दिशाओंमें स्थित श्रेणीबद्ध बिलोंके और पहिले इन्द्रकबिलोंके समीपमें स्थित द्वितीयादिक श्रेणीबद्ध बिलोंके नाम नष्ट हो गये हैं ॥ ५४ ॥

दिशा और विदिशाओंके मिलकर कुल तीनसौ अठासी श्रेणीबद्ध बिल हैं । इनमें सीमन्त इन्द्रक बिलके मिला देनेपर सब तीनसौ नवासी होते हैं ॥ ५५ ॥ सीमन्त इन्द्रकसम्बन्धी श्रे. ब. बिल ३८८ सीमन्तसहित ३८९ ।

इसप्रकार प्रथम पृथिवीके प्रथम पाथड़ेमें इन्द्रकसहित श्रेणीबद्ध बिल तीनसौ नवासी हैं । इसके आगे द्वितीयादिक पृथिवियोंमें हीन होते होते माघवी पृथिवीमें सिर्फ पांच ही इन्द्रक व श्रेणीबद्ध बिल रह गये हैं ॥ ५६ ॥ घर्मा पृथिवीके प्रथम पाथड़ेमें स्थित इं. व श्रे. ब. बिल ३८९ ।

आठों ही दिशाओंमें यथाक्रमसे एक एक बिल कम होता गया है । इसप्रकार एक एकके कम होनेसे सम्पूर्ण हानिके होनेपर अन्तमें पांच ही बिल शेष रह जाते हैं ॥ ५७ ॥

इष्ट इन्द्रकप्रमाणमेंसे एक कम कर अवशिष्टको आठसे गुणा करनेपर जो गुणनफल प्राप्त हो, उसे तीनसौ नवासीमेंसे घटा देनेपर शेष नियमसे विवक्षित पाथड़ेके श्रेणीबद्धसहित इन्द्रकका प्रमाण होता है ॥ ५८ ॥

उदाहरण — चतुर्थ पाथड़ेके इन्द्रकसहित श्रे. ब. बिल, ४ – १ × ८ = २४; ३८९ – २४ = ३६५ ।

१ द ब तमकिंडये. २ द ब यदिणिधुणामो. ३ द ब णत्ताइं. ४ द यंरजियं, ब यंरज्जियं. ५ द इहतादिया. ६ द हुवंति.

अथवा—

इच्छे पदरविहीणा उणवण्णा अट्ठताडिया णियमा । सा पंचरूवजुत्ता इच्छिदसेढिंदया होंति ॥ ५९

उद्दिट्ठं पंचूणं भजिदं अट्ठेहि सोधए लद्धं । एगुणवण्णाहिंतो[1] सेसा तत्थिंदया होंति ॥ ६०

आदीओ णिद्दिट्ठा णियणियचरिमिंदयस्स[2] परिमाणं । सव्वत्थुत्तरमट्ठं णियणियपदराणि गच्छाणि ॥ ६१

तेणवदिजुत्तदुसया पणजुददुसया सयं च तेत्तीसं । सत्तत्तरि सगतीसं तेरस रयणप्पहादिआदीओ ॥ ६२

२९३ । २०५ । १३३ । ७७ । ३७ । १३ ।

तेरसएक्कारसणवसगपंचतियाणि होंति गच्छाणि । सव्वट्ठुत्तरमट्ठं[3] रयणप्पहंपहुदिपुढवीसु ॥ ६३

१३ । ११ । ९ । ७ । ५ । ३ । सव्वट्ठुत्तर ८ ।[4]

अथवा— इष्ट प्रतरके प्रमाणको उनंचासमेंसे कम कर देनेपर जो अवशिष्ट रहे उसको नियमपूर्वक आठसे गुणा कर प्राप्त राशिमें पांच मिला दे । इसप्रकार अन्तमें जो संख्या प्राप्त हो वही विवक्षित पटलके इन्द्रकसहित श्रेणीबद्ध बिलोंका प्रमाण होता है ॥ ५९ ॥

उदाहरण— चतुर्थ पटलसम्बन्धी इ. व श्रे. ब. बिल, ४९ - ४ × ८ + ५ = ३६५ ।

किसी विवक्षित पटलके श्रेणीबद्धसहित इन्द्रकके प्रमाणरूप उद्दिष्ट संख्यामेंसे पांच कम करके शेषमें आठका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसको उनंचासमेंसे कम करदेनेपर अवशिष्ट संख्याके बराबर वहांके इन्द्रकका प्रमाण होता है ॥ ६० ॥

उदाहरण— चतुर्थ पटलके इन्द्रक और श्रेणीबद्धोंका प्रमाण जो ३६५ है, वह यहां उद्दिष्ट है, ३६५ - ५ ÷ ८ = ४५; ४९ - ४५ = ४ च. पटलके इन्द्रक.

अपने अपने अन्तिम इन्द्रकका प्रमाण आदि कहा गया है, चय सब जगह आठ है, और अपने पटलोंका प्रमाण गच्छ या पद है ॥ ६१ ॥

विशेषार्थ— श्रेणीव्यवहार गणितमें, प्रथम स्थानमें जो प्रमाण होता है उसे आदि, मुख (वदन) अथवा प्रभव कहते हैं । इसीप्रकार अनेक स्थानोंमें समानरूपसे होनेवाली वृद्धि अथवा हानिके प्रमाणको चय या उत्तर तथा जिन स्थानोंमें समानरूपसे वृद्धि या हानि हुआ करती है उन्हें गच्छ अथवा पद भी कहते हैं ।

दोसौ तेरानबै, दोसौ पांच, एकसौ तेतीस, सतहत्तर, सैंतीस और तेरह, यह क्रमसे रत्नप्रभादिक छह पृथिवियोंमें आदिका प्रमाण है ॥ ६२ ॥

आदिका प्रमाण — र. प्र २९३, श. प्र. २०५, वा. प्र. १३३, पं. प्र. ७७, धू. प्र. ३७ त. प्र. १३ ।

रत्नप्रभादिक पृथिवियोंमें क्रमसे तेरह, ग्यारह, नौ, सात, पांच, और तीन गच्छ है । उत्तर या चय सब जगह आठ है ॥ ६३ ॥

गच्छका प्रमाण— र. प्र. १३, श. प्र. ११, वा. प्र. ९, पं. प्र. ७, धू. प्र. ५ त. प्र. ३ । सर्वत्र उत्तर ८ ।

१ [इट्ठे]. २ द ब ऊणावण्णाहिंतो. ३ द चरिमंदयस्स. ४ द ब सव्वट्ठुत्तरमंतं. ५ द ब रयणपहाए. ६ द ब सव्वदुट्ठर ॥ ८ ॥

चयहदमिच्छूणपदं[1] रूवूणिच्छाए गुणिदचयजुत्तं । दुगुणिदवदणेण[2] जुदं पददलगुणिदं हवेदि संकलिदं ॥ ६४

चयहदमिच्छूणपदं $^{१}३$ । ८ । रूवूणिच्छाए गुणिदचयं ^{१} । ८ । जुदं ९६ । दुगुणिदवदणादि सुगमं[3] ।

एक्कोणमवणि[4]इंदयमद्धियं[5] वग्गिज्ज मूलसंजुत्तं । अट्ठगुणं पंचजुदं पुढविंदयताडिदम्मि पुढविधणं ॥ ६५

पढमा[6] इंदयसेढी चउदालसयाणि होंति तेत्तीसं । छस्सयदुसहस्साणिं पणणउदी बिदियपुढवीए ॥ ६६

४४३३ । २६९५ ।

तियपुढवीए इंदयसेढी चउँदससयाणि पणसीदी । सत्तुत्तराणि सत्त य सयाणि ते होंति तुरिमाए ॥ ६७

१४८५ । ७०७ ।

इच्छासे हीन गच्छको चयसे गुणा करके उसमें एक कम इच्छासे गुणित चयको जोड़कर प्राप्त हुए योगफलमें दुगुणे मुखको जोड़ देनेके पश्चात् उसको गच्छके अर्ध भागसे गुणा करनेपर संकलित धनका प्रमाण आता है ॥ ६४ ॥

उदाहरण— [१] $(१३ - १) \times ८ + (१ - १ \times ८) + (२९३ \times २) \times \frac{१३}{२}$ $= १२ \times ८ + ० + ५८६ \times \frac{१३}{२} = ६८२ \times \frac{१३}{२} = ४४३३$ प्रथम पृथिवीका संकलित धन.

[२] $(११ - २) \times ८ + (२ - १ \times ८) + (२०५ \times २) \times \frac{११}{२} = ९ \times ८ + ८ + ४१० \times \frac{११}{२} = २६९५$ द्वि. पृ. का सं. धन.

[३] $(९ - ३) \times ८ + (३ - १ \times ८) + (१३३ \times २) \times \frac{९}{२} = ६ \times ८ + १६ + २२६ \times \frac{९}{२}$ $= १४८५$ तृ. पृ. का सं. धन । इत्यादि ।

एक कम इष्ट पृथिवीके इन्द्रकप्रमाणको आधा करके उसका वर्ग करनेपर जो प्रमाण हो उसमें मूलको जोड़कर आठसे गुणा करे और पांच जोड़ दे । पश्चात् विवक्षित पृथिवीके इन्द्रकका जो प्रमाण हो उससे गुणा करनेपर विवक्षित पृथिवीका धन अर्थात् इन्द्रक व श्रेणीबद्ध बिलोंका प्रमाण निकलता है ॥ ६५ ॥

विशेषार्थ—जैसे प्रथम पृथिवीके इन्द्रकके प्रमाण १३ मेंसे १ कम करनेपर अवशिष्ट १२ के आधे ६ का वर्ग ३६ होता है । इसमें मूल ६ के मिलानेपर योगफल ४२ हुआ । उसको ८ से गुणा करनेपर जो ३३६ गुणनफल होता है, इसमें ५ जोड़कर योगफल ३४१ को प्रथम पृथिवीके इन्द्रकप्रमाण १३ से गुणा करनेपर प्राप्त गुणनफल ४४३३ प्रमाण प्रथम पृथिवीमें इन्द्रक व श्रेणीबद्ध बिलोंका प्रमाण समझना चाहिये ।

उदाहरण—$\left(\frac{१३ - १}{२}\right)^{२} + \left(\frac{१३ - १}{२}\right) \times ८ + ५ \times १३ = ३६ + ६ \times ८ + ५ \times १३$ $= ४४३३$ प्र. पृ. के इन्द्रक व श्रेणीबद्ध ।

प्रथम पृथिवीमें इन्द्रक और श्रेणीबद्ध बिल चवालीससौ तेतीस है । और द्वितीय पृथिवीमें दो हजार छहसौ पंचानबै इन्द्रक व श्रेणीबद्ध बिल हैं ॥ ६६ ॥ ४४३३ । २६९५ ।

तृतीय पृथिवीमें इन्द्रक व श्रेणीबद्ध बिल चौदहसौ पचासी; और चौथी पृथिवीमें सातसौ सात हैं ॥ ६७ ॥ १४८५ । ७०७ ।

१ द ब °मिक्कूणपदं. २ द ब गुणिदं वदणेण. ३ द ब चयपदमित्थूणपदं १३३ । ८ । रूउणिच्छाए गुणिदचयं $\frac{२}{३}$ ८ । जुदं ९ । दुगुणिदेवादि सुगमं । इति पाठः ७६ तमगाथायाः पश्चादुपलभ्यते. ४ द ब °मणण. ५ ब °माद्दिय, द °मद्दिय. ६ ब पुढमा. ७ द सेढीबद्धस्स सयाणि.

पणसट्ठी दोण्णि सया इंदयसेढीए पंचमखिदीए । तेसट्ठी चरिमाए पंचाए होंति अणुकमसो ॥ ६८

२६५ । ६३ । ५ ।

पंचादी अट्ठ चयं उणवण्णा होदि गच्छपरिमाणं । सव्वाणं पुढवीणं सेढीबिंदयाणिदं[1] ॥ ६९

चयहदमिट्ठाधियपदमेक्काधियइट्ठगुणिदचयहीणं[2] । दुगुणिदवदणेण जुदं पददलगुणिदम्मि होदि संकलिदं ॥ ७०

अथवा—

अट्ठत्तालं दलिदं गुणिदं अट्ठेहि पंचरूवजुदं । उणवण्णाए पहदं सव्वधणं होइ पुढवीणं ॥ ७१

इंदयसेढीबद्धा णवयसहस्साणि छस्सयाणं पि । तेवण्णं अधियाइं सव्वासु वि होंति खोणीसु ॥ ७२

९६५३ ।

णियणियचरिमिंदयधणमेक्कोणं होदि आदिपरिमाणं । णियणियपदरा गच्छा पचया सव्वत्थ अट्ठेव[3] ॥ ७३

बाणउदिजुत्तदुसया दुसयं चउ सयजुदाण[4] बत्तीसं । छाहत्तरि छत्तीसं बारस रयणप्पहादिआदीओ ॥ ७४

२९२ । २०४ । १३२ । ७६ । ३६ । १२ ।

पांचवीं पृथिवीमें दोसौ पैंसठ, छठीमें तिरेसठ और अन्तिम सातवीं पृथिवीमें सिर्फ पांच ही इन्द्रक व श्रेणीबद्ध बिल हैं, ऐसा जानना चाहिये ॥ ६८ ॥ २६५; ६३; ५ ।

सम्पूर्ण पृथिवियोंके इन्द्रक व श्रेणीबद्ध बिलोंके प्रमाणको निकालनेके लिये आदि पांच, चय आठ और गच्छका प्रमाण उनंचास है, यह निश्चित समझना चाहिये ॥ ६९ ॥

इष्टसे अधिक पदको चयसे गुणा करके उसमेंसे, एक अधिक इष्टसे गुणित चयको घटा देनेपर जो शेप रहे उसमें दुगुणे मुखको जोड़कर गच्छके अर्ध भागसे गुणा करनेपर संकलित धन आता है ॥ ७० ॥

उदाहरण— $(४९ + ७ \times ८) - (७ + १ \times ८) + (५ \times २) \times \frac{४९}{२}$ $= ४४८ - ६४ + १० \times \frac{४९}{२} = ९६५३$ सातों पृथिवियोंका सं. धन ।

अथवा— अड़तालीसके आधेको आठसे गुणा करके उसमें पांच मिला देनेपर प्राप्त हुई राशिको उनंचाससे गुणा करे । इस रीतिसे पृथिवियोका सर्वधन निकलता है ॥ ७१ ॥

उदाहरण— $\frac{४८}{२} \times ८ + ५ \times ४९ = ९६५३$ सर्व पृथिवियोंका सं. धन ।

सम्पूर्ण पृथिवियोंमें कुल नौ हजार छहसौ तिरेपन इन्द्रक व श्रेणीबद्ध बिल हैं ॥ ७२ ॥ ९६५३ ।

(प्रत्येक पृथिवीके श्रेणीधनको निकालनेके लिये) एक कम अपने अपने चरम इन्द्रकका प्रमाण आदि, अपने अपने पटलका प्रमाण गच्छ और चय सब जगह आठ ही है ॥ ७३ ॥

दोसौ बानबै, दोसौ चार, एकसौ बत्तीस, छ्यत्तर, छत्तीस और बारह, इसप्रकार रत्नप्रभादि छह पृथिवियोंमें आदिका प्रमाण है ॥ ७४ ॥

र. प्र. २९२; श. प्र. २०४; वा. प्र. १३२; पं. प्र. ७६; धू. प्र. ३६; त. प्र. १२ ।

१ द ब °दयाण इदम. २ द चयपदमिट्ठादियपदमेकादिय°, ब चयहदमिट्ठाधियपदमेकादिय° ३ ब अलट्ठेव, द लट्ठेव. ४ द चउअधियसय°.

तेरसएक्कारसणवसगपंचतियाणि होंति गच्छाणि । सव्वत्थुत्तरमट्ठं सेढिधणे सव्वपुढवीणं ॥ ७५

पदवग्गं चयपहदं[1] दुगुणिदगच्छेण गुणिदमुहजुत्तं[2] । वड्ढिहद[3]पदविहीणं दलिदं जाणिज्ज संकलिदं ॥ ७६

चत्तारि सहस्साणि य चउस्सया वीस होंति पढमाए । सेढिगदा बिदियाए दुसहस्सा छस्सयाण[4] चुलसीदी ॥ ७७

४४२० । २६८४ ।

चोद्दससयछाहत्तरि तदियाए तह य सत्त सया । तुरिमाए सट्ठिजुदं दुसयाणिं पंचमीए णायव्वं[5] ॥ ७८

१४७६ । ७०० । २६० ।

सट्ठी तमप्पहाए चरिमधरित्तीए होंति चत्तारि । एवं सेढीबद्धा पत्तेक्कं सत्तखोणीसु[6] ॥ ७९

६० । ४ ।

चउरूवाइं आदिं पचयपमाणं पि अट्ठरूवाइं । गच्छस्स य परिमाणं हवेदि एकोणपण्णासा ॥ ८०

४ । ८ । ४९ ।

तेरह, ग्यारह, नौ, सात, पांच, और तीन; यह सब पृथिवियोंके (पृथक् पृथक्) श्रेणिधनको निकालनेके लिये गच्छका प्रमाण है; चय सब जगह आठ ही है ॥ ७५ ॥

पदके वर्गको चयसे गुणा करके उसमें दुगुणे पदसे गुणित मुखको जोड़ देनेपर जो राशि उत्पन्न हो उसमेंसे चयसे गुणित पदप्रमाणको घटाकर शेषको आधा करदेनेपर प्राप्त हुई राशिके प्रमाण संकलित धनको जानना चाहिये ॥ ७६ ॥

उदाहरण— $\frac{(१३^२ \times ८) + (१३ \times २ \times २९२) - (८ \times १३)}{२} = \frac{८८४०}{२}$ = ४४२० प्रथम पृथिवीगत श्रेणीबद्ध बिलोंका कुल प्रमाण.

पहिली पृथिवीमें चार हजार चारसौ बीस; और दूसरीमें दो हजार छहसौ चौरासी श्रेणीबद्ध बिल है ॥ ७७ ॥ ४४२०; २६८४ ।

तृतीय पृथिवीमें चौदहसौ छ्यत्तर, चौथीमें सातसौ और पांचवीमें दोसौ साठ श्रेणीबद्ध बिल है, ऐसा जानना जाहिये ॥ ७८ ॥ १४७६; ७००; २६० ।

तमःप्रभा पृथिवीमें साठ और अन्तिम अर्थात् महातमःप्रभा पृथिवीमें चार श्रेणीबद्ध बिल है । इसप्रकार सात पृथिवियोंमेंसे प्रत्येकमें श्रेणीबद्ध बिलोंका प्रमाण समझना चाहिये ॥ ७९ ॥ ६०; ४ ।

(रत्नप्रभादिक पृथिवियोंमें संपूर्ण श्रेणीबद्ध बिलोंका प्रमाण निकालनेके लिये) आदिका प्रमाण चार, चयका प्रमाण आठ और गच्छका प्रमाण एक कम पचास होता है ॥ ८० ॥

आदि ४ चय ८; गच्छ ४९ ।

१ द ब चयपहिदं. २ द ब मुवजुत्तं. ३ ब वट्टिहद°. ४ ब छसयाण. ५ द ब पंचमिए होदि णायव्वं. ६ द ब °खोणीए.

पदवग्गं पदरहिदं चयगुणिदं पदहदादिजुदमद्धं[1] । मुहदलपहदपदेणं[2] संजुत्तं होदि संकलिदं ॥ ८१

रयणप्पहपहुदीसुं पुढवीसुं सव्वसेढिबद्धाणं । चउरुत्तरछस्सया[3] णव य सहस्साणि परिमाणं ॥ ८२

९६०४ ।

पददलहिदसंकलिदं[4] इच्छाए गुणियपचयसंजुत्तं । रूऊणिच्छाधियपदचयगुणिदं अवणियद्धिदे आदी ॥ ८३

पददलहदवेकपदावहरिदसंकलिदवित्तपरिमाणे[5] । वेकपदद्धेणं[6] हिदं आदिं सोहेज्जं[7] तत्थ सेस चयं ॥ ८४

९६०४ ।

अपवर्तिते $\frac{\text{४९}}{\text{६}}$ ।[8] अस्मिन् वेकपदद्धेणं[9] $\frac{\text{४९}}{\text{२}}$ । ४८ ।[10] हिदं आदिं $\frac{\text{४}}{\text{२४}}$[11] सोहेज्जं[12] शोधितशेषमिदं $\frac{\text{४८}}{\text{६}}$[13] अपवर्तिते ८ ।[14]

पदका वर्ग कर उसमेंसे पदके प्रमाणको कम करके अवशिष्ट राशिको चयके प्रमाणसे गुणा करना चाहिये। पश्चात् उसमें पदसे गुणित आदिको मिलाकर और फिर उसका आधाकर प्राप्त राशिमें मुखके अर्द्ध भागसे गुणित पदके मिलादेनेपर संकलित धनका प्रमाण निकलता है ॥ ८१ ॥

$$\text{उदाहरण} — \frac{(\text{४९}^{\text{२}} - \text{४९}) \times \text{८} + (\text{४९} \times \text{४})}{\text{२}} + (\text{२} \times \text{४९})$$

$$= \frac{\text{२३५२} \times \text{८} + \text{१९६}}{\text{२}} + \text{९८} = \text{९६०४ सं. धन ।}$$

रत्नप्रभादिक पृथिवियोंमें सम्पूर्ण श्रेणीबद्ध बिलोंका प्रमाण नौ हजार छहसौ चार है ॥ ८२ ॥ ९६०४.

पदके अर्ध भागसे भाजित संकलित धनमें इच्छासे गुणित चयको जोड़कर, और उसमेंसे चयसे गुणित एक कम इच्छासे अधिक पदको कम करके शेषको आधा करनेपर आदिका प्रमाण आता है ॥ ८३ ॥

$$\frac{(\text{९६०४} \div \frac{\text{४९}}{\text{२}}) + (\text{८} \times \text{७}) - (\text{७} - \text{१} + \text{४९} \times \text{८})}{\text{२}} = \frac{\text{३९२} + \text{५६} - \text{४४०}}{\text{२}}$$

$= \text{४ आदि.}$

पदके अर्द्ध भागसे गुणित जो एक कम पद, उससे भाजित संकलित धनके प्रमाणमेंसे, एक कम पदके अर्ध भागसे भाजित मुखको कम करदेनेपर शेष चयका प्रमाण होता है ॥८४॥

$$\text{९६०४} \div (\text{४९} - \text{१} \times \frac{\text{४९}}{\text{२}}) - (\text{४} \div \frac{\text{४९} - \text{१}}{\text{२}}) = \frac{\text{९६०४}}{\text{११७६}} - \frac{\text{४}}{\text{२४}} = \text{८ चय.}$$

१ द जुदमदं, ब जुदमद्धं. २ द एदेणं. ३ द ब °रुत्तरछस्ससया. ४ ब °हिदलंसालिदं. ५ द पडलहदवेकपादावहरिदसंकलिदविचपरिमाणो, ब पडलहदवेकपाहावहरिदसकलिदविचपरिमाणो. ६ द ब वेकपददेण. ७ द ब सोगेज्ज. ८ द ब ४९. ९ द ब वेकपदंदेण, १० द ब प्रत्योः इद ८५ तमगाथायाः पश्चादुपलभ्यते. ११ द $\frac{\text{४}}{\text{२०}}$. १२ द ब सोदेज्ज. १३ द $\frac{\text{४८}}{\text{२०}}$ । ब $\frac{\text{४८}}{\text{२४}}$. १४ द ब ९.

चयदलहदसंकलिदं चयदलरहिदादि अद्धकदिजुत्तं । मूलं पुरिमूलूणं पचयद्धहिदम्मि[1] तं तु पदमवा[2] ॥ ८५

[3]चयदलहदसंकलिदं ४४२० । ४ । चयदलरहिदादि २८८ । अद्ध १४४ । कदि २०७३६ । जुत्तं ३८४१६ । मूलं १९६ । पुरिमूल १४४ । ऊणं ५२ । पचयद्ध ४ । हिदं १३ ।

दुचयहदं संकलिदं चयदलवदणंतरस्स वग्गजुदं । मूलं पुरिमूलूणं चयभजिदं होदि तं तु पदं ॥ ८६

दुचय २ । ८ । दुचयहदं संकलिदं ४४२० । १६ । चयदल ४ । वदन २९२ । अंतरस्स २८८ । वग्ग ३९२ । मूलं ३९२ । पुरिमूल २८८ । ऊणं १०४ । चयभजिदं $\frac{१०४}{८}$ । पदं १३ ।

पत्तेइं रयणादीसव्वबिलाणं ठवेज्ज परिसंखं । णियणियसेढि[4]इंदयरहिदा पइण्णया होंति ॥ ८७

चयके अर्द्ध भागसे गुणित संकलित धनमें चयके अर्ध भागसे रहित आदि (मुख) के अर्ध भागके वर्गको मिलादेनेपर जो राशि उत्पन्न हो उसका वर्गमूल निकाले । पश्चात् उसमेंसे पूर्व मूलको (जिसके वर्गको संकलित धनमें जोड़ा था) घटाकर अवशिष्ट राशिमें चयके अर्ध भागका भाग देनेपर पदका प्रमाण निकलता है ॥ ८५ ॥

$$\left\{ \sqrt{\left(\frac{८}{२} \times ४४२०\right) + \left(\frac{२९२ - \frac{८}{२}}{२}\right)^२} - \left(\frac{२९२ - \frac{८}{२}}{२} \div \frac{८}{२}\right) \right\}$$

$$= \frac{\sqrt{१७६८० + १४४^२} - १४४}{४} = \frac{१९६ - १४४}{४} = \frac{५२}{४} = १३ \text{ प्र. पृ. का पदप्रमाण.}$$

अथवा—दुगुणे चयसे गुणित संकलित धनमें चयके अर्द्ध भाग और मुखके अन्तररूप संख्याके वर्गको जोड़कर उसका वर्गमूल निकालनेपर जो संख्या प्राप्त हो उसमेंसे पूर्व मूलको (जिसके वर्गको संकलित धनमें जोड़ा था) घटाकर शेषमें चयका भाग देनेपर विवक्षित पृथिवीके पदका प्रमाण निकलता है ॥ ८६ ॥

$$\left\{ \sqrt{(२ \times ८ \times ४४२०) + \left(२९२ - \frac{८}{२}\right)^२} - \left(२९२ - \frac{८}{२}\right) \right\} \div ८$$

$$= \frac{\sqrt{७०७२० + ८२९४४} - २८८}{८} = \frac{१०४}{८} = १३ \text{ प्र. पृ. का पदप्रमाण.}$$

रत्नप्रभादिक प्रत्येक पृथिवीके सम्पूर्ण बिलोंकी संख्याको रखकर उसमेंसे अपने अपने श्रेणीबद्ध और इन्द्रक बिलोंकी संख्याको घटादेनेपर शेष उस उस पृथिवीके प्रकीर्णक बिलोंका प्रमाण होता है ॥ ८७ ॥

प्रथम पृथिवीके समस्त बिल ३००००००; ३०००००० – (१३ + ४४२०) = २९९५५६७ प्र. पृ. के प्रकी. बिल ।

१ ब हिदम्मि. २ द ब पदयथवा. ३ द ब मूलूणं पूर्वमूले माणं ५२ । चयभजिदं ५२ = १ । चयदलहद-संकलिदं ४४२० । ४ । चयदलरहिदाहिदादि२८८ । अद्धं १४४ । १०७३७ । जुत्तं ३८४१६ । ४ । मूलं १९६ । पुरि २ = । दु २ । चयद्दहदं संकलिदं ४४२० । १६ । चय ८ । द ४ । वदन २९२ । अंतरस्स २८८ । वग्गजुदं ३९२ । मूलं इदं ३९२ । पुरिमूल २८८ । चयभाजिदं १०४ । पदं १३ = ८ । इति पाठः ८९ तमगाथायाः पश्चादुपलभ्यते. ४ द सेढीया, ब सेढिया.

उणतीसं लक्खाणं पंचाणउदीसहस्सपंचसया । सगसट्ठीसंजुत्ता पइण्णया पढमपुढवीए ॥ ८८

२९९५५६७ ।

चउवीसं लक्खाणि य सत्ताणवदीसहस्सतिसयाणिं । पंचुत्तराणि होंति हु पइण्णया बिदियखोणीए ॥ ८९

२४९७३०५ ।

चोद्दसलक्खाणि[1] तहा अट्ठाणउदीसहस्सपंचसया । पंचदसेहिं जुत्ता पइण्णया तदियवसुहाए ॥ ९०

१४९८५१५ ।

णवलक्खा णवणउदीसहस्सया दोसयाणि तेणउदी । तुरिमाए वसुमइए पइण्णयाणं च परिमाणं ॥ ९१

९९९२९३ ।

दो लक्खाणि सहस्सा णवणउदी[2] सगसयाणि पणुतीसं । पंचमवसुधायाए पइण्णया होंति णियमेण ॥ ९२

२९९७३५ ।

अट्ठासट्ठीहीणं लक्खं छट्ठीए[3] मेइणीए वि । अवणीए सत्तमिए पइण्णया णत्थि णियमेण ॥ ९३

९९९३२ ।

प्रथम पृथिवीमें उनतीस लाख पंचानबै हजार पांचसौ सड़सठ प्रकीर्णक बिल हैं ॥ ८८ ॥

२९९५५६७ ।

द्वितीय पृथिवीमें चौबीस लाख सत्तानबै हजार तीनसौ पांच प्रकीर्णक बिल हैं ॥ ८९ ॥

समस्त बिल २५०००००–(२६८४ + ११) = २४९७३०५ द्वि. पृ. के प्रकी. बिल ।

तृतीय पृथिवीमें चौदह लाख अट्ठानबै हजार पांचसौ पन्द्रह प्रकीर्णक बिल हैं ॥ ९० ॥

समस्त बिल १५००००० – (१४७६ + ९) = १४९८५१५ तृ. पृ. के प्रकी. बिल ।

चतुर्थ पृथिवीमें प्रकीर्णक बिलोंका प्रमाण नौ लाख निन्यानबै हजार दोसौ तेरानबै है ॥ ९१ ॥

समस्त बिल १०००००० – (७०० + ७) = ९९९२९३ च. पृ. के प्रकी. बिल ।

पांचवीं पृथिवीमें नियमसे दो लाख निन्यानबै हजार सातसौ पैंतीस प्रकीर्णक बिल हैं ॥ ९२ ॥

समस्त बिल ३००००० – (२६० + ५) = २९९७३५ पं. पृ. के प्रकी. बिल ।

छठवीं पृथिवीमें अड़सठ कम एक लाख प्रकीर्णक बिल हैं । सातवीं पृथिवीमें नियमसे प्रकीर्णक बिल नहीं हैं ॥ ९३ ॥

समस्त बिल ९९९९५ – (६० + ३) = ९९९३२ ष. पृ. के प्रकी. बिल ।

१ द चोद्दसयं जाणि, ब चोद्दसएं जाणि. २ द णउणउदी. ३ द छट्ठी, ब छट्ठीइ.

तेसीदिं लक्खाणिं णउदिसहस्साणि तिसयसगदालं । छप्पुढवीणं मिलिदा सव्वे वि पइण्णया होंति ॥ ९४

८३९०३४७ ।

संखेज्जमिंदयाणं रुंदं सेढीगदाण जोयणया । तं होदि असंखेज्जं[1] पइण्णयाणुभयमिस्सं च[2] ॥ ९५

६ । २७ । ७७ । (?)

संखेज्जा वित्थारा णिरयाणं पंचमस्स परिमाणं । सेस चउपंचभागा होंति असंखेज्जरुंदाइं ॥ ९६

८४००००० । १६८०००० । ६७२०००० ।

छप्पंचतिदुगलक्खा सट्ठिसहस्साणि तह य एक्कोणा । वीससहस्सा एक्कं रयणादिसुं[3] संखवित्थारा ॥ ९७

६००००० । ५००००० । ३००००० । २००००० । ६०००० । १९९९९ । १ ।

चउवीसवीससबारसअट्ठपमाणाणि होंति लक्खाणि । सयकदिहदं[4]चउवीसं सीदिसहस्सा य चउहीणा ॥ ९८

२४००००० । २०००००० । १२००००० । ८००००० । २४०००० । ७९९९६ ।

चत्तारि च्चिय[5] एदे होंति असंखेज्जजोयणा रुंदा । रयणप्पहपहुदीए कमेण सव्वाण पुढवीणं ॥ ९९

४ ।

छह पृथिवियोंके सब ही प्रकीर्णक बिल मिलकर तेरासी लाख नब्बै हजार तीनसौ सैंतालीस होते हैं ॥ ९४ ॥ ८३९०३४७ सब पृ. के प्रकी. बिल।

इन्द्रक बिलोंका विस्तार संख्यात योजन, श्रेणीबद्ध बिलोंका असंख्यात योजन और प्रकीर्णक बिलोंका विस्तार उभयमिश्र अर्थात् कुछका संख्यात और कुछका असंख्यात योजन है ॥ ९५ ॥

संपूर्ण बिलसंख्याके पांच भागोंमेंसे एक भागप्रमाण ($\frac{1}{5}$) बिलोंका विस्तार संख्यात योजन, और शेष चार भागप्रमाण ($\frac{4}{5}$) बिलोंका विस्तार असंख्यात योजनप्रमाण है ॥९६॥

सर्व बिल ८४०००००, संख्यात योजन विस्तारवाले १६८००००, असं. यो. विस्तारवाले ६७२०००० ।

रत्नप्रभादिक पृथिवियोंमें क्रमशः छह लाख, पांच लाख, तीन लाख, दो लाख, साठ हजार, एक कम बीस हजार और एक, इतने बिलोंका विस्तार संख्यात योजनप्रमाण है ॥९७॥

संख्यात योजनप्रमाण बिल— र. प्र. ६०००००; श. प्र. ५०००००; वा. प्र. ३०००००; पं. प्र. २०००००; धू. प्र. ६००००; त. प्र. १९९९९; म. प्र. १ ।

रत्नप्रभादिक सब पृथिवियोंमें क्रमसे चौबीस लाख, बीस लाख, बारह लाख, आठ लाख, चौबीससे गुणित सौके वर्गप्रमाण अर्थात् दो लाख चालीस हजार, चार कम अस्सी हजार, और चार, इतने बिल असंख्यात योजनप्रमाण विस्तारवाले हैं ॥ ९८–९९ ॥

असंख्यात योजन विस्तारवाले बिल—र. प्र. २४०००००; श. प्र. २०००००० ; वा. प्र. १२०००००; पं. प्र. ८०००००; धू. प्र. २४००००; त. प्र. ७९९९६ म. प्र. ४ ।

---

१ द ब यसंखेज्जं. २ द ब °णुभयमस्सरूवं. ३ द ब ट्टयणेदिसु. ४ द सयकदिहिद°. ५ द रचिय, ब रचिय.

संखेज्जरुंदसंजुदणिरयबिलाणं जहण्णविच्चालं[1] । छक्कोसा तेरिच्छे उक्कस्से दुगुणिदो[2] तेपि ॥ १००
६ । १२ ।[3]

णिरयबिलाणं होदि हु असंखरुंदाण अवरविच्चालं । जोयणसत्तसहस्सा उक्कस्से तं असंखेज्जा ॥ १०१
७००० ।

उत्तपइण्णयमज्झे होंति हु बहुवो असंखवित्थारा[4] । संखेज्जवासजुत्ता थोवा होरा तिमिरजुत्ता[5] ॥ १०२

सगसगपुढविगयाणं संखासंखेज्जरुंदरासिम्मि । इंदयसेढिविहीणे कमसो सेसा पइण्णए उभयं ॥ १०३
५९९९८७ । अ २३९९५८० ।

संखेज्जवासजुत्ते णिरयबिले होंति णारया जीवा । संखेज्जा णियमेणं इदरम्मि तहा असंखेज्जा ॥ १०४

संख्यात योजन विस्तारवाले नारकियोंके बिलोमें तिरछेरूपमें जघन्य अन्तराल छह कोस और उत्कृष्ट अन्तराल इससे दुगुणा अर्थात् बारह कोसमात्र है ॥ १०० ॥ ज. अंतराल ६, उ. अं. १२ कोस.

असंख्यात योजन विस्तारवाले नारकियोंके बिलोंमे जघन्य अन्तराल सात हजार योजन और उत्कृष्ट अन्तराल असंख्यात योजनमात्र है ॥ १०१ ॥ ज. अन्तराल ७००० यो. ।

पूर्वोक्त प्रकीर्णक बिलोमेसे असंख्यात योजन विस्तारवाले बहुत और संख्यात योजन विस्तारवाले बिल थोड़े ही है । ये सब बिल अहोरात्र अन्धकारसे व्याप्त है ॥ १०२ ॥

अपनी अपनी पृथिवीके संख्यात योजन विस्तारवाले बिलोंकी राशिमेंसे इन्द्रक बिलोंके प्रमाणको घटा देनेपर शेष संख्यात योजन विस्तारवाले प्रकीर्णक बिलोंका प्रमाण होता है । इसी-प्रकार अपनी अपनी पृथिवीके असंख्यात योजन विस्तारवाले बिलोकी संख्यामेसे श्रेणीबद्ध बिलोंके प्रमाणको घटा देनेपर अवशिष्ट असंख्यात योजन विस्तारवाले प्रकीर्णक बिलोंका प्रमाण रहता है ॥ १०३ ॥

प्र. पृथिवीमें सं. यो. विस्ता. बिल ६००००० ; असं. यो. वि. २४००००० ; इन्द्रक १३, श्रे. ब. ४४२० ; ६००००० – १३ = ५९९९८७ सं. यो. वि. प्रकी. बिल, २४००००० – ४४२० = २३९५५८० असं. यो. वि. प्रकी. बिल ।

संख्यात योजन विस्तारवाले नरकबिलमें नियमसे संख्यात नारकी जीव, तथा असंख्यात योजन विस्तारवाले बिलमें असंख्यात ही नारकी जीव होते हैं ॥ १०४ ॥

१ द जहण्णवित्थारं. २ द ब दुगुणिदो. ३ द ६ ।. ४ द ब °वित्थारो. ५ ब होएति तिमिर°.

पणदालं लक्खाणिं पढमो चरिमिंदओ वि इगिलक्खं । उभयं सोहिय एक्कोणिंदयभजिदम्मि हाणिचयं ॥ १०५

४५०००००। १०००००।

छावट्ठिछस्सयाणिं इगिणउदिसहस्सजोयणाणिं पि । दुकलाओ तिविहत्ता परिमाणं हाणिवड्ढीए ॥ १०६

९१६६६ । २/३ ।

बिदियादिसु इच्छंतो रूऊणिच्छाए गुणिदखयवड्ढी । सीमंतादो सोहिय[1] मेलिज्ज सुअवधिठाणम्मि[2] ॥ १०७

रयणप्पहअवणीए सीमंतयइंदयस्स वित्थारो । पंचत्तालं जोयणलक्खाणिं होदि णियमेण ॥ १०८

४५००००० ।

चोदालं लक्खाणिं[3] तेसीदिसयाणि होंति तेत्तीसं । एक्ककला तिविहत्ता णिरइंदयरुंदपरिमाणं ॥ १०९

४४०८३३३ । १/३ ।

प्रथम इन्द्रकका विस्तार पैंतालीस लाख योजन और अन्तिम इन्द्रकका विस्तार एक लाख योजन है । इनमें प्रथम इन्द्रकके विस्तारमेंसे अन्तिम इन्द्रकके विस्तारको घटाकर शेषमें एक कम इन्द्रकप्रमाणका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना (द्वितीयादि इन्द्रकोंके विस्तारको निकालनेके लिये) हानि और वृद्धिका प्रमाण समझना चाहिये ॥ १०५ ॥

४५००००० – १००००० ÷ (४९ – १) = ९१६६६ २/३ हानि-वृद्धि ।

इस हानि-वृद्धिका प्रमाण इक्यानबै हजार छहसौ छयासठ योजन और तीनसे विभक्त दो कला है ॥ १०६ ॥

द्वितीयादिक इन्द्रकोंके विस्तारको निकालनेकेलिये एक कम इच्छित इन्द्रकप्रमाणसे उक्त क्षय और वृद्धिके प्रमाणको गुणा करनेपर जो गुणलफल प्राप्त हो उसको सीमंत इन्द्रकके विस्तारमेंसे घटा देनेपर या अवधिस्थान इन्द्रकके विस्तारमें मिलानेपर अभीष्ट इन्द्रकका विस्तार निकलता है ॥ १०७ ॥

उदाहरण— सीमंत और अवधिस्थानकी अपेक्षा २५ वें तप्तनामक इन्द्रकका विस्तार—
क्ष.वृ.९१६६६ २/३ × (२५ – १) = २२०००००; ४५०००००–२२०००००=२३००००० सीमन्तकी अपेक्षा । ९१६६६ २/३ × (२५ - १) = २२०००००; २२००००० + १००००० = २३००००० अवधिस्थानकी अपेक्षा ।

रत्नप्रभा पृथिवीमें सीमन्त इन्द्रकका विस्तार नियमसे पैंतालीस लाख योजनप्रमाण है ॥ १०८ ॥ ४५००००० यो.

निरय (नरक) नामक द्वितीय इन्द्रकके विस्तारका प्रमाण चवालीस लाख तेरासीसौ तेतीस योजन और एक योजनके तीन भागोंमेंसे एक भाग है ॥ १०९ ॥

सीमंत वि. ४५००००० – ९१६६६ २/३ = ४४०८३३३ १/३ ।

१ द ब सेढीअ. २ ब ठाणं. ३ द वादाललक्खाणिं.

तेदालं लक्खाणं छस्सयसोलससहस्सछासट्ठी । दुतिभागो वित्थारो[1] रोरुगणामस्स[2] णादव्वो[3] ॥ ११०

४३१६६६६ । २ ।
३

पणुवीससहस्साधियजोयणबादाललक्खपरिमाणो । भंतिंदयस्स भणिदो वित्थारो पढमपुढवीए ॥ १११

४२२५००० ।

एक्कत्तालं लक्खा तेत्तीससहस्सतिसयतेत्तीसा[4] । एक्ककला तिविहत्ता उब्भंतयरुंदपरिमाणं ॥ ११२

४१३३३३३ । १ ।
३

चालीसं लक्खाणिं इगिदालसहस्सछस्सयं होदि । छावट्ठी दोण्णि कला[5] वासो संभंतणामम्मि ॥ ११३

४०४१६६६ । २ ।
३

उणदालं लक्खाणिं पण्णाससहस्सजोयणाणिं पि । होदि असंभंतिंदयवित्थारो पढमपुढवीए ॥ ११४

३९५०००० ।

अट्ठत्तीसं लक्खा अडवण्णसहस्सतिसयतेत्तीसं । एक्ककला तिविहत्ता वासो विब्भंतणामम्मि ॥ ११५

३८५८३३३ । १ ।
३

रौरुक (रौरव) नामक तृतीय इन्द्रकका विस्तार तेतालीस लाख सोलह हजार छहसौ छ्यासठ योजन और एक योजनके तीन भागोंमेंसे दो भागमात्र जानना चाहिये ॥ ११० ॥

४४०८३३३$\frac{१}{३}$ – ९१६६६$\frac{२}{३}$ = ४३१६६६६$\frac{२}{३}$ ।

प्रथम पृथिवीमें भ्रान्त नामक चतुर्थ इन्द्रकका विस्तार ब्यालीस लाख पच्चीस हजार योजन-प्रमाण कहा गया है ॥ १११ ॥ ४३१६६६६$\frac{२}{३}$ – ९१६६६$\frac{२}{३}$ = ४२२५००० ।

उद्भ्रान्त नामक पांचवें इन्द्रकके विस्तारका प्रमाण इकतालीस लाख तेतीस हजार तीनसौ तेतीस योजन और योजनके तीन भागोंमेंसे एक भाग है ॥ ११२ ॥

४२२५००० – ९१६६६$\frac{२}{३}$ = ४१३३३३३$\frac{१}{३}$ ।

सम्भ्रान्त नामक छठे इन्द्रकका विस्तार चालीस लाख इकतालीस हजार छहसौ छ्यासठ योजन और एक योजनके तीन भागोंमेंसे दो भागप्रमाण है ॥ ११३ ॥

४१३३३३३$\frac{१}{३}$ – ९१६६६$\frac{२}{३}$ = ४०४१६६६$\frac{२}{३}$ ।

प्रथम पृथिवीमें असम्भ्रान्त नामक सातवें इन्द्रकका विस्तार उनतालीस लाख पचास हजार योजनप्रमाण है ॥ ११४ ॥ ४०४१६६६$\frac{२}{३}$ – ९१६६६$\frac{२}{३}$ = ३९५०००० ।

विभ्रान्त नामक आठवें इन्द्रकका विस्तार अड़तीस लाख अट्ठावन हजार तीनसौ तेतीस योजन और एक योजनके तीन भागोंमेंसे एक भागप्रमाण है ॥ ११५ ॥

३९५०००० – ९१६६६$\frac{२}{३}$ = ३८५८३३३$\frac{१}{३}$ ।

१ द ब वित्थारा. २ द लोरुगणामस्स. ३ द णादव्वा. ४ द तीससहस्सगं. ५ द ब कला तिविभत्ता.

सगतीसं लक्खाणिं छासट्ठिसहस्सछसयछासट्ठी । दोण्णि कला तियभजिदा रुंदो तत्तिंदये होदि ॥ ११६

३७६६६६६ । २ ।
३

छत्तीसं लक्खाणं जोयणया पंचहत्तरिसहस्सा । तसिदिंदयस्स रुंदं णादव्वं पढमपुढवीए ॥ ११७

३६७५०००

पणतीसं लक्खाणिं तेसीदिसहस्सतिसयतेत्तीसा । एक्ककला तिविहत्ता रुंदं वक्कंतणामम्मि ॥ ११८

३५८३३३३ । १ ।
३

चउतीसं लक्खाणिं इगिणउदिसहस्सछसयछासट्ठी । दोण्णि कला तियभजिदा एस यवक्कंतणामम्मि ॥ ११९

३४९१६६६ । २ ।
३

चोत्तीसं लक्खाणिं जोयणसंखा य पढमपुढवीए । विक्कंतणामइंदयवित्थारो[3] एत्थ णादव्वो ॥ १२०

३४००००० ।

तेत्तीसं लक्खाणिं अट्ठसहस्साणि तिसयतेत्तीसा । एक्ककला बिदियाए[4] थणइंदयरुंदपरिमाणं[5] ॥ १२१

३३०८३३३ । १ ।
३

तप्त नामक नववें इन्द्रकका विस्तार सैंतीस लाख छ्यासठ हजार छहसौ छ्यासठ योजन और योजनके तीन भागोंमेंसे दो भाग है ॥ ११६ ॥

३८५८३३३$\frac{१}{३}$ − ९१६६६$\frac{२}{३}$ = ३७६६६६६$\frac{२}{३}$ ।

प्रथम पृथिवीमें त्रसित नामक दशवें इन्द्रकका विस्तार छत्तीस लाख पचहत्तर हजार योजनप्रमाण जानना चाहिये ॥ ११७ ॥ ३७६६६६६$\frac{२}{३}$ − ९१६६६$\frac{२}{३}$ = ३६७५००० ।

वक्रान्त नामक ग्यारहवें इन्द्रकका विस्तार पैंतीस लाख तेरासी हजार तीनसौ तेतीस योजन और एक योजनके तीन भागोंमेंसे एक भाग है ॥ ११८ ॥

३६७५००० − ९१६६६$\frac{२}{३}$ = ३५८३३३३$\frac{१}{३}$ ।

अवक्रान्त नामक बारहवें इन्द्रकका विस्तार चौंतीस लाख इक्यानवै हजार छहसौ छ्यासठ योजन और एक योजनके तीन भागोंमेंसे दो भागप्रमाण है ॥ ११९ ॥

३५८३३३३$\frac{१}{३}$ − ९१६६६$\frac{२}{३}$ = ३४९१६६६$\frac{२}{३}$ ।

प्रथम पृथिवीमें विक्रान्त नामक तेरहवें इन्द्रकका विस्तार चौंतीस लाख योजनप्रमाण जानना चाहिये ॥ १२० ॥ ३४९१६६६$\frac{२}{३}$ − ९१६६६$\frac{२}{३}$ = ३४००००० ।

द्वितीय पृथिवीमें स्तन नामक प्रथम इन्द्रकके विस्तारका प्रमाण तेतीस लाख आठ हजार तीनसौ तेतीस योजन और योजनके तीन भागोंमेंसे एक भाग है ॥ १२१ ॥

३४००००० − ९१६६६$\frac{२}{३}$ = ३३०८३३३$\frac{१}{३}$ ।

१ द बासट्ठि°. २ द इगणउदि°. ३ द ब विक्कंतणामाइयवित्थारो. ४ द ठिदियाए. ५ द थलइंदय.

बत्तीसं लक्खाणिं छस्सयसोलससहस्सछासट्ठी । दोण्णि कला तिविहत्ता वासो तणइंदए होदि ॥ १२२

३२१६६६६ । २ ।
३

इकतीसं लक्खाणिं[1] पणुवीससहस्सजोयणाणिं पि । मणइंदयस्स रुंदं णादव्वं बिदियपुढवीए ॥ १२३

३१२५००० ।

तीसं चिय लक्खाणिं तेत्तीससहस्सातिसयतेत्तीसा । एक्ककला बिदियाए वणइंदयरुंदपरिमाणं ॥ १२४

३०३३३३३ । १ ।
३

एक्कोणतीसलक्खा इगिदालसहस्सछसयछासट्ठी । दोण्णि कला तिविहत्ता घादिंदयणामवित्थारो ॥ १२५

२९४१६६६ । २ ।
३

अट्ठावीसं लक्खा पण्णासं[2]सहस्सजोयणाणिं पि । संघातणामइंदयवित्थारो बिदियपुढवीए ॥ १२६

२८५०००० ।

सत्तावीसं लक्खा अडवण्णसहस्सातिसयतेत्तीसा । एक्ककला तिविहत्ता जिब्भिंदय[3]रुंदपरिमाणं ॥ १२७

२७५८३३३ । १ ।
३

....

तनक नामक द्वितीय इन्द्रकका विस्तार बत्तीस लाख सोलह हजार छहसौ छ्यासठ योजन और एक योजनके तीन भागोंमेंसे दो भागप्रमाण है ॥ १२२ ॥

$$३३०८३३३\frac{१}{३} - ९१६६६\frac{२}{३} = ३२१६६६६\frac{२}{३} ।$$

द्वितीय पृथिवीमें मन नामक तृतीय इन्द्रकका विस्तार इकतीस लाख पच्चीस हजार योजन-प्रमाण जानना चाहिये ॥ १२३ ॥ $३२१६६६६\frac{२}{३} - ९१६६६\frac{२}{३} = ३१२५०००$ ।

द्वितीय पृथिवीमें वन नामक चतुर्थ इन्द्रकके विस्तारका प्रमाण तीस लाख तेतीस हजार तीनसौ तेतीस योजन और योजनका एक तृतीय भाग है ॥ १२४ ॥

$$३१२५००० - ९१६६६\frac{२}{३} = ३०३३३३३\frac{१}{३} ।$$

घात नामक पंचम इन्द्रकका विस्तार योजनके तीन भागोंमेंसे दो भागसहित उनतीस लाख इकतालीस हजार छहसौ छ्यासठ योजनप्रमाण है ॥ १२५ ॥

$$३०३३३३३\frac{१}{३} - ९१६६६\frac{२}{३} = २९४१६६६\frac{२}{३} ।$$

द्वितीय पृथिवीमें संघात नामक छठवें इन्द्रकका विस्तार अट्ठाईस लाख पचास हजार योजनप्रमाण है ॥ १२६ ॥ $२९४१६६६\frac{२}{३} - ९१६६६\frac{२}{३} = २८५००००$ ।

जिह्व नामक सातवें इन्द्रकके विस्तारका प्रमाण सत्ताईस लाख अट्ठावन हजार तीनसौ तेतीस योजन और एक योजनके तीसरे भागप्रमाण है ॥ १२७ ॥

$$२८५०००० - ९१६६६\frac{२}{३} = २७५८३३३\frac{१}{३} ।$$

....

१ द लक्खाणं पुणुवीस°. २ द ब पण्णरस. ३ द ब दिमिंदय°.

छव्वीसं लक्खाणिं छासट्ठिसहस्सछसयछासट्ठिं[1] । दोण्णि कला तिविहत्ता जिब्भगणामस्स वित्थारो ॥ १२८

२६६६६६६ । $\frac{२}{३}$ ।

पणुवीसं लक्खाणिं जोयणया पंचसत्तरिसहस्सा । लोलिंदयस्स रुंदो बिदियाए होदि पुढवीए ॥ १२९

२५७५००० ।

चउवीसं लक्खाणिं तेसीदिसहस्सतिसयतेत्तीसा । एक्ककला तिविहत्ता लोलगणामस्स[2] वित्थारो ॥ १३०

२४८३३३३ । $\frac{१}{३}$ ।

तेवीसं लक्खाणिं इगिणउदिसहस्सछसयछासट्ठी । दोण्णि कला तियभजिदा रुंदा थणलोलगे होंति ॥ १३१[3]

२३९१६६६ । $\frac{२}{३}$ ।

तेवीसं लक्खाणिं जोयणसंखा य तदियपुढवीए । पढमिंदयम्मि वासो णादव्वो तत्तणामस्स ॥ १३२

२३००००० ।

बावीसं लक्खाणिं अट्ठसहस्साणि तिसयतेत्तीसं । एक्ककला तिविहत्ता पुढवीए तसिदवित्थारो ॥ १३३

२२०८३३३ । $\frac{१}{३}$ ।

जिह्वक नामक आठवें इन्द्रकका विस्तार छब्बीस लाख छयासठ हजार छहसौ छयासठ योजन और एक योजनके तीन भागोंमेंसे दो भागप्रमाण है ॥ १२८ ॥

२७५८३३३$\frac{१}{३}$ – ९१६६६$\frac{२}{३}$ = २६६६६६६$\frac{२}{३}$ ।

द्वितीय पृथिवीमें नवें लोल इन्द्रकका विस्तार पच्चीस लाख पचहत्तर हजार योजनप्रमाण है ॥ १२९ ॥ २६६६६६६$\frac{२}{३}$ – ९१६६६$\frac{२}{३}$ = २५७५००० ।

लोलक नामक दशवें इन्द्रकका विस्तार चौबीस लाख तेरासी हजार तीनसौ तेतीस योजन और एक योजनके तीसरे भागप्रमाण है ॥ १३० ॥ २५७५००० – ९१६६६$\frac{२}{३}$ = २४८३३३३$\frac{१}{३}$ ।

स्तनलोलक नामक ग्यारहवें इन्द्रकका विस्तार तेईस लाख इक्यानबै हजार छहसौ छयासठ योजन और योजनके तीन भागोंमेंसे दो भागप्रमाण है ॥ १३१ ॥

२४८३३३३$\frac{१}{३}$ – ९१६६६$\frac{२}{३}$ = २३९१६६६$\frac{२}{३}$ ।

तीसरी पृथिवीमें तप्त नामक प्रथम इन्द्रकका विस्तार तेईस लाख योजनप्रमाण जानना चाहिये ॥ १३२ ॥ २३९१६६६$\frac{२}{३}$ – ९१६६६$\frac{२}{३}$ = २३००००० ।

तृतीय पृथिवीमें त्रसित नामक द्वितीय इन्द्रकका विस्तार बाईस लाख आठ हजार तीनसौ तेतीस योजन और योजनका तीसरा भाग है ॥ १३३ ॥

२३००००० – ९१६६६$\frac{२}{३}$ = २२०८३३३$\frac{१}{३}$ ।

---

१ द छावट्ठिं. २ द लोलगणामास°. ३ ब पुस्तक एव.

सोलसहस्सं छस्सयछासट्ठी एक्कवीसलक्खाणि । दोण्णि कला तदियाए पुढवीए तवणवित्थारो ॥ १३४

२११६६६६ $\frac{२}{३}$ ।

पणवीससहस्साधियविंसदिलक्खाणि जोयणाणिं पि । तदिए वि य खोणीए तावणणामस्स वित्थारो ॥ १३५

२०२५००० ।

एक्कोणवीसलक्खा तेत्तीससहस्सतिसयतेत्तीसा । एक्ककला तदियाए वसुहाए वण्णिदो हि[1] वित्थारो ॥ १३६

१९३३३३३ $\frac{१}{३}$ ।

अट्ठारसलक्खाणिं इगिदालसहस्सछस्सयछासट्ठी । दोण्णि कला तदियाए भूए पज्जलिदवित्थारो ॥ १३७

१८४१६६६ $\frac{२}{३}$ ।

सत्तरसं लक्खाणिं पण्णाससहस्सजोयणाणिं च । उज्जलिदइंदयस्स य वासो वसुहाए तदियाए[2] ॥ १३८

१७५०००० ।

सोलसजोयणलक्खा अडवण्णसहस्सतिसयतेत्तीसा । एक्ककला तदियाए संजलिदिंदस्स[3] वित्थारो ॥ १३९

१६५८३३३ $\frac{१}{३}$ ।

तीसरी पृथिवीमें तपन नामक तृतीय इन्द्रकका विस्तार इक्कीस लाख सोलह हजार छहसौ छ्यासठ योजन और योजनके तीन भागोंमेंसे दो भागप्रमाण है ॥ १३४ ॥

२२०८३३३ $\frac{१}{३}$ − ९१६६६ $\frac{२}{३}$ = २११६६६६ $\frac{२}{३}$ ।

तीसरी पृथिवीमें तापन नामक चतुर्थ इन्द्रकका विस्तार बीस लाख पच्चीस हजार योजनप्रमाण है ॥ १३५ ॥ २११६६६६ $\frac{२}{३}$ − ९१६६६ $\frac{२}{३}$ = २०२५००० ।

तृतीय वसुधामें [निदाघनामक पंचम इन्द्रकका] विस्तार उन्नीस लाख तेतीस हजार तीनसौ तेतीस योजन और योजनके तृतीय भागप्रमाण है ॥ १३६ ॥

२०२५००० − ९१६६६ $\frac{२}{३}$ = १९३३३३३ $\frac{१}{३}$ ।

तीसरी पृथिवीमें प्रज्वलित नामक छठे इन्द्रकका विस्तार अठारह लाख इकतालीस हजार छहसौ छ्यासठ योजन और एक योजनके तीन भागोंमेंसे दो भागप्रमाण है ॥ १३७ ॥

१९३३३३३ $\frac{१}{३}$ − ९१६६६ $\frac{२}{३}$ = १८४१६६६ $\frac{२}{३}$ ।

तृतीय वसुधामें उज्वलित नामक सातवें इन्द्रकका विस्तार सत्तरह लाख पचास हजार योजनप्रमाण है ॥ १३८ ॥ १८४१६६६ $\frac{२}{३}$ − ९१६६६ $\frac{२}{३}$ = १७५०००० ।

तृतीय भूमिमें संज्वलित नामक आठवें इन्द्रकका विस्तार सोलह लाख अट्ठावन हजार तीनसौ तेतीस योजन और एक योजनका तीसरा भाग है ॥ १३९ ॥

१७५०००० − ९१६६६ $\frac{२}{३}$ = १६५८३३३ $\frac{१}{३}$ ।

१ द ब वण्णि होइ. २ ब दितयाए. ३ द ब संपज्जलिदस्स.

पण्णारसलक्खाणिं छस्सट्ठिसहस्सछसयछासट्ठी । दोण्णि कला तंदियाए संपज्जलिदस्स वित्थारो ॥ १४०

१५६६६६६ । २ ।
३

चोद्दसजोयणलक्खा पणसत्तरि तह सहस्सपरिमाणा । तुरिमाए पुढवीए आरिंदयरुंदपरिमाणं ॥ १४१

१४७५००० ।

तेरसजोयणलक्खा तेसीदिसहस्सतिसयतेत्तीसं । एक्ककला तुरिमाए महीए मारिंदए रुंदो ॥ १४२

१३८३३३३ । १ ।
३

बारसजोयणलक्खा इगिणउदिसहस्सछसयछासट्ठी । दोण्णि कला णिद्दिट्ठा तुरिमातारिंदयस्स रुंदाउ ॥ १४३

१२९१६६६ । २ ।
३

बारसजोयणलक्खा तुरिमाए वसुंधराए वित्थारो । तच्चिंदयस्स रुंदो णिद्दिट्ठं सव्वदरिसीहिं ॥ १४४

१२००००० ।

एक्कादसलक्खाणिं अट्ठसहस्साणि तिसयतेत्तीसा । एक्ककला तुरिमाए महीए तमगस्स वित्थारो ॥ १४५

११०८३३३ । १ ।
३

तीसरी पृथिवीमें संप्रज्वलितनामक नवमें इन्द्रकका विस्तार पन्द्रह लाख छ्यासठ हजार छहसौ छ्यासठ योजन और एक योजनके तीन भागोंमेंसे दो भागप्रमाण है ॥ १४० ॥

$$१६५८३३३\frac{१}{३} - ९१६६६\frac{२}{३} = १५६६६६६\frac{२}{३} ।$$

चतुर्थ पृथिवीमें आर नामक प्रथम इन्द्रकके विस्तारका प्रमाण चौदह लाख पचहत्तर हजार योजन है ॥ १४१ ॥ $१५६६६६६\frac{२}{३} - ९१६६६\frac{२}{३} = १४७५०००$ ।

चतुर्थ पृथिवीमें मार नामक द्वितीय इन्द्रकका विस्तार तेरह लाख तेरासी हजार तीनसौ तेतीस योजन और एक योजनके तीसरे भागप्रमाण है ॥ १४२ ॥

$$१४७५००० - ९१६६६\frac{२}{३} = १३८३३३३\frac{१}{३} ।$$

चतुर्थ पृथिवीमें तार नामक तृतीय इन्द्रकका विस्तार बारह लाख इक्यानबै हजार छहसौ छ्यासठ योजन और एक योजनके तीन भागोंमेंसे दो भागप्रमाण है ॥ १४३ ॥

$$१३८३३३३\frac{१}{३} - ९१६६६\frac{२}{३} = १२९१६६६\frac{२}{३} ।$$

सर्वज्ञदेवने चतुर्थ पृथिवीमें तत्व (चर्चा) नामक चतुर्थ इन्द्रकका विस्तार बारह लाख योजनप्रमाण बतलाया है ॥ १४४ ॥ $१२९१६६६\frac{२}{३} - ९१६६६\frac{२}{३} = १२०००००$ ।

चतुर्थ पृथिवीमें तमक नामक पंचम इन्द्रकका विस्तार ग्यारह लाख आठ हजार तीनसौ तेतीस योजन और एक योजनके तीसरे भागप्रमाण है ॥ १४५ ॥

$$१२००००० - ९१६६६\frac{२}{३} = ११०८३३३\frac{१}{३} ।$$

---

१ द ब तदिएसं. २ द ब तुरिमाइंदस्स. ३ द ब तम्मंतयस्स. ४ द $\frac{१}{२}$.

दसजोयणलक्खाणिं छस्सयसोलससहस्सछासट्ठी । दोण्णि कला तुरिमाए वादिंदयवासपरिसंखा ॥ १४६

$१०१६६६६ \frac{२}{३}$ ।

पणवीससहस्साधियणवजोयणसयसहस्सपरिमाणा । तुरिमाए खोणीए खलखलणामस्स वित्थारो ॥ १४७

९२५००० ।

लक्खाणि अट्ठ जोयणतेत्तीससहस्सतिसयतेत्तीसा । एक्ककला तमइंदयवित्थारो पंचमधराए ॥ १४८

$८३३३३३ \frac{१}{३}$ ।

सगजोयणलक्खाणिं इगिदालसहस्सछसयछासट्ठी । दोण्णि कला भमइंदयरुंदो पंचमधरित्तीए ॥ १४९

$७४१६६६ \frac{२}{३}$ ।

छज्जोयणलक्खाणिं पण्णाससहस्ससमधियाणिं च । धूमप्पहावणीए झसइंदयरुंदपरिमाणा ॥ १५०

६५०००० ।

लक्खाणि पंच जोयणअडवण्णसहस्सातिसयतेत्तीसा । एक्ककला यंधिंदयवित्थारो पंचमखिदीए ॥ १५१

$५५८३३३ \frac{१}{३}$ ।

चतुर्थ भूमिमें वाद नामक छठे इन्द्रकके विस्तारका प्रमाण दश लाख सोलह हजार छहसौ छ्यासठ योजन और एक योजनके तीन भागोंमेंसे दो भागप्रमाण है ॥ १४६ ॥

$११०८३३३\frac{१}{३} - ९१६६६\frac{२}{३} = १०१६६६६\frac{२}{३}$ ।

चौथी पृथिवीमें खलखल (गडखड) नामक सातवें इन्द्रकका विस्तार नौ लाख पच्चीस हजार योजनप्रमाण है ॥ १४७ ॥ $१०१६६६६\frac{२}{३} - ९१६६६\frac{२}{३} = ९२५०००$ ।

पांचवीं पृथिवीमें तम नामक प्रथम इन्द्रकका विस्तार आठ लाख तेतीस हजार तीनसौ तेतीस योजन और एक योजनके तीसरे भागप्रमाण है ॥ १४८ ॥

$९२५००० - ९१६६६\frac{२}{३} = ८३३३३३\frac{१}{३}$ ।

पांचवीं पृथिवीमें भ्रम नामक द्वितीय इन्द्रकका विस्तार सात लाख इकतालीस हजार छहसौ छ्यासठ योजन और एक योजनके तीन भागोंमेंसे दो भागप्रमाण है ॥ १४९ ॥

$८३३३३३\frac{१}{३} - ९१६६६\frac{२}{३} = ७४१६६६\frac{२}{३}$ ।

धूमप्रभा पृथिवीमें झष नामक तृतीय इन्द्रकके विस्तारका प्रमाण छह लाख पचास हजार योजन है ॥ १५० ॥ $७४१६६६\frac{२}{३} - ९१६६६\frac{२}{३} = ६५००००$ ।

पांचवीं पृथिवीमें अंध नामक चतुर्थ इन्द्रकका विस्तार पांच लाख अट्ठावन हजार तीनसौ तेतीस योजन और एक योजनके तीसरे भागप्रमाण है ॥ १५१ ॥

$६५०००० - ९१६६६\frac{२}{३} = ५५८३३३\frac{१}{३}$ ।

---

१ द तमयं इंदय°, ब तमयंदय°. २ द ब एक्ककलायंदिदिय.

चउजोयणलक्खाणिं छासट्ठिसहस्सछसयछासट्ठी । दोण्णि कला तिमिमिंदयरुंदं पंचमधरित्तीए ॥ १५२

४६६६६६ । २ ।
३

तियजोयणलक्खाणिं सहस्सया पंचहत्तरिपमाणा । छट्ठीए वसुमईए हिमइंदयरुंदपरिसंखा ॥ १५३

३७५००० ।

दो जोयणलक्खाणिं तेसीदिसहस्सतिसयतेत्तीसा । एक्ककला छट्ठीए पुढवीए होइ वद्दले[2] रुंदो ॥ १५४

२८३३३३ । १ ।
३

एक्कं जोयणलक्खा इगिणउदिसहस्सछसयछासट्ठी । दोण्णि कला विन्थारो लल्लंके छट्ठवसुहाए ॥ १५५

१९१६६६ । २ ।
३

वासो जोयणलक्खो अवधिट्ठाणस्स[3] सत्तमखिदीए । जिणवरवयणविणिग्गदतिलोयपण्णत्तिणामाए ॥ १५६

१००००० ।

एक्काधियखिदिसंखं तियचउसत्तेहिं[4] गुणिय छब्भजिदे । कोसा इंदयसेढीपइण्णयाणं च बहलत्तं ॥ १५७

पांचवीं पृथिवीमें तिमिश्र नामक पांचवें इन्द्रकका विस्तार चार लाख छयासठ हजार छहसौ छयासठ योजन और एक योजनके तीन भागोंमेंसे दो भागप्रमाण है ॥ १५२ ॥

५५८३३३$\frac{1}{3}$ − ९१६६६$\frac{2}{3}$ = ४६६६६६$\frac{2}{3}$ ।

छठी पृथिवीमें हिम नामक प्रथम इन्द्रकके विस्तारका प्रमाण तीन लाख पचहत्तर हजार योजन है ॥ १५३ ॥ ४६६६६६$\frac{2}{3}$ − ९१६६६$\frac{2}{3}$ = ३७५००० ।

छठी पृथिवीमें वर्दल नामक द्वितीय इन्द्रकका विस्तार दो लाख तेरासी हजार तीनसौ तेतीस योजन और एक योजनके तीसरे भागप्रमाण है ॥ १५४ ॥

३७५००० − ९१६६६$\frac{2}{3}$ = २८३३३३$\frac{1}{3}$ ।

छठी पृथिवीमें लल्लंक नामक तृतीय इन्द्रकका विस्तार एक लाख इक्यानबै हजार छहसौ छयासठ योजन और एक योजनके तीन भागोंमेंसे दो भागप्रमाण है ॥ १५५ ॥

२८३३३३$\frac{1}{3}$ − ९१६६६$\frac{2}{3}$ = १९१६६६$\frac{2}{3}$ ।

सातवीं पृथिवीमें अवधिस्थान नामक इन्द्रकका विस्तार एक लाख योजनप्रमाण है। इसप्रकार जिनेन्द्रदेवके वचनोंसे उपदिष्ट त्रिलोक-प्रज्ञप्तिमें इन्द्रकबिलोंका विस्तार कहा गया है ॥ १५६ ॥ १९१६६६$\frac{2}{3}$ − ९१६६६$\frac{2}{3}$ = १००००० ।

एक अधिक पृथिवीसंख्याको तीन, चार और सातसे गुणा करके छहका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतने कोसप्रमाण क्रमशः इन्द्रक, श्रेणीबद्ध और प्रकीर्णक बिलोंका बाहल्य होता है ॥ १५७ ॥

....

१ द ब वसुमाई. २ द ब वद्दलेसु. ३ द अवदिठाणस्सं. ४ ब °सत्तेवि.

अथवा—

आदी छ अट्ठ चोद्दस तद्दलवड्ढिय जाव सत्तखिदिकोसं । छहिदे इंदयसेढीपइण्णयाणं च बहलत्तं ॥ १५८

१	$\frac{३}{२}$	२	$\frac{५}{२}$	३	$\frac{७}{२}$	४	$\frac{४}{३}$	२	$\frac{८}{३}$	$\frac{१०}{३}$	४	$\frac{१४}{३}$	$\frac{१६}{३}$	$\frac{७}{३}$	$\frac{७}{२}$	$\frac{१४}{३}$	$\frac{३५}{६}$	७	$\frac{४९}{६}$	$\frac{२८}{३}$

र. प्र. पृथिवीके इं. बिलोंका बाहल्य—१ + १ × ३ ÷ ६ = १ कोस। श. प्र. पृ. के इं. का बाहल्य—२ + १ × ३ ÷ ६ = $\frac{३}{२}$ कोस। वा. प्र. पृ. के इं. का बाहल्य—३ + १ × ३ ÷ ६ = २ कोस। इसीप्रकार पंकप्रभादि पृथिवियोंके इन्द्रकोंका बाहल्य क्रमशः $\frac{५}{२}$, ३, $\frac{७}{२}$ और ४ कोस होता है।

र. प्र. पृ. श्रे. बिलोंका बाहल्य— १ + १ × ४ ÷ ६ = $\frac{४}{३}$ को.। श. प्र. पृ. श्रे. बिलोंका बाहल्य— २ + १ × ४ ÷ ६ = २ को.। वा. प्र. पृ. श्रे. बिलोंका बाहल्य— ३ + १ × ४ ÷ ६ = $\frac{८}{३}$ को.। इसीप्रकार पंकप्रभादि पृथिवियोंके श्रेणीबद्ध बिलोंका बाहल्य क्रमशः $\frac{१०}{३}$, ४, $\frac{१४}{३}$ और $\frac{१६}{३}$ कोस होता है।

र. प्र. पृ. प्रकी. बिलोंका बाहल्य—१ + १ × ७ ÷ ६ = $\frac{७}{३}$ को.। श. प्र. पृ. प्रकी. बिलोंका बाहल्य—२ + १ × ७ ÷ ६ = $\frac{७}{२}$ को.। वा. प्र. पृ. प्रकी. बिलोंका बाहल्य—३ + १ × ७ ÷ ६ = $\frac{१४}{३}$ को.। इसीप्रकार पंकप्रभादि पृथिवियोंके प्रकीर्णक बिलोंका बाहल्य क्रमशः $\frac{३५}{६}$, ७, $\frac{४९}{६}$ और $\frac{२८}{३}$ कोस होता है।

अथवा—यहां आदिका प्रमाण क्रमसे छह, आठ और चौदह है। इसमें दूसरी पृथिवीसे लेकर सातवीं पृथिवीपर्यन्त उत्तरोत्तर इसी आदिके अर्ध भागको जोड़कर प्राप्त संख्यामें छहका भाग देनेपर क्रमशः विवक्षित पृथिवीके इन्द्रक, श्रेणीबद्ध और प्रकीर्णक बिलोंका बाहल्य निकल आता है ॥ १५८ ॥

र. प्र. पृ. इन्द्रकोंका बाहल्य—६ ÷ ६ = १ कोस। श. प्र. पृ. इन्द्रकोंका बाहल्य—६ + $\frac{६}{२}$ ÷ ६ = $\frac{३}{२}$ को.। वा. प्र. पृ. इन्द्रकोंका बाहल्य— ९ + $\frac{६}{२}$ ÷ ६ = २ को.। इसीप्रकार पंकप्रभादि पृथिवियोंके इन्द्रकोंका बाहल्य क्रमशः $\frac{५}{२}$, ३, $\frac{७}{२}$ और ४ कोस होता है।

र. प्र. पृ. श्रे. बिलोंका बाहल्य— ८ ÷ ६ = $\frac{४}{३}$ को.। श. प्र. पृ. श्रे. बिलोंका बाहल्य—८ + $\frac{८}{२}$ ÷ ६ = २ को.। वा. प्र. पृ. श्रे. बिलोंका. बाहल्य— १२+$\frac{८}{२}$÷६= $\frac{८}{३}$ को.। इसीप्रकार पंकप्रभादि पृथिवियोंके श्रेणीबद्धोंका बाहल्य क्रमशः $\frac{१०}{३}$, ४, $\frac{१४}{३}$ और $\frac{१६}{३}$ कोस होता है।

र. प्र. पृ. प्रकी. बिलोंका बाहल्य—१४ ÷ ६ = $\frac{७}{३}$ को.। श. प्र. पृ. प्रकी. बिलोंका बाहल्य—१४ + $\frac{१४}{२}$ ÷ ६ = $\frac{७}{२}$ को.। वा. प्र. पृ. प्रकी. बिलोंका बाहल्य—२१ + $\frac{१४}{२}$ + ६ = $\frac{१४}{३}$ को.। इसीप्रकार पंकप्रभादि पृथिवियोंके प्रकीर्णक बिलोंका बाहल्य—$\frac{३५}{६}$, ७, $\frac{४९}{६}$ और $\frac{२८}{३}$ कोस होता है।

रयणादिछट्ठमंतं णियणियपुढवीण बहलमज्झादो । जोयणमहस्सजुगलं अवणिय सेसं करिज्ज कोसाणि ॥ १५९
णियणियइंदयसेढीबद्धाणं पइण्णयाण बहलाणि । णियणियपदरपवण्णिदसंखागुणिदाण लद्धरासी य ॥ १६०
पुव्विल्लयरासीणं मज्झे तं सोहिऊण पत्तेक्कं । एक्कोणणियणियिंदय[1]चउगुणिदेणं च भजिदव्वं ॥ १६१
लद्धो जोयणसंखा णियणिय णेयंतरालमुड्ढेण[2] । जाणेज्ज परट्ठाणे किंचूणयरज्जुपरिमाणं ॥ १६२
सत्तमखिदीय बहले इंदयसेढीण बहलपरिमाणं । सोधिय दलिदे हेट्ठिमउवरिमभागा हवंति एदाणं ॥ १६३
पढमबिदीयवणीणं[3] रुंदं सोहेज्ज एक्करज्जूए । जोयणतिसहस्सजुदे होदि परट्ठाणविच्चालं ॥ १६४

रत्नप्रभा पृथिवीको आदि लेकर छठी पृथिवीपर्यन्त अपनी अपनी पृथिवीके बाहल्यमेंसे दो हजार योजन कम करके शेष योजनोंके कोस बनाना चाहिये ॥ १५९ ॥

अपने अपने पटलोंकी पूर्ववर्णित संख्यासे गुणित अपनी अपनी पृथिवीके इन्द्रक, श्रेणीबद्ध और प्रकीर्णक बिलोंके बाहल्यको पूर्वोक्त राशिमेंसे, अर्थात् दो हजार योजन कम विवक्षित पृथिवीके बाहल्यके किये गये कोसोंमेंसे, कम करके प्रत्येकमें एक कम अपने अपने इन्द्रकप्रमाणसे गुणित चारका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतने योजनप्रमाण अपनी अपनी पृथिवीके इन्द्रकादि बिलोंमें ऊर्ध्वग अन्तराल जानना चाहिये । इसके अतिरिक्त परस्थान अर्थात् एक पृथिवीके अन्तिम और अगली पृथिवीके आदिभूत इन्द्रकादि बिलोंमें कुछ कम एक राजुप्रमाण अन्तराल समझना चाहिये ॥ १६०–१६२ ॥

प्र. पृ. के इन्द्रकोंका अन्तराल— $\frac{(८०००० - २०००) \times ४ - (१ \times १३)}{(१३ - १) \times ४}$

$= \frac{७८००० \times ४ - १३}{४८} = ६४९९\frac{३५}{४८}$ यो.

द्वि. पृ. के " " $\frac{(३२००० - २०००) \times ४ - (\frac{३}{२} \times ११)}{(११ - १) \times ४} = \frac{३०००० \times ४ - \frac{३३}{२}}{४०}$

$= २९९९\frac{४७}{८०}$ यो. इत्यादि.

सातवीं पृथिवीके बाहल्यमेंसे इन्द्रक और श्रेणीबद्ध बिलोंके बाहल्यप्रमाणको घटाकर अवशिष्ट राशिको आधा करनेपर क्रमसे इन्द्रक और श्रेणीबद्ध बिलोंके ऊपर-नीचेकी पृथिवीकी मुटाईका प्रमाण निकलता है ॥ १६३ ॥

$\frac{८००० - १}{२} = ३९९९\frac{१}{२}$ यो. सातवीं पृथिवीके इन्द्रक बिलके नीचे और ऊपरकी पृथिवीका बाहल्य.

$\frac{८००० - \frac{४}{३}}{२} = ३९९९\frac{२}{६}$ सा. पृ. के श्रेणीबद्ध बिलोंके ऊपर-नीचेकी पृथिवीका बाहल्य.

एक राजुमेंसे पहिली और दूसरी पृथिवीके बाहल्यप्रमाणको कम करके अवशिष्ट राशिमें तीन हजार योजनोंके मिलानेपर प्रथम पृथिवीके अन्तिम और द्वितीय पृथिवीके प्रथम बिलके मध्यमें परस्थान अन्तरालका प्रमाण निकलता है ॥ १६४ ॥

१ द °णियणिइंदय°, ब °णियणियइंदय°. २ द °तराणपुड्ढेण, ब °तराणपुढेण. ३ द ब पढमखिदीयवणीणं.

दुसहस्सजोयणाधियरज्जू तदियादिपुढविरुंदूणं । छट्ठो त्ति परट्ठाणे[1] विच्चालपमाणमुद्दिट्ठं ॥ १६५

सयकदिरूऊणद्धं रज्जुजुदं चरिमभूमिरुंदूणं । मघविस्से[2] चरिमइंदयअवधिट्ठाणस्स विच्चालं ॥ १६६

णवणवदिजुदचदुस्सयछसहस्सा जोयणाइं बे कोसा । एक्कारसकलबारसहिदा य घम्मिंदयाण विच्चालं ॥ १६७

६४९९ । को २ । $\frac{११}{१२}$ ।

रयणप्पहचरमिंदयसक्करपुढविंदयाण विच्चालं । दोलक्खणवसहस्सा जोयणहीणेक्करज्जू य ॥ १६८

७ । रिण जो २०९००० ।

एक्कविहीणा जोयणतिसहस्सा धणुसहस्सचत्तारि । सत्तसया वंसाए एक्कारसइंदयाण विच्चालं ॥ १६९

२९९९ । दंड ४७०० ।

....

विशेषार्थ—प्रथम पृथिवीकी मुटाई १८०००० योजन और द्वितीय पृथिवीकी मुटाई ३२००० योजनप्रमाण है। इस मुटाईसे रहित दोनों पृथिवियोंके मध्यमें एक राजुप्रमाण अन्तराल है। चूंकि एक हजार योजनप्रमाण चित्रा पृथिवीकी मुटाई प्रथम पृथिवीकी मुटाईमें सम्मिलित है परन्तु उसकी गणना ऊर्ध्व लोककी मुटाईमें कीगई है, अतएव इसमेंसे इन एक हजार योजनोंको कम करदेना चाहिये। इसके अतिरिक्त प्रथम पृथिवीके नीचे और द्वितीय पृथिवीके ऊपर एक एक, हजार योजनप्रमाण क्षेत्रमें नारकियोंके बिलोंके न होनेसे इन दो हजार योजनोंको भी कम कर देनेपर शेष २०९००० (१८०००० + ३२००० − ३०००) योजनोंसे रहित एक राजुप्रमाण प्रथम पृथिवीके अन्तिम और द्वितीय पृथिवीके प्रथम इन्द्रकके बीच परस्थान अन्तराल रहता है।

दो हजार योजन अधिक एक राजुमेंसे तीसरी आदिक पृथिवीके बाहल्यप्रमाणको घटा देनेपर जो शेष रहे, उतना छठी पृथिवीपर्यन्त परस्थान अन्तरालका प्रमाण कहा गया है ॥ १६५ ॥

सौके वर्गमेंसे एक कम करके शेषको आधा करे और उसे एक राजुमें जोड़कर लब्धमेंसे अन्तिम भूमिके बाहल्यको घटा देनेपर मघवी पृथिवीके अन्तिम इन्द्रक और अवधिस्थान इन्द्रकके बीच परस्थान अन्तरालका प्रमाण निकलता है ॥ १६६ ॥

घर्मा पृथिवीके इन्द्रक बिलोंका अन्तराल छह हजार चारसौ निन्यानबै योजन, दो कोस और एक कोसके बारह भागोंमेंसे ग्यारह भागप्रमाण है ॥ १६७ ॥ ६४९९ यो. २$\frac{११}{१२}$ को.।

रत्नप्रभा पृथिवीके अन्तिम इन्द्रक और शर्कराप्रभाके आदिके इन्द्रक बिलोंका अन्तराल दो लाख नौ हजार योजन कम एक राजुप्रमाण है ॥ १६८ ॥ २०९००० यो. कम १ रा.।

वंशा पृथिवीके ग्यारह इन्द्रकोंका अन्तराल एक कम तीन हजार योजन और चार हजार सातसौ धनुषप्रमाण है ॥ १६९ ॥ २९९९ यो. ४७०० धनु.।

....

१ ब परिट्ठाणे. २ ब मघवस्स.

एक्को हवेदि रज्जू छव्वीससहस्सजोयणविहीणा । थणलोलुगस्स तत्ता इंदयदो होदि विच्चाले ॥ १७०

७ । रिण २६००० ।

तिण्णि सहस्सा दुसया जोयणउणवण्ण तदियपुढवीए । पणतीससयधणूणिं पत्तेकं इंदयाण विच्चालं ॥ १७१

३२४९ । दंड ३५०० ।

एक्को हवेदि रज्जू बावीससहस्सजोयणविहीणा । दोण्णं विच्चालमिणं संपजलिदारणामाणं ॥ १७२

७ । रिण जो २२००० ।

तिण्णि सहस्सा छस्सयपण्णट्ठीजोयणाणि पंकाए । पण्णत्तरिसयदंडा पत्तेकं इंदयाण विच्चाले ॥ १७३

३६६५ जो । दंड ७५०० ।

एक्को हवेदि रज्जू अट्ठारससहस्सजोयणविहीणा । खलखलतमिंदयाणं दोण्णं विच्चालपरिमाणं ॥ १७४

७ । रिण जो १८००० ।

चत्तारि सहस्साणिं चउसयणवणवदिजोयणाणिं पि । पंचसयाणिं दंडा धूमपहाइंदयाण विच्चालं ॥ १७५

४४९९ । दंड ५०० ।

चोद्दससहस्सजोयणपरिहीणा होदि केवलं रज्जू । तिमिसिंदयस्स हिमइंदयस्स दोण्णं पि विच्चाले ॥ १७६

७ । रिण जो १४००० ।

वंशा पृथिवीके अन्तिम इन्द्रक स्तनलोलुकसे मेघा पृथिवीके प्रथम इंद्रक तप्तका अंतराल छब्बीस हजार योजन कम एक राजुप्रमाण है ॥ १७० ॥ २६००० यो. कम १ रा. ।

तीसरी पृथिवीके प्रत्येक इन्द्रक बिलका अन्तराल तीन हजार दो सौ उनंचास योजन और पैंतीससौ धनुषप्रमाण है ॥ १७१ ॥ ३२४९ यो. ३५०० दण्ड ।

तृतीय पृथिवीका अन्तिम इंद्रक संप्रज्वलित और चतुर्थ पृथिवीका प्रथम इंद्रक आर, इन दोनों बिलोंका अन्तराल बाईस हजार योजन कम एक राजुप्रमाण है ॥ १७२ ॥

२२००० यो. कम १ रा.

पंकप्रभा पृथिवीके इन्द्रक बिलोंका अन्तराल तीन हजार छहसौ पैंसठ योजन और पचहत्तरसौ दण्डप्रमाण है ॥ १७३ ॥ ३६६५ यो. ७५०० दण्ड ।

चतुर्थ पृथिवीका अन्तिम इन्द्रक खल-खल और पांचवीं पृथिवीका प्रथम इन्द्रक तम, इन दोनों बिलोंके अन्तरालका प्रमाण अठारह हजार योजन कम एक राजु है ॥ १७४ ॥

१८००० यो. कम १ रा. ।

धूमप्रभाके इन्द्रक बिलोंका अन्तराल चार हजार चारसौ निन्यानबै योजन और पांचसौ दण्डप्रमाण है ॥ १७५ ॥ ४४९९ यो. ५०० दण्ड ।

पांचवीं पृथिवीका अन्तिम इन्द्रक तिमिश्र और छठी पृथिवीका प्रथम इन्द्रक हिम, इन दोनों बिलोंका अन्तराल चौदह हजार योजन कम एक राजुप्रमाण है ॥ १७६ ॥

१४००० यो. कम. १ रा. ।

---

१ ब एक्का. २ द ब धणलोलुगस्स तत्तिं. ३ द ब छस्सट्ठी. ४ द ब जोयणविहीण.

अट्ठाणउदी णवसयछस्सहस्सा जोयणाणि[1] मघवीए । पणवण्णसयाणि धणू पत्तेक्कं इंदयाण विच्चालं ॥ १७७

६९९८ । दंड ५५०० ।

छट्ठमखिदि[2]चरिमिंदयअवधिट्ठाणाण होइ विच्चालं । एक्का रज्जू ऊणा जोयणतिसहस्सकोसजुगलेहिं ॥ १७८

$\overline{७}$ । रिण जो ३००० को २ ।

तिण्णि सहस्सा णवसयणवणउदी[3] जोयणाणि बे कोसा । उड्ढाधरभूमीणं अवधिट्ठाणस्स परिमाणं ॥ १७९

३९९९ । कोस २ ।

णवणउदिजुदचउस्सयछसहस्सा जोयणाणि बे कोसा । पंच कला णवभजिदा घम्माए सेढिबद्धविच्चालं ॥ १८०

६४९९ । कोस २ । ५/९ ।

णवणउदि णवसयाणिं दुसहस्सा जोयणाणि वंसाए । तिसहस्सछसयदंडा उड्ढं[4] सेढिबद्धविच्चालं ॥ १८१

२९९९ । दंड ३६०० ।

उणवण्णा दुसयाणिं तिसहस्सा जोयणाणि मेघाए । दोण्णि सहस्साणि धणू सेढीबद्धाण विच्चालं ॥ १८२

३२४९ । दंड २००० ।

णवहिदबावीससहस्सदंडहीणा हवेदि[5] छासट्ठी । जोयणछत्तीससयं[6] तुरिमाए सेढिबद्धविच्चालं ॥ १८३

३६६५ । दंड ५५५५ । ५/९ ।

मघवी पृथिवीमें प्रत्येक इन्द्रकका अन्तराल छह हजार नौसौ अट्ठानवै योजन और पचवनसौ धनुष है ॥ १७७ ॥ ६९९८ यो., ५५०० दण्ड ।

छठी पृथिवीके अन्तिम इन्द्रक ल्लंक और सातवीं पृथिवीके अवधिस्थान इन्द्रकका अन्तराल तीन हजार योजन और दो कोस कम एक राजुप्रमाण है ॥ १७८ ॥

यो. ३०००, को. २ कम १ रा. ।

अवधिस्थान इन्द्रककी ऊर्ध्व और अधस्तन भूमिके बाहल्यका प्रमाण तीन हजार नौसौ निन्यानबै योजन और दो कोस है ॥ १७९ ॥ ३९९९ यो. २ को. ।

घर्मा पृथिवीमें श्रेणीबद्ध बिलोंका अन्तराल छह हजार चारसौ निन्यानबै योजन दो कोस और एक कोसके नौ भागोंमेंसे पांच भागप्रमाण है ॥ १८० ॥ ६४९९ यो. २ ५/९ को. ।

वंशा पृथिवीमें श्रेणीबद्ध बिलोंका अन्तराल दो हजार नौसौ निन्यानबै योजन और तीन हजार छहसौ दण्डप्रमाण हैं ॥ १८१ ॥ २९९९ यो. ३६०० दण्ड ।

मेघा पृथिवीमें श्रेणीबद्ध बिलोंका अन्तराल तीन हजार दोसौ उनंचास योजन और दो हजार धनुष है ॥ १८२ ॥ ३२४९ यो. २००० दण्ड ।

चतुर्थ पृथिवीमें श्रेणीबद्ध बिलोंका अन्तराल, बाईस हजारमें नौका भाग देनेपर जो लब्ध आवे, उतने धनुष कम छत्तीससौ छ्यासठ योजनप्रमाण है ॥ १८३ ॥ ३६६५ यो. ५५५५ ५/९ दण्ड ।

१ द ब जोयणादि. २ द छट्ठुमखिदिचरिमिंदिय°. ३ द णउणउदी. ४ द उ उड्ढीणं, ब उड्ढीणं. ५ द हुवेदि. ६ ब °बत्तीससयं.

अट्ठाणंउदी[1] जोयणचउदालसयाणि छस्सहस्सधणू । धूमप्पहपुढवीए सेढीबद्धाण विच्चालं ॥ १८४

४४९८ । दंड ६००० ।

अट्ठाणउदी णवसयछसहस्सा जोयणाणि मघवीए । दोण्णि सहस्साणि धणू सेढीबद्धाण विच्चालं ॥ १८५

६९९८ । दंड २००० ।

णवणउदिसहिदणवसयतिसहस्सा जोयणाणि एक्ककला । तिहिदा य माघवीए सेढीबद्धाण विच्चालं ॥ १८६

३९९९ । $\frac{१}{३}$ ।

सट्ठाणे विच्चालं एदं जाणिज्ज तह परट्ठाणे । जं इंदय[2]परठाणे भणिदं तं एत्थ वत्तव्वं ॥ १८७

णवरि विसेसो एसो लल्लंकयअवधिठाणविच्चाले । जोयणयद्ध[3]च्छब्भागूणं सेढिबद्धाण विच्चालं ॥ १८८

। सेढीबद्धाण विच्चालं समत्तं[4] ।

छक्कदिहिदेक्कणउदीकोसोणा छसहस्सपंचसया । जोयणया घम्माए पइण्णयाणं हवेदि[5] विच्चालं ॥ १८९

६४९९ । को १ । $\frac{१७}{३६}$ ।

णवणउदीजुदणवसयदुसहस्सा जोयणाणि वंसाए । तिण्णिसयदंडयाणं उड्ढेण पइण्णयाण विच्चालं ॥ १९०

२९९९ । दंड ३०० ।

धूमप्रभा पृथिवीमें श्रेणीबद्ध बिलोंका अन्तराल चवालीससौ अट्ठानबै योजन और छह हजार धनुष है ॥ १८४ ॥ ४४९८ यो. ६००० दण्ड ।

मघवी पृथिवीमें श्रेणीबद्ध बिलोंका अन्तराल छह हजार नौसौ अट्ठानबै योजन और दो हजार धनुष है ॥ १८५ ॥ ६९९८ यो. २००० दण्ड ।

माघवी पृथिवीमें श्रेणीबद्ध बिलोंका अन्तराल तीन हजार नौसौ निन्यानबै योजन और एक योजनके तीसरे भागप्रमाण है ॥ १८६ ॥ ३९९९$\frac{१}{३}$ यो. ।

यह जो श्रेणीबद्ध बिलोंका अन्तराल है उसे स्वस्थानमें समझना चाहिये । तथा परस्थानमें जो इन्द्रक बिलोंका अन्तराल कहा जाचुका है, उसीको यहां भी कहना चाहिये । किन्तु विशेषता यह है कि लल्लंक और अवधिस्थान इन्द्रकके मध्यमें जो अन्तराल कहा गया है उसमेंसे अर्ध योजनके छह भागोंमेंसे एक भाग कम यहां श्रेणीबद्ध बिलोंका अन्तराल जानना चाहिये ॥ १८७–१८८ ॥

इसप्रकार श्रेणीबद्ध बिलोंका अन्तराल समाप्त हुआ ।

घर्मा पृथिवीमें प्रकीर्णक बिलोंका अन्तराल, इक्यानबैमें छहके वर्गका भाग देनेपर जो लब्ध आवे, उतने कोस कम छह हजार पांचसौ योजनप्रमाण है ॥ १८९ ॥

यो. $६५०० - (\frac{९१}{३६} \times \frac{१}{४}) =$ यो. ६४९९, को. १$\frac{१७}{३६}$

वंशा पृथिवीमें प्रकीर्णक बिलोंका ऊर्ध्वग अन्तराल दो हजार नौसौ निन्यानबै योजन और तीनसौ धनुषप्रमाण है ॥ १९० ॥ २९९९ यो. ३००० दण्ड ।

---

१ ब अट्ठाणणउदी. **२ द** इंदयपरणाणे, **ब** इंदयवरठाणे. **३ द ब** जोयणयाधं. **४ ब** सम्मत्तं. **५ द** हुवेदि.

अट्ठत्तालं दुसयं तिसहस्सा जोयणाणि मेघाए । पणवण्णसयाणि धणू उड्डेण पइण्णयाण विच्चालं ॥ १९१

३२४८ । दंड ५५०० ।

चउसट्ठि छस्सयाणिं तिसहस्सा जोयणाणि तुरिमाए । उणहत्तरीसहस्सा पणसयदंडा य णवभजिदा ॥ १९२

३६६४ । दंड ६९५०० ।

९

सत्ताणवदीजोयणचउदालसयाणि पंचमखिदीए । पणसयजुदछसहस्सा दंडेण पइण्णयाण विच्चालं ॥ १९३

४४९७ । दंड ६५०० ।

सट्ठाणे विच्चालं एदं जाणिज्ज तह परट्ठाणे । जं इंदयपरठाणे भणिदं तं यत्थ वत्तव्वं[2] ॥ १९४

। एवं पइण्णयाणं विच्चालं सम्मत्तं ।

॥ एवं णिवासखेत्तं सम्मत्तं ॥

घम्माए णारइया संखठिदाऊ[3] होंति एदाणं । सेढीए गुणगारा विंदंगुलबिदियमूलकिंचूणं ॥ १९५

। — १२ (?)

१२

....

मेघा पृथिवीमें प्रकीर्णक बिलोंका ऊर्ध्वग अन्तराल तीन हजार दोसौ अड़तालीस योजन और पचवनसौ धनुष है ॥ १९१ ॥ ३२४८ यो. ५५०० दण्ड ।

चतुर्थ पृथिवीमें श्रेणीबद्ध बिलोंका अन्तराल तीन हजार छहसौ चौंसठ योजन और नौसे भाजित उनहत्तर हजार पांचसौ धनुषप्रमाण है ॥ १९२ ॥ ३६६४ यो. $\frac{६९५००}{९}$ दण्ड ।

पांचवीं पृथिवीमें प्रकीर्णक बिलोंका अन्तराल चवालीससौ सत्तानबै योजन और छह हजार पांचसौ धनुषप्रमाण है ॥ १९३ ॥ ४४९७ यो. ६५०० दण्ड ।

[छठी पृथिवीमें प्रकीर्णक बिलोंका अन्तराल छह हजार नौसौ छयानबै योजन और पचहत्तरसौ धनुष है ॥ १९३*१ ॥ ६९९६ यो. ७५०० दण्ड ।]

इसप्रकार यह प्रकीर्णक बिलोंका अन्तराल स्वस्थानमें समझना चाहिये । परस्थानमें जो इन्द्रकबिलोंका अन्तराल कहा जा चुका है, उसीको यहांपर भी कहना चाहिये ॥ १९४ ॥

इसप्रकार प्रकीर्णक बिलोंका अन्तराल समाप्त हुआ ।

इसप्रकार निवासक्षेत्र समाप्त हुआ ।

घर्मा पृथिवीमें नारकी जीव संख्यात आयुके धारक हैं । इनकी संख्या निकालनेके लिये गुणकार घनांगुलके द्वितीय वर्गमूलसे कुछ कम है । अर्थात् इस गुणकारसे जगश्रेणीको गुणा करनेपर जो राशि उत्पन्न हो उतने नारकी जीव घर्मा पृथिवीमें विद्यमान हैं ॥ १९५ ॥

श्रेणी × घनांगुलके २सरे वर्गमूलसे कुछ कम = घर्मा पृ. के नारकी ।

....

१ द जोयणाणि. २ द वत्थव्वं. ३ द संखठिदाओ.

बंसाए णारइया सेढीए असंखभागमेत्ता वि । सो रासी सेढीए बारसमूलावहिदा सेढी ॥ १९६

१२

मेघाए णारइया सेढीए असंखभागमेत्ता वि । सेढीए दसमंमूलेण भाजिदो होदि सो सेढी ॥ १९७

१०

तुरिमाए णारइया सेढीए असंखभागमेत्ता वि । सो सेढीए अट्ठममूलेणं यवहिदा सेढी ॥ १९८

८

पंचमखिदिणारइया सेढीए असंखभागमेत्ते वि । सो सेढीए छट्ठममूलेणं भाजिदा सेढी ॥ १९९

६

मघवीए णारइया सेढीए असंखभागमेत्ता वि । सेढीए तिदियमूलेण हरिदसेढी य सो रासी ॥ २००

३

सत्तमखिदिणारइया सेढीए असंखभागमेत्ता वि । सेढीए बिदियमूलेण हरिदसेढीअ सो रासी ॥ २०१

२

। एवं संखा समत्ता ।

वंशा पृथिवीमें नारकी जीव यद्यपि जगश्रेणीके असंख्यातभागमात्र हैं, तथापि उनकी राशिका प्रमाण जगश्रेणीके बारहवें वर्गमूलसे भाजित जगश्रेणीमात्र है ॥ १९६ ॥

श्रेणी ÷ श्रेणीका १२हवां वर्गमूल = वंशा पृ. के नारकी ।

मेघा पृथिवीमें नारकी जीव जगश्रेणीके असंख्यातभागप्रमाण होते हुए भी जगश्रेणीके दसवें वर्गमूलसे भाजित जगश्रेणीप्रमाण हैं ॥ १९७ ॥

श्रेणी ÷ श्रेणीका १०वां वर्गमूल = मेघा. पृ. के नारकी ।

चौथी पृथिवीमें नारकी जीव यद्यपि जगश्रेणीके असंख्यातभागमात्र हैं, तथापि उनका प्रमाण जगश्रेणीमें जगश्रेणीके आठवें वर्गमूलका भाग देनेपर जो लब्ध आवे, उतना है ॥ १९८ ॥

श्रेणी ÷ श्रेणीका ८वां वर्गमूल = चौथी पृ. के नारकी ।

पांचवीं पृथिवीमें नारकी जीव जगश्रेणीके असंख्यातवें भागप्रमाण होकर भी जगश्रेणीके छठे वर्गमूलसे भाजित जगश्रेणीमात्र हैं ॥ १९९ ॥

श्रेणी ÷ श्रेणीका ६वां वर्गमूल = पांचवीं पृ. के नारकी ।

मघवी पृथिवीमें भी नारकी जीव जगश्रेणीके असंख्यातवें भागमात्र हैं, तथापि उनका प्रमाण जगश्रेणीमें उसके तीसरे वर्गमूलका भाग देनेपर जो लब्ध आवे, उतना है ॥ २०० ॥

श्रेणी ÷ श्रेणीका ३सरा वर्गमूल = छठी पृ. के नारकी ।

सातवीं पृथिवीमें यद्यपि नारकी जीव जगश्रेणीके असंख्यातवें भागप्रमाण ही हैं, तथापि उनकी राशिका प्रमाण जगश्रेणीके द्वितीय वर्गमूलसे भाजित जगश्रेणी है ॥ २०१ ॥

श्रेणी ÷ श्रेणीका २सरा वर्गमूल = सातवी पृ. के नारकी ।

इसप्रकार संख्या समाप्त हुई ।

१ द दसमूलेणं. २ द ब हरिदा सेढीय.

णिरयपदरेसु आऊ सीमंतादीसु दोसु संखेजा । तदिए संखासंखो दससु असंखो तहेव सेसेसु ॥ २०२

२ । १ । ७ । १० । ७ ।[1] (?)

एगं तिण्णि य सत्तं दह सत्तारस दुवीस तेत्तीसा । रयणादीचरिमिंदय[2]जेट्ठाऊ उवहिउवमाणा ॥ २०३

१ । ३ । ७ । १० । १७ । २२ । ३३ ।

दसणउदिसहस्साणिं आऊ अवरो य जेट्ठसीमंते । वरिसाणि णउदिलक्खा णिरइंदयआउउक्कस्सो[3] ॥ २०४

१०००० । ९०००० । ९००००००।

रोरुगए जेट्ठाऊ संखातीदा हु पुव्वकोडीओ । भंतस्सुक्कस्साऊ सायरउवमस्स दसमंसो ॥ २०५

पुव्व । २ । सा । $\frac{१}{१०}$ |

दसमंस चउत्थमये जेट्ठाऊ सोहिऊण णवभजिदे । आउस्स पढमभूए[4] णायव्वा हाणिवड्ढीओ ॥ २०६

$\frac{१}{१०}$ |

नरकपटलोंमेंसे सीमन्त आदिक दो पटलोंमें संख्यात वर्षकी आयु है, तीसरेमें संख्यात व असंख्यात वर्षकी आयु है, और आगेके दश पटलोंमें तथा शेष पटलोंमें भी असंख्यात वर्षप्रमाण ही नारकियोंकी आयु होती है ॥ २०२ ॥

उन रत्नप्रभादिक सातों पृथिवियोंके अन्तिम इन्द्रक बिलोंमें क्रमसे एक, तीन, सात, दश, सत्तरह, बाईस और तेतीस सागरोपमप्रमाण उत्कृष्ट आयु है ॥ २०३ ॥

सा. १ । ३ । ७ । १० । १७ । २२ । ३३ ।

सीमन्त इन्द्रकमें जघन्य आयु दश हजार वर्ष और उत्कृष्ट आयु नब्बै हजार वर्षप्रमाण है । निरय इन्द्रकमें उत्कृष्ट आयुका प्रमाण नब्बै लाख वर्ष है ॥ २०४ ॥

सीमंत इं. में ज. आयु १००००; उ. आ. ९००००; नरक इं. में उ. आ. ९०००००० वर्ष ।

रौरुक इन्द्रकमें उत्कृष्ट आयु असंख्यात पूर्वकोटी, और भ्रान्त इन्द्रकमें सागरोपमके दशवें भागप्रमाण उत्कृष्ट आयु है ॥ २०५ ॥ रौ. इं. में असंख्यात पू. को.; भ्रां. इं. में $\frac{१}{१०}$ सा. ।

प्रथम पृथिवीके चतुर्थ पटलमें जो एक सागरके दशवें भागप्रमाण उत्कृष्ट आयु है, उसको प्रथम पृथिवीस्थ नारकियोंकी उत्कृष्ट आयुमेंसे कम करके शेषमें नौका भाग देनेपर जो जो लब्ध आवे उतना, प्रथम पृथिवीके अवशिष्ट नौ पटलोंमें आयुके प्रमाणको लानेकेलिये हानि-वृद्धिका प्रमाण जानना चाहिये । (इस हानि-वृद्धिके प्रमाणको चतुर्थादि पटलोंकी आयुमें उत्तरोत्तर जोड़नेपर पंचमादि पटलोंमें आयुका प्रमाण निकलता है) ॥ २०६ ॥

र. प्र. पृ. में उ. आयु एक सागरोपम है, अतः $१ - \frac{१}{१०} \div ९ = \frac{१}{१०}$ हा. वृ.

---

१ द २ । ७̄ । ७० । १० । ० ॥. २ ब चरमिंदिय. ३ द ब °आउकस्सो. ४ द ब पढमभाए.

सायरउवमा इगिदुतिचउपणछसत्तअट्ठणवदसया । दसभजिदा रयणप्पहतुरिमिंदयपहुडिजेट्ठाऊ ॥ २०७

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०

उवरिमखिदिजेट्ठाऊ सोहियं[1] हेट्ठिमखिदीय जेट्ठम्मि । सेसं णियणियइंदयसंखाभजिदम्मि हाणिवड्ढीओ ॥ २०८
तेरहउवही पढमे दोद्दोजुत्ता यं[2] जाव तेत्तीसं । एक्कारसेहि भजिदा बिदियखिदीयिंदयाण[3] जेट्ठाऊ ॥ २०९

१३	१५	१७	१९	२१	२३	२५	२७	२५	३१	३३
११	११	११	११	११	११	११	११	११	११	११

इगतीसउवहिउवमा पभओ चउवड्ढिदा य पत्तेक्कं । जा तेसठि णवभजिदं एदं तदियावणिम्मि जेट्ठाऊ ॥ २१०

३१	३५	३९	४३	४७	५१	५५	५९	६३
९	९	९	९	९	९	९	९	९

रत्नप्रभा पृथिवीके चतुर्थ पंचमादि इन्द्रकोंमें क्रमशः दशसे भाजित एक, दो, तीन, चार, पांच, छह, सात, आठ, नौ और दश सागरोपमप्रमाण उत्कृष्ट आयु है ॥ २०७ ॥

भ्रांत इं. १/१०; उद्भ्रांत इं. २/१०; सं. ३/१०; असं. ४/१०; विभ्रां. ५/१०; तप्त ६/१०; त्रसित ७/१०; वक्रां. ८/१०; अव. ९/१०; विक्रां. १०/१० सा.

उपरिम पृथिवीकी उत्कृष्ट आयुको नीचेकी पृथिवीकी उत्कृष्ट आयुमेंसे कम करके शेषमें अपने अपने इन्द्रकोंकी संख्याका भाग देनेपर जो लब्ध आवे, उतना विवक्षित पृथिवीमें आयुकी हानि-वृद्धिका प्रमाण जानना चाहिये ॥ २०८ ॥

उदाहरण—द्वि. उ. आयु. सा. ३ – १ ÷ ११ = २/११ द्वि. पृ. में आयुकी हा. वृ.

द्वितीय पृथिवीके ग्यारह इन्द्रकोंमेंसे प्रथम इन्द्रकमें ग्यारहसे भाजित तेरह (१३/११) सागरोपमप्रमाण उत्कृष्ट आयु है। इसमें तेतीस (३३/११) प्राप्त होनेतक ग्यारहसे भाजित दो दो (२/११) को मिलानेपर क्रमशः द्वितीय पृथिवीके शेष द्वितीयादि इन्द्रकोंकी उत्कृष्ट आयुका प्रमाण होता है ॥ २०९ ॥

स्तनक इं. १३/११; त. १५/११; म. १७/११; व. १९/११; घा. २१/११; सं. २३/११; जिह्वा. २५/११; जिह्वक २७/११; लोल २९/११; लोलक ३१/११; स्त. लो. ३३/११ सा. ।

तृतीय पृथिवीमें नौसे भाजित इकतीस (३१/९) सागरोपम प्रभव या आदि है। इसके आगे प्रत्येक पटलमें नौसे भाजित चारकी (४/९) की तिरेसठ (६३/९) तक वृद्धि करनेपर उत्कृष्ट आयुका प्रमाण निकलता है ॥ २१० ॥

तप्त. ३१/९; शी. ३५/९; तपन. ३९/९; तापन. ४३/९; नि. ४७/९; प्रज्व. ५१/९; उज्व. ५५/९; संज्व. ५९/९; संप्रज्व. ६३/९ सा.

---

१ द ब सोहस. २ द दोद्दो जेट्ठा ब. ३ ब °खिदीयंदयाण.

बावण्णुदहीउवमा पभओ तियवड्ढिदा य पत्तेक्कं । सत्तरिपरियंतं ते सत्तहिदा तुरिमपुढविजेट्ठाऊ ॥ २११

५२	५५	५८	६१	६४	६७	७०
७	७	७	७	७	७	७

सगवण्णोवहिउवमा आदी सत्ताधिया य पत्तेक्कं । पणसीदीपरिअंतं पंचहिदा पंचमीय जेट्ठाऊ ॥ २१२

५७	६४	७१	७८	८५
५	५	५	५	५

छप्पण्णा इगिसट्ठी छासट्ठी[1] होंति उवहिउवमाणा । तियभजिदा मघवीए णारयजीवाण जेट्ठाऊ ॥ २१३

५६	६१	६६
३	३	३

सत्तमखिदिजीवाणं आऊ तेत्तीसउवहिउवमाणा । उवरिमउक्कस्साऊ समयजुदो[2] हेट्ठिमे जहण्णं खु ॥ २१४

३३ ।[3]

एवं सत्तखिदीणं पत्तेक्कं इंदयाण जो आऊ । सेढिविसेढिगदाणं सो चेय पइण्णयाणं पि ॥ २१५

। एवं आउ सम्मत्ता ।

चतुर्थ पृथिवीमें सातसे भाजित बावन सागरोपम प्रभव है। इसके आगे प्रत्येक पटलमें सत्तरपर्यन्त सातसे भाजित तीन ($\frac{३}{७}$) की वृद्धि करनेपर उत्कृष्ट आयुका प्रमाण निकलता है ॥ २११ ॥

आर. $\frac{५२}{७}$; मार $\frac{५५}{७}$ तार $\frac{५८}{७}$; चर्चा $\frac{६१}{७}$; तमक $\frac{६४}{७}$; वाद $\frac{६७}{७}$; ख. ख. $\frac{७०}{७}$ सा.।

पांचवीं पृथिवीमें पांचसे भाजित सत्तावन सागरोपम आदि है। अनन्तर प्रत्येक पटलमें पचासीतक पांचसे भाजित सात सात ($\frac{७}{५}$) के जोड़नेपर उत्कृष्ट आयुका प्रमाण जाना जाता है ॥ २१२ ॥

तमक $\frac{५७}{५}$; भ्र. $\frac{६४}{५}$; झ. $\frac{७१}{५}$; अंध. $\frac{७८}{५}$; ति. $\frac{८५}{५}$ सा.।

मघवी पृथिवीके तीन पटलोंमें नारकियोंकी उत्कृष्ट आयु क्रमसे तीनसे भाजित छप्पन, इकसठ और छ्यासठ सागरोपम है ॥ २१३ ॥

हिम. $\frac{५६}{३}$; वर्दल $\frac{६१}{३}$; लल्लंक $\frac{६६}{३}$ सा.।

सातवीं पृथिवीके जीवोंकी आयु तेतीस सागरोपमप्रमाण है। ऊपर ऊपरके पटलोंमें जो उत्कृष्ट आयु है, उसमें एक समय मिलानेपर वही नीचेके पटलोंमें जघन्य आयु हो जाती है ॥२१४॥

अवधिस्थान ३३ सा.

इसप्रकार सातों पृथिवियोंके प्रत्येक इन्द्रकमें जो उत्कृष्ट आयु कही गई है, वही वहांके श्रेणीबद्ध और विश्रेणीगत प्रकीर्णक बिलोंकी भी आयु समझना चाहिये ॥ २१५ ॥

इसप्रकार आयुका वर्णन समाप्त हुवा।

---

१ द ब बासट्ठी. २ द समओ जुदो, ब समउज्जुदो ३ द २० । ३३ ।, ब २२ । ३३ ।.

सत्ततिछदंडहत्थंगुलाणि कमसो हवंति घम्माए । चरिमिंदयम्मि उदओ दुगुणो दुगुणो य सेसपरिमाणं[1] ॥ २१६

दं ७, ह ३, अं ६ । दं १५, ह २, अं १२ । दं ३१, ह १ । दं ६२, ह २ । दं १२५ । दं २५० । दं ५०० ।

रयणप्पहपुढवीए उदओ[2] सीमंतणामपडलम्मि । जीवाणं हत्थतियं सेसेसुं हाणिवड्ढीओ ॥ २१७

ह ३ ।

आदी अंते सोहिय रूऊणिंदाहिदम्मि हाणिचया । मुहसहिदे खिदिसुद्धे णियणियपदरेसु उच्छेहो ॥ २१८

हाणिचयाण पमाणं घम्माए होंति दोण्णि हत्थाइं । अट्ठंगुलाणि अंगुलभागो दोहिं विहत्तो य[3] ॥ २१९

ह २ । अं ८ । भा $\frac{१}{२}$ ।

एक्कधणुमेक्कहत्थो सत्तरसंगुलदलं च णिरयम्मि । इगिदंडो तियहत्था सत्तरसं अंगुलाणि रोरुगए ॥ २२०

दं १, ह १, अं १७ । दं १, ह ३, अं १७ ।

घर्मा पृथिवीके अन्तिम इन्द्रकमें नारकियोंके शरीरकी उंचाई सात धनुष, तीन हाथ और छह अंगुल है । इसके आगे शेष पृथिवियोंके अन्तिम इन्द्रकोंमें रहनेवाले नारकियोंके शरीरकी उंचाईका प्रमाण उत्तरोत्तर इससे दुगुणा दुगुणा होता गया है ॥ २१६ ॥

घर्मा पृ. में शरीरकी उंचाई दं. ७, ह. ३, अं. ६; वंशा दं. १५, ह. २, अं. १२; मेघा दं. ३१, ह. १, अंजना दं. ६२, ह. २; अरिष्टा दं. १२५; मघवी दं. २५०; माघवी दं. ५०० ।

रत्नप्रभा पृथिवीके सीमन्त नामक पटलमें जीवोंके शरीरकी उंचाई तीन हाथ है । इसके आगे शेष पटलोंमें शरीरकी उंचाई हानि-वृद्धिको लिये हुए है ॥ २१७ ॥ सीमंत उंचाइ ह. ३ ।

अन्तमेंसे आदिको घटाकर शेषमें एक कम अपने इन्द्रकके प्रमाणका भागदेनेपर जो लब्ध आवे उतना प्रथम पृथिवीमें हानि-वृद्धिका प्रमाण है । इसे उत्तरोत्तर मुखमें मिलाने अथवा भूमिमेंसे कम करनेपर अपने अपने पटलोंमें उंचाईका प्रमाण ज्ञात होता है ॥ २१८ ॥

उदाहरण—अन्त ७ धनु. ३ हा. ६ अं.; आदि ३ हा.; इसे हाथोंमें परिवर्तित करके ३१$\frac{१}{४}$ − ३ ÷ (१३ − १) = २ हा. ८$\frac{१}{२}$ अं. हानि-वृद्धि ।

घर्मा पृथिवीमें इस हानि-वृद्धिका प्रमाण दो हाथ, आठ अंगुल और एक अंगुलका दूसरा भाग ($\frac{१}{२}$) है ॥ २१९ ॥ हा. २, अं. ८$\frac{१}{२}$ ।

प्रथम पृथिवीके निरय नामक द्वितीय पटलमें एक धनुष एक हाथ और सत्तरह अंगुलके आधे अर्थात् साढ़े आठ अंगुलप्रमाण, तथा रौरुक पटलमें एक धनुष, तीन हाथ और सत्तरह अंगुल प्रमाण शरीरकी उंचाई है ॥ २२० ॥

नरक प. में दं. १, हा. १, अं. $\frac{१७}{२}$; रौरुक प. में दं. १, ह. ३, अं. १७ ।

---

१ द सेसचरिमाणं. २ द ओदओ. ३ द दोहि विहत्थो य.

दो दंडा दो हत्था भंतम्मि विवड्ढमंगुलं होदि । उब्भंते दंडतियं दसंगुलाणि च उच्छेहो ॥ २२१

दं २, ह २, अं $\frac{3}{2}$ | दं ३, अंगु १० |

तिय दंडा दो हत्था अट्ठारह अंगुलाणि पव्वद्धं । संभंतणामइंदयउच्छेहो पढमपुढवीए ॥ २२२

दं ३, ह २, अं १८ भा $\frac{1}{2}$ |

चत्तारो चावाणिं सत्तावीसं च अंगुलाणिं पि । होदि असंभंतिंदयउदओ पढमाए पुढवीए ॥ २२३

दं ४, अं २७ ।

चत्तारो कोदंडा तिय हत्था अंगुलाणि तेवीसं । दलिदाणि होदि उदओ विब्भंतयणामि पडलम्मि ॥ २२४

दं ४, ह ३, अं $\frac{23}{2}$ |

पंच चिय कोदंडा एक्को हत्थो य वीस पव्वाणि । तत्तिंदयम्मि उदओ पण्णत्तो पढमखोणीए ॥ २२५

दं ५, ह १, अं २० ।

छ चिय कोदंडाणिं चत्तारो अंगुलाणि पव्वद्धं । उच्छेहो णादव्वो पडलम्मि य तसिदणामम्मि ॥ २२६

दं ६, अं ४ भा $\frac{1}{2}$ |

भ्रान्त पटलमें दो धनुष, दो हाथ और डेढ़ अंगुल; तथा उद्भ्रान्त पटलमें तीन धनुष और दश अंगुलप्रमाण शरीरका उत्सेध है ॥ २२१ ॥

भ्रान्त प. में दं. २, ह. २, अं. $\frac{3}{2}$; उद्भ्रांत प. में दं. ३. अं. १०

प्रथम पृथिवीके संभ्रान्त नामक इन्द्रकमें शरीरकी उंचाई तीन धनुष, दो हाथ और साढ़े अठारह अंगुल है ॥ २२२ ॥ संभ्रान्त प. में दं. ३, ह. २, अं. १८$\frac{1}{2}$.

प्रथम पृथिवीके असंभ्रान्त इन्द्रकमें नारकियोंके शरीरकी उंचाईका प्रमाण चार धनुष और सत्ताईस अंगुल है ॥ २२३ ॥ असंभ्रान्त प. में दं. ४. अं. २७.

विभ्रान्त नामक पटलमें चार धनुष, तीन हाथ और तेईस अंगुलके आधे अर्थात् साढ़े ग्यारह अंगुलप्रमाण उत्सेध है ॥ २२४ ॥ विभ्रान्त प. में दं. ४, ह. ३ अं. ११$\frac{1}{2}$.

प्रथम पृथिवीके तप्त इन्द्रकमें शरीरका उत्सेध पांच धनुष, एक हाथ और बीस अंगुलप्रमाण कहा गया है ॥ २२५ ॥ तप्त प. में दं. ५, ह. १, अं २०.

त्रसित नामक पटलमें नारकियोंके शरीरकी उंचाई छह धनुष और अर्ध अंगुलसहित चार अंगुलप्रमाण जानना चाहिये ॥ २२६ ॥ त्रसित प. में दं. ६, अं. ४$\frac{1}{2}$.

---

१ द सव्वंत्थ, ब सव्वत्थ.

बाणासणाणि छ बिय दो हत्था तेरसंगुलाणिं पि । वक्कंतणामपडले उच्छेहो पढमपुढवीए ॥ २२७

दं ६, ह २, अं १३ ।

सत्त य सरासणाणिं अंगुलया एक्कवीसपव्वद्धं । पडलम्मि य उच्छेहो होदि अवक्कंतणामम्मि ॥ २२८

दं ७, अं २१ भा $\frac{1}{2}$ ।

सत्त विसिखासणाणिं हत्थाइं तिण्णि छच्च अंगुलयं । चरमिंदयम्मि उदओ विक्कंते पढमपुढवीए ॥ २२९

दं ७, ह ३, अं ६ ।

दो हत्था वीसंगुल एक्कारसभजिददो वि पव्वाइं । एयाइं वड्ढीओ मुहसहिदा[1] होंति उच्छेहो ॥ २३०

ह २, अं २० भा $\frac{2}{11}$ ।

अट्ठ विसिहा[2]सणाणिं दो हत्था अंगुलाणि चउवीसं । एक्कारसभजिदाइं उदवो पुण बिदियवसुहाए ॥ २३१

दं ८, ह २, अं $\frac{24}{11}$ ।

णव दंडा बावीसंगुलाणि एक्कारसम्मि चउपव्वं । भजिदाओ सो भागो बिदिए वसुहाय उच्छेहो ॥ २३२

दं ९, अं २२ भा $\frac{4}{11}$ ।

प्रथम पृथिवीके वक्रान्त नामक पटलमें शरीरका उत्सेध छह धनुप, दो हाथ और तेरह अंगुल है ॥ २२७ ॥ वक्रान्त प. में दं. ६, ह. २, अं. १३.

अवक्रान्त नामक पटलमें सात धनुप, और साढ़े इक्कीस अंगुलप्रमाण शरीरका उत्सेध है ॥ २२८ ॥ अवक्रान्त प. में दं. ७, अं. २१$\frac{1}{2}$.

प्रथम पृथिवीके विक्रान्त नामक अन्तिम इन्द्रकमें शरीरका उत्सेध सात धनुप, तीन हाथ और छह अंगुल है ॥ २२९ ॥ विक्रान्त प. में दं. ७, ह. ३, अं. ६.

वंशा पृथिवीमें दो हाथ, बीस अंगुल और ग्यारहसे भाजित दो भागप्रमाण प्रत्येक पटलमें वृद्धि होती है । इस वृद्धिको मुख अर्थात् प्रथम पृथिवीके उत्कृष्ट उत्सेध-प्रमाणमें उत्तरोत्तर मिलाते जानेसे क्रमशः द्वितीय पृथिवीके प्रथमादि पटलोंमें उत्सेधका प्रमाण निकलता है ॥ २३० ॥ ह. २, अं. २०$\frac{2}{11}$.

द्वितीय पृथिवीके (स्तनक नामक प्रथम इन्द्रकमें) नारकियोंके शरीरका उत्सेध आठ धनुष, दो हाथ और ग्यारहसे भाजित चौबीस अंगुलप्रमाण है ॥ २३१ ॥

स्तनक प. में दं. ८, ह. २, अं. $\frac{24}{11}$.

दूसरी पृथिवीके (तनक नामक द्वितीय पटलमें) नौ धनुष, बाईस अंगुल और ग्यारहसे भाजित चार भागप्रमाण शरीरका उत्सेध है ॥ २३२ ॥ तनक प. में दं. ९, अं २२$\frac{4}{11}$.

---

१ द ब °सहिदे. २ द अट्ठ विहासणाणिं.

णव दंडा तियहत्थं चउरुत्तरदोसयाणि पव्वाणिं । एक्कारसभजिदाइं उदओ मणइंदयम्मि जीवाणं ॥ २३३

दं ९, ह ३, अं १८ भा $\frac{6}{11}$

दस दंडा दो हत्था चोद्दस पव्वाणि अट्ठ भागा य । एक्कारसेहिं भजिदा उदओ वणगिंदयम्मि[1] बिदियाए ॥ २३४

दं १०, ह २, अं १४ भा $\frac{8}{11}$

एक्कारस चावाणिं एक्को हत्थो दसंगुलाणिं पि । एक्कारसहिददसंसा उदओ घादिंदयम्मि[2] बिदियाए ॥ २३५

दं ११, ह १, अं १० भा $\frac{10}{11}$

बारस सरासणाणिं पव्वाणिं अट्ठहत्तरी होंति । एक्कारसभजिदाणिं संघादे णारयाण उच्छेहो ॥ २३६

दं १२, अं $\frac{78}{11}$

बारस सरासणाणिं तिय हत्था तिण्णि अंगुलाणिं च । एक्कारसहियतिभाया उदओ जिब्भिदयम्मि बिदियाए ॥ २३७[3]

दं १२, ह ३, अं ३ भा $\frac{3}{11}$

तेवण्णाण य हत्था तेवीसा अंगुलाणि पण भागा । एक्कारसेहिं भजिदा[4] जिब्भगपडलम्मि उच्छेहो ॥ २३८

ह ५३, अं २३ भा $\frac{5}{11}$

मन इन्द्रकमें जीवोंके शरीरका उत्सेध नौ धनुष, तीन हाथ और ग्यारहसे भाजित दोसौ चार अंगुलप्रमाण है ॥ २३३ ॥ मनक प. में दं. ९, ह. ३, अं. $\frac{२०४}{११}$ (१८$\frac{६}{११}$).

दूसरी पृथिवीके वनक इन्द्रकमें शरीरका उत्सेध दश धनुष, दो हाथ, चौदह, अंगुल और आठ अंगुलोंका ग्यारहवां भाग है ॥ २३४ ॥ वनक प. में दं. १०, ह. २, अं. १४$\frac{८}{११}$.

द्वितीय पृथिवीके घात इन्द्रकमें ग्यारह धनुष, एक हाथ, दश अंगुल और ग्यारहसे भाजित दश भागप्रमाण शरीरका उत्सेध है ॥ २३५ ॥ घात प. में दं. ११, ह. १, अं. १०$\frac{१०}{११}$.

संघात इन्द्रकमें नारकियोंके शरीरका उत्सेध बारह धनुष, और ग्यारहसे भाजित अठहत्तर अंगुलप्रमाण है ॥ २३६ ॥ संघात प. में दं. १२, अं. $\frac{७८}{११}$ (७$\frac{१}{११}$).

द्वितीय पृथिवीके जिह्व इन्द्रकमें शरीरका उत्सेध बारह धनुष, तीन हाथ, तीन अंगुल और ग्यारहसे भाजित तीन भागप्रमाण है ॥ २३७ ॥ जिह्व प. में दं. १२, ह. ३, अं. ३$\frac{३}{११}$.

जिह्वक पटलमें शरीरका उत्सेध तिरेपन हाथ, तेईस अंगुल और एक अंगुलके ग्यारह भागोंमेंसे पांच भागमात्र है ॥ २३८ ॥ जिह्वक प. में ह. ५३, अं. २३$\frac{५}{११}$.

---

१ द ब तणगिंदयम्मि. २ ब घादिंदियम्मि. ३ द-पुस्तक एव. ४ द भजिदाणं.

चोद्दस दंडा सोलसजुत्ताणिं दोसयाणि पव्वाणिं । एक्कारसभजिदाइं लोलाणामम्मि उच्छेहो ॥ २३९

दं १४, अं $\frac{२१६}{११}$

एक्कोणसट्ठि हत्था पण्णरसं¹ अंगुलाणि णव भागा । एक्कारसेहिं भजिदा लोलयणामम्मि उच्छेहो ॥ २४०

ह ५९, अं १५ भा $\frac{९}{११}$

पण्णरसं² कोदंडा दो हत्था बारसंगुलाणिं च । अंतिमपडले थणलोलम्मि³ बिदियाय उच्छेहो ॥ २४१

दं १५, ह २, अं १२ ।

एक्क धणू दो हत्थो⁴ बावीसं अंगुलाणि दो भागा । तियभजिदा णादव्वा⁵ मेघाए हाणिवुड्ढीओ⁶ ॥ २४२

ध १, ह २, अं २२ भा $\frac{२}{३}$

सत्तरसं चावाणिं चोत्तीसं अंगुलाणि दो भागा । तियभजिदा मेघाए उदओ तत्तिंदयम्मि जीवाणं ॥ २४३

ध १७, अं ३४ भा $\frac{२}{३}$

एक्कोणवीस दंडा अट्ठावीसंगुलाणि तिहिदाणि⁷ । सीदिंदयम्मि⁸ तदियक्खोणीए णारयाण उच्छेहो ॥ २४४

ध १९, अं $\frac{२८}{३}$

लोल नामक पटलमें शरीरका उत्सेध चौदह धनुष और ग्यारहसे भाजित दोसौ सोलह अंगुलमात्र है ॥ २३९ ॥ लोल प. में दं. १४, अं. $\frac{२१६}{११}$ (१९$\frac{७}{११}$).

लोलक नामक पटलमें नारकियोंके शरीरकी उंचाई उनसठ हाथ, पन्द्रह अंगुल और ग्यारहसे भाजित अंगुलके नौ भागप्रमाण है ॥ २४० ॥ लोलक प. में ह. ५९, अं. १५$\frac{९}{११}$.

द्वितीय पृथिवीके स्तनलोलक अन्तिम पटलमें पन्द्रह धनुष, दो हाथ और बारह अंगुलप्रमाण शरीरका उत्सेध है ॥ २४१ ॥ स्तन. प. में दं. १५, ह. २, अं. १२.

मेघा पृथिवीमें एक धनुष, दो हाथ, बाईस अंगुल और तीनसे भाजित एक अंगुलके दो भागप्रमाण हानि-वृद्धि जानना चाहिये ॥ २४२ ॥ दं. १, ह. २, अं. २२$\frac{२}{३}$ हा. वृ.

मेघा पृथिवीके तप्त इन्द्रकमें जीवोंके शरीरका उत्सेध सत्तरह धनुष, चौंतीस अंगुल और तीनसे भाजित अंगुलके दो भागप्रमाण है ॥ २४३ ॥ तप्त प. में दं. १७, अं.३४$\frac{२}{३}$.

तीसरी पृथिवीके शीत इन्द्रकमें नारकियोंका उत्सेध उन्नीस धनुष और तीनसे भाजित अट्ठाईस अंगुलमात्र है ॥ २४४ ॥ शीत प. में. दं. १९, अं. $\frac{२८}{३}$ (९$\frac{१}{३}$).

---

१ ब पणरस. २ ब पण्णरस. ३ ब घणलोलगम्मि. ४ द हत्थ. ५ द णादव्वो, ब णायव्वो. ६ द वड्ढीओ. ७ ब तिहिदाणं. ८ द तसिदिंदियंमि, ब तसिदिंदयंमि.

वीसस्स दंडसहियं सीदीए अंगुलाणि होदि तदा । तदियाए पुढवीए तवणिंदयणारयम्मि उच्छेहो ॥ २४५

ध २०, अं ८० ।

णउदिपमाणा हत्था तीहि[2] विहत्ताणि वीस पव्वाणि । मेघाए तावणिंदयठिदाण[3] जीवाण उच्छेहो ॥ २४६

ह ९०, अं $\frac{२०}{३}$

सत्ताणउदी हत्था सोलस पव्वाणि तियविहत्ताणि । उदओ णिदाघणामाए पडले णारया जीवा ॥ २४७

ह ९७, अं $\frac{१६}{३}$

छव्वीसं चावाणिं चत्तारी अंगुलाणि मेघाए । पज्जलिदणामपडले ठिदाण जीवाण उच्छेहो ॥ २४८

ध २६, अं ४ ।

सत्तावीसं दंडा तियहत्था अट्ठ अंगुलाणिं च । तियभजिदाइं उदओ उज्जलिदे[4] णारयाण णादव्वो ॥ २४९

ध २७, ह ३ भा $\frac{८}{३}$

एक्कोणतीसं[5] दंडा दो हत्था अंगुलाणि चत्तारिं । तियभजिदाइं उदओ संजलिदे तदियपुढवीए[6] ॥ २५०

ध २९, ह २, अं $\frac{४}{३}$

तीसरी पृथिवीके तपन इन्द्रक बिलमें शरीरका उत्सेध बीस धनुष सहित अस्सी अंगुलप्रमाण है ॥ २४५ ॥ तपन प. में. दं. २०, अं. ८० (ह. ३, अं. ८).

मेघा पृथिवीके तापन इन्द्रकमें स्थित जीवोंके शरीरका उत्सेध नब्बै हाथ और तीनसे भाजित बीस अंगुलमात्र है ॥ २४६ ॥ तापन प. में ह. ९०, अं. $\frac{२०}{३}$ (दं. २२, ह. २, अं. ६$\frac{२}{३}$).

निदाघ नामक पटलमें नारकी जीवोंके शरीरकी उंचाई सत्तानबै हाथ और तीनसे भाजित सोलह अंगुलमात्र है ॥ २४७ ॥ निदाघ प. में. ह. ९७, अं. $\frac{१६}{३}$ (दं. २४, ह. १, अं. ५$\frac{१}{३}$).

मेघा पृथिवीके प्रज्वलित नामक पटलमें स्थित जीवोंके शरीरका उत्सेध छब्बीस धनुष और चार अंगुलप्रमाण है ॥ २४८ ॥ प्रज्वलित प. में. दं. २६, अं. ४.

उज्वलित इन्द्रकमें नारकियोंके शरीरका उत्सेध सत्ताईस धनुष, तीन हाथ और तीनसे भाजित आठ अंगुलमात्र है ॥ २४९ ॥ उज्वलित प. में ध. २७, ह. ३, अं. $\frac{८}{३}$.

तीसरी पृथिवीके संज्वलित इन्द्रकमें शरीरका उत्सेध उनतीस धनुष, दो हाथ और तीनसे भाजित चार अंगुलमात्र है ॥ २५० ॥ संज्व. प. में. ध. २९, ह. २, अं. $\frac{४}{३}$ (१$\frac{१}{३}$).

१ द ब तदियं चयपुढवीए. २ द तीयविहत्थाणि, ब तादिविहत्ताणि. ३ द ब तवणिंदय. ४ द उज्जलिदो. ५ ब एकोणतीस. ६ ब संजलिततदिय°.

इकतीसं दंडाइं एक्को हत्थो अ तदियपुढवीए[1] । संपज्जलिदे[2] चरिमिंदयणारइयाण[3] होदि उच्छेहो ॥ २५१

ध ३१, ह १ ।

चउ दंडा इगि हत्थो पव्वाणिं वीस सत्तपविहत्ता । चउ भागा तुरिमाए पुढवीए हाणिवड्ढीओ ॥ २५२

ध ४, ह १, अं २० भा $\frac{४}{७}$

पणतीसं दंडाइं हत्थाइं दोण्णि वीस पव्वाणिं । सत्तहिदा चउभागा उदओ आरट्ठिदाण जीवाणं ॥ २५३

ध ३५, ह २, अं २० भा $\frac{४}{७}$

चालीसं कोदंडा वीसब्भहिअं सयं च पव्वाणिं । सत्तहिदा उच्छेहो तुरिमाए[4] मारपडलजीवाणं ॥ २५४

ध ४०, अं $\frac{१२०}{७}$

चउदालं चावाणिं दो हत्था अंगुलाणि छण्णउदी । सत्तहिदा उच्छेहो तारिंदयसंठिदाण जीवाणं ॥ २५५

ध ४४, ह २, अं $\frac{९६}{७}$

एक्कोणवण्ण दंडा बाहत्तरि अंगुला य सत्तहिदा । तच्चिंदयम्मि[5] तुरिमक्खोणीए णारयाण उच्छेहो ॥ २५६

ध ४९, अं $\frac{७२}{७}$

तीसरी पृथिवीके संप्रज्वलित नामक अंतिम इन्द्रकमें नारकियोंके शरीरका उत्सेध इकतीस धनुष और एक हाथप्रमाण है ॥ २५१ ॥ संप्रज्व. प. में ध. ३१, ह. १.

चतुर्थ पृथिवीमें चार धनुष, एक हाथ, बीस अंगुल और सातसे भाजित चार भाग-प्रमाण हानि-वृद्धि है ॥ २५२ ॥ ध. ४, ह. १, अं. २० $\frac{४}{७}$. हा. वृ.

आर पटलमें स्थित जीवोंके शरीरका उत्सेध पैंतीस धनुष, दो हाथ, बीस अंगुल और सातसे भाजित चार भागप्रमाण है ॥ २५३ ॥ आर प. में ध. ३५, ह. २, अं. २० $\frac{४}{७}$.

चतुर्थ पृथिवीके मार नामक पटलमें रहनेवाले जीवोंके शरीरकी उंचाई चालीस धनुष और सातसे भाजित एकसौ बीस अंगुलप्रमाण है ॥ २५४ ॥ मार प. में. ध. ४०, अं. $\frac{१२०}{७}$ (१७ $\frac{१}{७}$).

चतुर्थ पृथिवीके तार इन्द्रकमें स्थित जीवोंके शरीरका उत्सेध चवालीस धनुष, दो हाथ और सातसे भाजित छ्यानबै अंगुलमात्र है ॥ २५५ ॥

तार प. में ध. ४४, ह. २, अं. $\frac{९६}{७}$ (१३ $\frac{५}{७}$).

चतुर्थ पृथिवीमें तत्व (चर्चा) इन्द्रकमें नारकियोंके शरीरका उत्सेध उनंचास धनुष और सातसे भाजित बहत्तर अंगुलमात्र है ॥ २५६ ॥ चर्चा. प. में ध. ४९, अं. $\frac{७२}{७}$ (१० $\frac{२}{७}$).

---

१ ब तदिइ. २ द ब संजलिदे. ३ द ब णारइया. ४ द ब पंचाए. ५ द ब तचिंदयम्मि.

तेवण्णा चावाणिं दो हत्था अट्ठताल पव्वाणि । सत्तहिदाणि उदओ दमगिंदयसंठियाण जीवाणं ॥ २५७

ध ५३, ह २, अं ४८/७

अट्ठावण्णा दंडा सत्तहिदा अंगुला य चउवीसं । वादिंदयम्मि तुरिमक्खोणीए णारयाण उच्छेहो ॥ २५८

ध ५८, अं २४/७

बासट्ठी कोदंडा हत्थाइं दोण्णि तुरिमपुढवीए । चरिमिंदयम्मि खलखलणामाए णारयाण उच्छेहो ॥ २५९

दं ६२, ह २ ।

बारस सरासणाणिं दो हत्था पंचमीय पुढवीए । खयवड्ढीय पमाणं णिद्दिट्ठं वीयराएहिं ॥ २६०

दं १२, ह २ ।

पणहत्तरिपरिमाणा कोदंडा पंचमीय पुढवीए । पढमिंदयम्मि उदओ तमणामे संठिदाण जीवाणं ॥ २६१

दं ७५ ।

सत्तासीदी दंडा दो हत्था पंचमीए खोणीए । पडलम्मि य भमणामे णारयजीवाण उच्छेहो ॥ २६२

दं ८७, ह २ ।

एक्कं कोदंडसयं झसणामे णारयाण उच्छेहो । चावाणि बारसुत्तरसयमेक्कं अंधयम्मि दो हत्था ॥ २६३

दं १०० ।　　　　दं ११२, ह २ ।

तमक इन्द्रकमें स्थित जीवोंके शरीरका उत्सेध तिरेपन धनुष, दो हाथ और सातसे भाजित अड़तालीस अंगुलप्रमाण है ॥ २५७ ॥ तमक प. में ध. ५३, ह. २, अं. ४८/७ (६$\frac{६}{७}$).

चतुर्थ पृथिवीके वाद इन्द्रकमें नारकियोंके शरीरका उत्सेध अट्ठावन धनुष और सातसे भाजित चौबीस अंगुल है ॥ २५८ ॥ वाद प. में ध. ५८, अं. २४/७ (३$\frac{३}{७}$).

चतुर्थ पृथिवीके खलखल नामक अन्तिम इन्द्रकमें नारकियोंके शरीरका उत्सेध बासठ धनुष और दो हाथप्रमाण है ॥ २५९ ॥ खलखल प. में ध. ६२, ह. २.

वीतरागदेवने पांचवीं पृथिवीमें क्षय व वृद्धिका प्रमाण बारह धनुष और दो हाथ बतलाया है ॥ २६० ॥ ध. १२, ह. २ हा. वृ.

पांचवीं पृथिवीके तम नामक प्रथम इन्द्रकमें स्थित जीवोंके शरीरकी उंचाई पचहत्तर धनुषप्रमाण है ॥ २६१ ॥ तम प. में ध. ७५.

पांचवीं पृथिवीके भ्रम नामक पटलमें नारकी जीवोंके शरीरका उत्सेध सतासी धनुष और दो हाथप्रमाण है ॥ २६२ ॥ भ्रम प. में ध. ८७, ह. २.

झष नामक पटलमें एकसौ धनुष, तथा अंधक पटलमें एकसौ बारह धनुष और दो हाथ-प्रमाण नारकियोंके शरीरकी उंचाई है ॥ २६३ ॥

झष प. में ध. १०० । अंधक प. में ध. ११२, ह. २.

---

१ ब तेणाव.

एक्कं कोदंडसयं अब्भहियं पंचवीसरूवेहिं । धूमप्पहाए[1] चरिमिंदयम्मि तिमिसयम्मि उच्छेहो ॥ २६४

दं १२५ ।

एक्कत्तालं दंडा हत्थाइं दोण्णि सोलसंगुलया । छट्टीए वसुहाए परिमाणं हाणिवड्ढीए[2] ॥ २६५

दं ४१, ह २, अं १६ ।

छासट्ठीअधियसयं कोदंडा दोण्णि होंति हत्था य । सोलस पव्वा य पुढं हिमपडलगदाण उच्छेहो ॥ २६६

दं १६६, ह २, अं १६ ।

दोण्णि सयाणिं अट्ठाउत्तरदंडाणि अंगुलाणं च । बत्तीसं छट्ठीए वद्दलठिदजीवे[3]उच्छेहो ॥ २६७

दं २०८, अं ३२ ।

पण्णासब्भहियाणिं दोण्णि सयाणिं सरासणाणिं च । ललंकणामइंदयठिदाण जीवाण उच्छेहो ॥ २६८

दं २५० ।

पंचसयाइ धणूणिं सत्तमअवणीइ अवधिठाणम्मि । सव्वेसिं णिरयाणं काउच्छेहो जिणादेसो ॥ २६९

दं ५०० ।

एवं रयणादीणं पत्तेक्कं इंदयाण जो उदओ । सेढिविसेढिगदाणं पइण्णयाणं च सो चेअ ॥ २७०

। इदि णारयाण उच्छेहो सम्मत्तो[4] ।

धूमप्रभा पृथिवीके तिमिश्र नामक अन्तिम इन्द्रकमें नारकियोंके शरीरका उत्सेध पच्चीस अधिक एकसो अर्थात् एकसौ पच्चीस धनुषमात्र है ॥ २६४ ॥ तिमिश्र. प. में ध. १२५.

छठी पृथिवीमें हानि-वृद्धिका प्रमाण इकतालीस धनुष, दो हाथ और सोलह अंगुल है ॥ २६५ ॥ ध. ४१, ह. २, अं. १६ हा. वृ.

हिम पटलगत जीवोंके शरीरकी उंचाई एकसौ छयासठ धनुष, दो हाथ और सोलह अंगुलप्रमाण है ॥ २६६ ॥ हिम प. में दं. १६६, ह. २ अं. १६.

छठी पृथिवीके वर्दल पटलमें स्थित जीवोंके शरीरका उत्सेध दोसौ आठ धनुष और बत्तीस अंगुलप्रमाण है ॥ २६७ ॥ वर्दल प. में दं. २०८, अं. ३२ (१ ह. ८ अं.).

लल्लंक नामक इन्द्रकमें स्थित जीवोंके शरीरका उत्सेध दोसौ पचास धनुषमात्र है ॥ २६८ ॥ लल्लंक प. में दं. २५०.

सातवीं पृथिवीके अवधिस्थान इन्द्रकमें पांचसौ धनुषप्रमाण नारकियोंके शरीरका उत्सेध है । इसप्रकार जिन भगवान्‌ने सम्पूर्ण नारकियोंके शरीरका उत्सेध कहा है ॥ २६९ ॥

अवधिस्थान. प. में दं. ५००.

इसप्रकार रत्नप्रभादिक पृथिवियोंके प्रत्येक इन्द्रकोंमें जो शरीरका उत्सेध है, वही उत्सेध उन उन पृथिवियोंके श्रेणीबद्ध और विश्रेणीगत प्रकीर्णक बिलोंमें भी जानना चाहिये ॥ २७० ॥

इसप्रकार नारकियोंके शरीरका उत्सेधप्रमाण समाप्त हुआ ।

१ द धूमप्पहाय. २ द छ्ट्ठाए. ३ द वंदलट्ठिदलजीव°. ४ द समत्ता.

रयणप्पहावणीए कोसा चत्तारि ओहिणाणखिदी । तप्परदो पत्तेक्कं परिहाणी गाउदद्धेण ॥ २७१

को ४ । ७/२ । ३ । ५/२ । २ । ३/२ । १ ।

। ओही सम्मत्ता ।

गुणजीवा पज्जत्ती पाणा सण्णा य मग्गणा कमसो । उवजोगा कहिदव्वा णारइयाणं जहाजोग्गं[1] ॥ २७२

चत्तारो गुणठाणा णारयजीवाण होंति सव्वाणं । मिच्छाइट्ठी सासणमिस्सो य तहा य अविरदो सम्मो ॥ २७३

ताण यपच्चक्खाणावरणोदयसहिदसव्वजीवाणं । हिंसाणंदजुदाणं णाणाविहसंकिलेसपउराणं ॥ २७४

देसविरदादिउवरिमदसगुणठाणाणं[2] हेदुभूदाओ । जाओ विसोधियाओ[3] कइया वि ण ताओ जायंति ॥ २७५

पज्जत्तापज्जत्ता जीवसमासा य होंति एदाणं । पज्जत्ती छब्भेया तेत्तियमेत्ता अपज्जत्ती ॥ २७६

पंच वि इंदियपाणा मणवचिकायाणि आउपाणा य । आणप्पाणप्पाणा दस पाणा होंति चउ सण्णा ॥ २७७

णिरयगदीए सहिदा पंचक्खा तह य होंति तसकाया । चउमणवचदुगवेगुव्वियकम्मइयसरीरजोगजुदा ॥ २७८

रत्नप्रभा पृथिवीमें अवधिज्ञानका क्षेत्र चार कोसमात्र है । इसके आगे प्रत्येक पृथिवीमें उक्त अवधि-क्षेत्रमेंसे अर्ध गव्यूतिकी कमी होती चली गई है ॥ २७१ ॥

र. प्र. को. ४; श. प्र. ७/२; वा. प्र. ३; पं. प्र. ५/२; धू. प्र. २; त. प्र. ३/२; म. प्र. १ को.

इसप्रकार अवधिज्ञानका क्षेत्र समाप्त हुआ ।

अब इस समय नारकी जीवोंमें यथायोग्य क्रमसे गुणस्थान, जीवसमास, पर्याप्ति, प्राण, संज्ञा, मार्गणा और उपयोग (ज्ञान-दर्शन), इनका कथन करने योग्य है ॥ २७२ ॥

सब नारकी जीवोंके मिथ्यादृष्टि, सासादन, मिश्र और अविरतसम्यग्दृष्टि, ये चार गुण-स्थान हो सकते हैं ॥ २७३ ॥

अप्रत्याख्यानावरण कषायके उदयसे सहित, हिंसामें आनन्द माननेवाले और नानाप्रकारके प्रचुर दुःखोंसे संयुक्त उन सब नारकी जीवोंके देशविरत आदिक उपरितन दश गुणस्थानोंके हेतुभूत, जो विशुद्ध परिणाम हैं, वे कदाचित् भी नहीं होते हैं ॥ २७४–२७५ ॥

इन नारकी जीवोंके पर्याप्त और अपर्याप्त दोनों ही जीवसमास होते हैं । इनमेंसे पर्याप्तिके छह और अपर्याप्तिके भी इतने (छह) ही भेद हैं ॥ २७६ ॥

नारकी जीवोंके पांचों इन्द्रिय प्राण, मन-वचन-काय ये तीनों बलप्राण, आयुप्राण और आनप्राण (श्वासोच्छ्वास) प्राण, ये दशों प्राण तथा आहार, भय, मैथुन और परिग्रह, ये चारों संज्ञायें होती हैं ॥ २७७ ॥

सब नारकी जीव नरकगतिसे सहित; पंचेन्द्रिय; त्रसकायवाले; सत्य, असत्य, उभय और अनुभय, इन चार मनोयोग, चारों वचनयोग, तथा दो वैक्रियिक (वैक्रियिक, वैक्रियिकमिश्र), कार्मण, इन तीन काययोगोंसे संयुक्त; द्रव्य और भावसे नपुंसकवेदवाले; सम्पूर्ण कषायोंमें आसक्त; मति, श्रुत,

---

१ द जहाजोगं. २ द ब °गुणठाणाणि. ३ ब उवसोधियाउ.

होंति णपुंसयवेदा णारयजीवा य दव्वभावेहिं । सयलकसायासत्ता संजुत्ता णाणछक्केण ॥ २७९
सव्वे णारइया खलुं[1] विविहेहिं असंजमेहिं परिपुण्णा । चक्खुअचक्खूओहीदंसणतिदएग जुत्ता य ॥ २८०
भावेसुं तियलेस्सा ताओ किण्हा य णीलकाओदा । दव्वेणुक्कडकिण्हा[2] भव्वाभव्वा य ते सव्वे ॥ २८१
छस्सम्मत्ता ताइं उवसमखइयाइवेदगंमिच्छो । सासणमिस्सा[3] य तहा संणी आहारिणो अणाहारा ॥ २८२
सायारअणायारा उवयोगा दोण्णि होंति तेसिं च । तिव्वकसाएण जुदा तिव्वोदयअप्पसत्थपयडिजुदा ॥ २८३

। गुणठाणादी सम्मत्ता ।

पढमधरंतमसण्णी पढमंबिदियासु सरिसओ जादि । पढमादीतादियंतं पक्खि भुयंगादि थायए[4] तुरिमं ॥ २८४
पंचमखिदिपरियंतं सिंहो इत्थी वि छट्ठखिदिअंतं । आसत्तमभूवलयं मच्छो मणुवो य वच्चंति ॥ २८५
अट्ठसगछक्कपणचउतियदुगवारो य सत्तपुढवीसु । कमसो उप्पज्जंते असंणिपमुहाइ उक्कस्से ॥ २८६

। उप्पण्णमाणजीवाणं वण्णणा सम्मत्ता ।

